सुविचार
सपने के सच होने की संभावना ही जिंदगी को रोमांचक बनाती है।

कुल पेज 16, मूल्य ₹ 6.00
वर्ष 20, अंक 02

# दैनिक भास्कर
देश का नंबर 1 अखबार
सच्ची बात, बेधड़क

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 78,151.45 | ↑ | +964.58 |
| डॉलर | 96.30 | ↓ | -0.12 |

देश में अब तक बारिश: 238 मिमी (-24.1% मिमी)

| | अब तक | कम/ज्यादा |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 156.2 मिमी | -6.9 मिमी |

नई दिल्ली, शनिवार, 18 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष-पंचमी, 2083 | 12 राज्य | 61 संस्करण


भविष्य में हमारे बच्चे कैसे स्वस्थ और सुंदर होंगे... नोबेल विजेता लेखक **डेरोन एस्मोगलु** का विशेष लेख। पढ़िए पेज 08 पर

**तैयारी** • पॉलीमर शीट कंपनियों से निविदाएं मंगाईं, 18 अगस्त को टेंडर

# 10 और 20 रु. के प्लास्टिक नोट अगले साल आ सकते हैं

अनिरुद्ध शर्मा | नई दिल्ली

देश में अगले साल से प्लास्टिक के नोट चलन में आ सकते हैं। शुरुआत 10 और 20 रुपए के छोटे नोटों से होगी। भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण प्रा. लि. की बेंगलुरु इकाई ने ओपेसिफाइड पॉलीमर सब्सट्रेट शीटों की आपूर्ति के लिए दुनियाभर की कंपनियों से निविदाएं आमंत्रित की हैं। यह टेंडर 18 अगस्त को खुलेगा। देश में प्लास्टिक नोट की शीट बनाने वाली कंपनियां नहीं हैं। हाल ही में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा था कि 10 और 20 रुपए के पॉलीमर नोटों का प्रस्ताव विचाराधीन है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने पर स्टडी चल रही है। पटना-मुंबई में हुई आरबीआई की बोर्ड मीटिंग में इस पर चर्चा हुई थी।

आरबीआई के मुताबिक, 10 और 20 रु. के नोट सबसे अधिक चलन में रहते हैं और जल्दी खराब हो जाते हैं। इससे हर साल बड़ी संख्या में नोट बदलने पड़ते हैं। इन पर हजारों करोड़ रुपए का खर्च आता है। पॉलीमर नोट सामान्य कागजी नोटों की तुलना में दो से तीन गुना अधिक समय तक चलते हैं। पानी और गंदगी से कम प्रभावित होते हैं। इनमें नकली नोटों पर अंकुश लगाने के लिए बेहतर फीचर जैसे पारदर्शी विंडो, उन्नत सुरक्षा धागा और एडवांस होलोग्राफिक फीचर भी जोड़े जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और ब्रिटेन सहित 60 देशों में चुनिंदा मूल्यवर्ग के पॉलीमर नोट पहले से चलन में हैं।

बीते 16 वर्षों में पॉलीमर करेंसी को चलन में लाने का देश में यह तीसरा प्रयास है। 2010 से 2014 के बीच और 2017 में पॉलीमर करेंसी छापने और कुछ शहरों में सीमित परीक्षण की योजना बनी थी लेकिन तकनीकी व परिचालन चुनौतियों के चलते किसी अंजाम तक नहीं पहुंची।

**भास्कर एक्सप्लेनर**

## 16 साल में तीसरी कोशिश, पर इस बार ज्यादा उम्मीद

- **भारत में प्लास्टिक नोटों की प्रक्रिया कब से शुरू हुई?** अप्रैल 2010 में आरबीआई ने प्री-क्वालिफिकेशन नोटिस जारी किया। 8 कंपनियों ने रुचि दिखाई। 2013-14 तक प्रक्रिया चली।
- **किन शहरों में फील्ड ट्रायल का प्रस्ताव रखा गया था?** सरकार ने संसद में बताया था कि 10 रुपए मूल्य वर्ग के एक अरब पॉलीमर नोटों का देश के पांच शहरों (जयपुर, शिमला, भुवनेश्वर, मैसूर व कोच्चि) में फील्ड ट्रायल प्रस्तावित है।
- **सरकार ने इस प्रयास को दोबारा हरी झंडी कब दिखाई?** मार्च 2017 में सरकार ने 10 रु. के पॉलीमर नोटों के फील्ड ट्रायल के लिए नए सिरे से मंजूरी दी थी। सरकार ने नोट छापने के लिए पॉलीमर शीट खरीदने और छपाई की मंजूरी भी दी थी।
- **पिछले दो प्रयास आखिर आगे क्यों नहीं बढ़ पाए थे?** देश के एटीएम, कैश डिपॉजिट और नोट गिनने की मशीनें पारंपरिक कागजी नोटों के हिसाब से डिजाइन थीं, जो पॉलीमर नोटों की बनावट और सेंसर को प्रोसेस करने में असमर्थ थीं। मशीनों को अपग्रेड करने की उच्च लागत और कच्चे माल के आयात का भारी खर्च भी इस राह में बड़ी रुकावट बना था।
- **इस बार के टेंडर में क्या मुख्य बदलाव किया है?** पिछली कोशिशों में नोट छापने के लिए पॉलीमर शीट इंपोर्ट करनी थी, लेकिन इस बार केवल आपूर्ति नहीं बल्कि निर्माण करने वाली कंपनी चाहिए। शीट को आयात करने की बजाय योजना घरेलू निर्माण शुरू करने की है, ताकि लागत कम रहे।
- **वितरण प्रणाली में क्या बदलाव करने की तैयारी है?** सभी एटीएम को पॉलीमर नोटों के वितरण और हैंडलिंग के लिए सक्षम बनाया जाएगा। तकनीकी ढांचे में बदलाव किया जाएगा।
- **कागजी नोटों की छपाई व बर्बादी के आंकड़े क्या हैं?** वित्त वर्ष 2024-25 में छपाई पर 6,372.8 करोड़ रु. खर्च हुए और 23.8 अरब खराब नोट नष्ट करने पड़े।
- **सिक्कों को बढ़ावा देने की योजना क्यों सफल नहीं हुई?** जब पॉलीमर नोटों के ट्रायल में तकनीकी अड़चनें आ रही थीं, तो आरबीआई ने सिक्कों के चलन को बढ़ावा देने का विकल्प चुना। मगर सिक्कों की स्वीकार्यता छोटे नोटों से बहुत कम थी।

**पॉजिटिव न्यूज**

## बंगाल की 'पोलियो दीदी' ने बदली हजारों जिंदगियां



जलपाईगुड़ी | बंगाल में चाय बागानों की दूर-दराज बस्तियों में नर्स गीता करमाकर ने 42 साल तक साइकिल से स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाकर मिसाल कायम की है। गीता ने 1983 में जलपाईगुड़ी के एक टी गार्डन में काम शुरू किया। वह रोज 12-14 किमी साइकिल चलाकर गर्भवती महिलाओं तक पहुंचतीं और उन्हें अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के लिए जागरूक करतीं। उनकी सबसे बड़ी चुनौती पुरानी सोच बदलना था। कई परिवार पारंपरिक दाइयों पर निर्भर थे। गीता के प्रयासों से 2014 तक क्षेत्र में घर पर होने वाली डिलीवरी लगभग खत्म हो गई। उन्होंने इलाके में पोलियो टीकाकरण को बढ़ाया। 40% दिव्यांगता के बावजूद सेवा जारी रखी। लोग उन्हें प्यार से 'पोलियो दीदी' कहते हैं।

**ग्रीन मोबिलिटी** • देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी, जींद से सोनीपत तक चलेगी

# 10 कोच की हाइड्रोजन ट्रेन चलाकर गाड़ा झंडा, ये पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से बनीः मोदी


जींद | हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पीएम। (फोटोः सुमित कुमार)

भास्कर न्यूज | जींद

भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जींद-सोनीपत रूट पर 89 किलोमीटर की दूरी ये ट्रेन दो घंटे में तय करेगी। ट्रेन में 10 कोच हैं। ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से बनाई गई है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'भारत ने पहली बार में सीधे 10 कोच वाली हाइड्रोजन ट्रेन चलाकर दुनिया में अपना झंडा गाड़ दिया। ये मोदी है... बहुत पहले सोचता भी और समस्या के समाधान के रास्ते भी जमीन पर उतारता है।'

विपक्षी कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष तौर पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी कहा, 'भारतीय रेल के विद्युतीकरण की शुरुआत 1925 में हुई थी। 2014 तक 30% रेल नेटवर्क ही विद्युतीकृत हो पाया। जिस तरह पहले 90 साल में 30% काम हुआ। 100% होने में 100 साल और लग जाते, लेकिन जबसे भाजपा सरकार आई है, 99% रेलवे नेटवर्क का विद्युतीकरण हो चुका है। इस वजह से तेल का संकट होने के बाद भी भारत के विकास की गाड़ी नहीं रुकी।'

### हाइड्रोजन ट्रेनः 9 लीटर पानी से 1 किलो हाइड्रोजन

- 10 कोच वाली ट्रेन अपनी तरह की सबसे लंबी और शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक है।
- टिकट 10 से 35 रु. तक होगा।
- व्यावसायिक रूप से ऐसी पहली ट्रेन जर्मनी ने चलाई। जापान, चीन, फ्रांस, इटली, अमेरिका में ऐसी ट्रेन चल रही है या परीक्षण के दौर में है।
- ट्रेन को 110 किमी प्रति घंटा के हिसाब से बनाया गया है। फिलहाल 75 की गति से चलेगी। यात्री क्षमता 2,600 है।
- जींद में करीब 9 लीटर पानी से एक किलो हाइड्रोजन गैस तैयार हो रही है।
- ट्रेन में 8 हाइड्रोजन फ्यूल सेल लगाए हैं। ये ट्रेन के भीतर ही हाइड्रोजन और हवा की रासायनिक प्रक्रिया से बिजली पैदा करते हैं। लिथियम बैटरियां चार्ज होती रहती हैं। इसी बिजली से ट्रेन चलती है।
- ट्रेन प्रदूषण मुक्त है। ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग करने से यह धुएं की जगह भाप छोड़ती है।




### इन प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन-शिलान्यास

पीएम ने जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन के साथ कुरुक्षेत्र में एलिवेटेड ट्रैक, भिवानी व नारनौल में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (हरियाणा सेक्शन), अम्बाला-काला अम्ब नेशनल हाईवे, जींद-गोहना नेशनल हाईवे का उद्घाटन। कुरुक्षेत्र में सिख संग्रहालय और हांसी-बरवाला नेशनल हाईवे का शिलान्यास किया। इनकी लागत 14,700 करोड़ रु. है।

**पीएम मोदी ने जालंधर में 5470 करोड़ के प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया**

# केंद्र की स्कीमों पर अपना स्टीकर चिपका रही आप, कांग्रेस में कुर्सी की जंग, शिअद अपनी उलझन में: मोदी

भास्कर न्यूज | जालंधर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जालंधर में 5470 करोड़ रुपए के प्रोजेक्टों का उद्घाटन किया। इसके साथ



ही उन्होंने पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अकाली दल को निशाने पर लिया। भाषण के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पंजाब में सरकार की विज्ञापनों के दम पर विनाशकारी तस्वीर छिपाई जा रही है। केंद्र की स्कीमों पर अपना स्टीकर चिपका रहे हैं। कांग्रेस में कुर्सी की लड़ाई चल रही है। ऐसा ही हाल अकाली दल का है। वह अपनी ही उलझनों में है। पंजाब में भाजपा ही असली बदलाव लाएगी।

### पंजाब में इन परियोजनाओं का उद्घाटन

- **अमृत भारत स्टेशन योजनाः** देश के 75 रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं, जिनमें पंजाब के जालंधर कैंट, फगवाड़ा, पठानकोट कैंट और बटाला शामिल हैं।
- दौलतपुर चौक-करतोली रेल लाइन
- करतोली-अंबाला और छेहर्टा (अमृतसर)-वाराणसी को हरी झंडी दिखाई गई है।
- **सदर्न लुधियाना बाईपासः** 25.2 किलोमीटर लंबे, 6-लेन ग्रीनफील्ड बाईपास का शिलान्यास किया।
- **राष्ट्रीय राजमार्गः** विभिन्न नेशनल हाईवे प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन व शिलान्यास किया।
- दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे (पैकेज-6) उद्घाटन किया, जिसकी लागत 1,050 करोड़ रुपए से ज्यादा है।



**सीपीए घोटाला** • 15 लाख पैकेटों के लिए किया 1.30 करोड़ से अधिक का भुगतान

## बिना टेंडर ऑर्डरः खरीदे ORS पैकेट

शेखर घोष | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग की सेंट्रल प्रोक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) के कथित दवा खरीद घोटाले में अब ओआरएस की खरीद को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि सीपीए के पूर्व एचओओ डॉ. विनोद कुमार रंगा ने बिना टेंडर प्रक्रिया अपनाए 15 लाख ओआरएस पैकेटों की खरीद अपने चहेते वेंडर आशी फार्मा एंड सर्जिकल कंपनी से कराई।

आरोपों के अनुसार, 3 दिसंबर 2025 को जारी ऑर्डर में एलएनजेपी अस्पताल की सीमित खरीद के रेट कॉन्ट्रैक्ट (आरसी) को आधार बनाया गया। 23.11 रुपए एमआरपी वाले ओआरएस पर 60.50% छूट दिखाकर 8.69 रुपए प्रति पैकेट की दर तय की गई। डॉ. रंगा ने कंपनी को करीब 5 माह का समय दिया और 4 मई को सप्लाई भी ले ली गई। दैनिक भास्कर के पास मौजूद बिलों के अनुसार कंपनी को 1.30 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। सूत्रों का दावा है कि मार्च में ही सीपीए को ओआरएस की सप्लाई के लिए 2.50 रुपए प्रति पैकेट की दर मिल चुकी थी और आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के दौरान भी इसी दर पर खरीद हुई थी। आरोप है कि कम कीमत उपलब्ध होने के बावजूद अधिक दर पर खरीद कर सरकारी धन का नुकसान किया गया।

### 4 हजार से भी कम की खरीद को बनाया आधार

आरोप है कि एलएनजेपी अस्पताल ने 14 नवंबर 2025 को इमरजेंसी जरूरत के तहत आशी फार्मा से करीब 4 हजार से भी कम ओआरएस पैकेट खरीदे थे। डॉ. रंगा ने उसी रेट कॉन्ट्रैक्ट का हवाला देकर बिना किसी नेगोशिएशन के 15 लाख पैकेट खरीदने का ऑर्डर जारी कर दिया, जबकि आशी फार्मा सीपीए के पैनल पर भी नहीं थी। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बड़ी मात्रा में खरीद होने पर कीमत और कम होनी चाहिए थी। सीपीए के अधिकारियों के अनुसार, पूर्व में जैम पोर्टल की दरों पर खरीद से नुकसान होने के बाद बाजार से सस्ती खरीद की अनुमति दी गई थी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि ओआरएस खरीद में इस विकल्प का इस्तेमाल क्यों नहीं किया गया।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से खरीद प्रक्रिया को सामान्य साबित करने की कोशिश

सीपीए घोटाले में फंसे अधिकारियों और फरार वेंडर से जुड़े लोगों पर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से खरीद प्रक्रिया को सामान्य साबित करने की कोशिश के आरोप भी लगे हैं। इन्फ्लुएंसर्स द्वारा ओआरएस, पोर्टेबल एक्स-रे सहित अन्य खरीद को सामान्य बताते हुए 650 करोड़ रुपए के कथित घोटाले में गिरफ्तार डॉ. वत्सला अग्रवाल, डॉ. विनोद कुमार रंगा और डीसीए नीरज चोपड़ा को क्लीन चिट देने तथा हेल्थ सेक्रेटरी रूपेश ठाकुर को निशाने पर लेने की बात कही जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्वयं मामले का संज्ञान लेकर जांच पहले विजिलेंस और बाद में एसीबी को सौंपी थी।

### कुल मांग 5 लाख पैकेट से अधिक नहीं, इसके बावजूद 15 लाख पैकेट खरीदे गए

डीजीएचएस और विभिन्न सरकारी अस्पतालों से जुड़े डॉक्टरों का दावा है कि दिल्ली सरकार के अधीन 39 अस्पताल हैं, जिनमें 5 बड़े अस्पताल प्रमुख हैं। उनका कहना है कि ओआरएस की मांग मुख्य रूप से हीट वेव और गर्मी के महीनों में ही बढ़ती है। 5 बड़े अस्पतालों में 3 माह के दौरान 2 से 2.5 लाख पैकेट से अधिक खपत नहीं होती। डिस्पेंसरियों और करीब 415 आरोग्य आयुष्मान केंद्रों को जोड़ने के बाद भी कुल मांग 5 लाख पैकेट से अधिक नहीं बैठती। इसके बावजूद 15 लाख पैकेट खरीदना जरूरत से कई गुना अधिक बताया जा रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि ओआरएस की एक्सपायरी अवधि भी कम होती है।

पीडब्ल्यूडी मंत्री वर्मा ने लिया जायजा, नया आरसीसी ड्रेन बनेगा

## डेरा मंडी क्षेत्र होगा जलभराव से मुक्त, दिल्ली-हरियाणा आवागमन होगा सुगम

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



दिल्ली-हरियाणा सीमा पर स्थित डेरा मंडी क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में दिल्ली सरकार ने अहम पहल की है। शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी एवं जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने अधिकारियों के साथ डेरा मंडी बॉर्डर क्षेत्र का निरीक्षण कर जलभराव, सीवर और सड़क की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने डेरा मंडी रोड के पास मंडी गांव में भारी जलभराव वाले क्षेत्र का जायजा लिया।

अधिकारियों ने बताया कि संबंधित सड़क दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकार क्षेत्र में आती है और फिलहाल पीटीओ पंपों के जरिए लगातार पानी की निकासी की जा रही है। यह क्षेत्र प्राकृतिक रूप से निचला है, जहां बारिश का पानी एकत्र हो जाता है। पहले यह पानी एक प्राकृतिक नाले के जरिए हरियाणा की ओर निकल जाता था, लेकिन अब वह निकास उपलब्ध नहीं है। इसी कारण हर मानसून में यहां जलभराव की गंभीर समस्या पैदा होती है। समीक्षा के बाद निर्णय लिया गया कि पीडब्ल्यूडी डेरा मंडी रोड से डेरा भाटी रोड होते हुए बांध रोड तक नया प्रीकास्ट आरसीसी ड्रेन बनाएगा। वहां से पंपिंग व्यवस्था के जरिए पानी को एसएसएन मार्ग ड्रेन में छोड़ा जाएगा। परियोजना का उद्देश्य वर्षाजल निकासी की स्थायी व्यवस्था विकसित करना और भविष्य में जलभराव की समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

### परियोजना की कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए

मंत्री वर्मा ने कहा कि मंडी गांव और डेरा गांव दिल्ली-हरियाणा सीमा पर स्थित हैं। पहले यहां से बारिश का पानी प्राकृतिक नालों के जरिए आसानी से निकल जाता था, लेकिन गुरुग्राम के विस्तार, बड़े पैमाने पर निर्माण कार्य, तेजी से हुए कंक्रीटीकरण और बढ़ती आबादी के कारण प्राकृतिक निकास मार्ग समाप्त हो गए हैं। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना की कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने तथा सभी एजेंसियों के साथ समन्वय कर काम को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### शरजील इमाम की याचिका पर पुलिस को नोटिस

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगों की साजिश मामले में आरोपी शरजील इमाम की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर दो सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। जस्टिस प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश इमाम द्वारा कड़कड़डूमा कोर्ट के 4 जुलाई के आदेश को चुनौती देने पर दिया। ट्रायल कोर्ट ने शरजील इमाम और उमर खालिद की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। इमाम ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा जमानत खारिज किए जाने के 6 महीने बाद भी ट्रायल में कोई विशेष प्रगति नहीं हुई है।

**एमसीडी** • नामांकन 21 जुलाई तक

## स्टैंडिंग कमेटी को 27 जुलाई को मिल जाएंगे नए अध्यक्ष-उपाध्यक्ष

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की सबसे अहम मानी जाने वाली स्टैंडिंग कमेटी को 27 जुलाई को नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल जाएंगे। निगम सचिव कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, मतदान दोपहर 2 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर के ए-विंग स्थित सत्यनारायण बंसल सभागार में होगा। स्टैंडिंग कमेटी के आधे सदस्यों के कार्यकाल समाप्त होने से रिक्त हुई सीटों को 15 जुलाई को भर दिया गया था। इसके बाद समिति के नए नेतृत्व के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चुनाव लड़ने के इच्छुक सदस्य निगम सचिव कार्यालय से नामांकन पत्र प्राप्त कर वहीं जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा। अंतिम तिथि 21 जुलाई है। नियमानुसार प्रत्याशी मतदान शुरू होने से पहले तक अपना नाम वापस ले सकता है। निगम अधिकारियों के अनुसार सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महापौर, उपमहापौर, सदन के नेता, विपक्ष के नेता और संबंधित सदस्यों को चुनाव कार्यक्रम की सूचना भेज दी गई है।

### किसानों को राहत, 33.31 करोड़ की सहायता मंजूर

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने अगस्त-सितंबर 2025 में भारी बारिश और जलभराव से 100% फसल नुकसान झेलने वाले किसानों के लिए 33.31 करोड़ रुपए से अधिक की अनुग्रह सहायता राशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि प्रभावित किसानों को 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से राहत दी जाएगी। योजना के तहत 4,442.41 हेक्टेयर प्रभावित कृषि क्षेत्र को शामिल किया गया है। यह सहायता राशि अगले महीने से डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजी जाएगी। अलीपुर, बुराड़ी, मुंडका, बवाना, रोहिणी, कापसहेड़ा, नजफगढ़ और मटियाला समेत विभिन्न क्षेत्रों के किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

**गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब में भव्य समारोह**

## तेजा सिंह समुंद्री का शहादत दिवसःएलजी ने किया दादा को याद, पूर्व राष्ट्रपति, CJI ने भी दी श्रद्धांजलि

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली



अकाली आंदोलन के महान स्वतंत्रता सेनानी और अग्रणी नेता सरदार तेजा सिंह समुंद्री की 100वीं शहादत वर्षगांठ पर शुक्रवार को गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब के भाई लखी शाह वंजारा हॉल में भव्य स्मृति समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उनके पोते और दिल्ली के एलजी तरणजीत सिंह संधू ने अपने दादा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, सीजेआई सूर्यकांत, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, कई केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट के न्यायाधीश तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में पद्मश्री भाई हरजंदर सिंह (श्रीनगर वाले) ने शबद कीर्तन प्रस्तुत कर आध्यात्मिक माहौल बनाया, जिसके बाद गुरु का लंगर अटूट बरताया गया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार तेजा सिंह समुंद्री गुरुद्वारा सुधार आंदोलन के मुख्य वास्तुकार और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के संस्थापक स्तंभों में से एक थे। उन्होंने अमृतसर और तरनतारन के गांवों में दलितों को समान अधिकार दिलाने तथा 1917 में युवाओं की शिक्षा के लिए कई स्कूल स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सुप्रीम कोर्ट करेगा भारती की याचिका पर सुनवाई

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जताई है, जिसमें उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मालवीय नगर सीट से भाजपा उम्मीदवार सतीश उपाध्याय की जीत रद्द करने की मांग की है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच मामले पर सुनवाई करेगी। फरवरी 2025 के चुनाव में उपाध्याय ने भारती को 2,131 वोटों से हराया था। दिल्ली हाईकोर्ट ने जनवरी में भारती की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार जितेंद्र कुमार कोचर को आवश्यक पक्षकार नहीं बनाया था।





किसानों की खेती को आधुनिक, आसान और किफायती बनाने के लिए SMAM योजना

आधुनिक कृषि यंत्रों पर 40% से 50% तक का अनुदान

वे किसान जिन्होंने 2025-26 में 16.02.2026 तक आवेदन किया है वे ही चयन के पात्र होंगे

लाभार्थियों का चयन जिला स्तर पर गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा किया जाएगा जिसकी अंतिम तिथि 22.07.2026 होगी

चयनित किसान विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत अपनी पसंद के निर्माता से मोलभाव करके कृषि यंत्र खरीद सकता है जिसकी

अंतिम तिथि 18.08.2026 होगी

इच्छुक कृषि यंत्र निर्माता ऑनलाइन पंजीकरण करें

www.agriharyana.gov.in

अंतिम तिथि 10.08.2026

अथवा अधिक जानकारी के लिए

अपने जिले के उप-निदेशक कृषि या सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में संपर्क करें

टोल-फ्री नंबर - 1800-180-2117

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा
www.agriharyana.gov.in

सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana



(फीचर इम्पैक्ट)

## B.Sc. (Hons.) Agriculture : आधुनिक कृषि शिक्षा के साथ सुनहरा भविष्य

भारत एक कृषि प्रधान देश है और आज भी देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर आधारित है। देश की लगभग 46% कार्यशील आबादी (Workforce) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों पर निर्भर है, जबकि कृषि का भारतीय अर्थव्यवस्था (GDP) में लगभग 16–18% योगदान है। भारत विश्व के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल है और दूध, मसाले, दालें, फल एवं कई कृषि उत्पादों के उत्पादन में अग्रणी स्थान रखता है।

बदलते समय के साथ कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों, वैज्ञानिक अनुसंधान, एग्री-टेक, जैविक खेती (Organic Farming), प्रिसिजन फार्मिंग (Precision Farming), ड्रोन टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), क्लाइमेट-स्मार्ट फार्मिंग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स की मांग लगातार बढ़ रही है।

विशेषज्ञों के अनुसार भारत को कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में लगभग 10 लाख प्रशिक्षित प्रोफेशनल्स की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में उपलब्ध कुशल मानव संसाधन इसकी तुलना में काफी कम है। कृषि शिक्षा, एग्री-टेक, फूड प्रोसेसिंग, क्लाइमेट-स्मार्ट फार्मिंग और एग्री-बिजनेस के तेजी से विस्तार के कारण आने वाले वर्षों में प्रशिक्षित कृषि स्नातकों की मांग और बढ़ने की संभावना है।

यही कारण है कि B.Sc. (Hons.) Agriculture आज 12वीं के बाद सबसे अधिक संभावनाओं वाले प्रोफेशनल कोर्सों में से एक माना जाता है। आज कृषि केवल खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विज्ञान, तकनीक और प्रबंधन का समन्वय बन चुकी है। आधुनिक कृषि शिक्षा विद्यार्थियों को फसल उत्पादन, मृदा विज्ञान, पौध संरक्षण, बागवानी, कृषि अर्थशास्त्र, कृषि विपणन, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि अनुसंधान और एग्री-बिजनेस जैसे विषयों का गहन ज्ञान प्रदान करती है।

यदि विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं, तो उन्हें ऐसे संस्थान का चयन करना चाहिए जहां आधुनिक प्रयोगशालाएं, कृषि फार्म पर फील्ड ट्रेनिंग, अनुभवी संकाय और उद्योगोन्मुख शिक्षा उपलब्ध हो।

इन्हीं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी (OSGU), हिसार का School of Agriculture विद्यार्थियों को आधुनिक, उद्योगोन्मुख एवं कौशल आधारित कृषि शिक्षा प्रदान कर रहा है।



OSGU में B.Sc. (Hons.) Agriculture एक UGC-Recognized Degree है। यह Government of Haryana द्वारा Approved Program है तथा ICAR Curriculum पर आधारित है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के सफल कृषि विशेषज्ञ, शोधकर्ता, एग्री-उद्यमी एवं एग्री-प्रोफेशनल के रूप में तैयार करना है।

**उपलब्ध कार्यक्रम**

**स्नातक (Bachelor) कार्यक्रम -**

- B.Sc. (Hons.) Agriculture - 4 वर्ष
  Eligibility: 10+2 Science (PCB/PCM/ABC)

**स्नातकोत्तर (Postgraduate) कार्यक्रम -**

- M.Sc. Agriculture - 2 वर्ष

**OSGU क्यों चुनें? -**

- ☑ UGC-Recognized Degree
- ☑ Govt. of Hry. Approved Program
- ☑ ICAR Curriculum-Based Education
- ☑ Practical Field Training
- ☑ आधुनिक प्रयोगशालाएं एवं कृषि फार्म
- ☑ अनुभवी एवं विशेषज्ञ संकाय
- ☑ Industry-Oriented Learning
- ☑ Placement Support

**करियर के अवसर (Career Opportunities)**

B.Sc. (Hons.) Agriculture तथा M.Sc. Agriculture के माध्यम से विद्यार्थी कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में अनेक प्रतिष्ठित करियर विकल्प प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षित कृषि स्नातकों के लिए सरकारी कृषि विभाग, कृषि अनुसंधान संस्थान, ICAR संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, सीड एवं फर्टिलाइजर कंपनियां, एग्री-बिजनेस एवं एग्री-टेक कंपनियां, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री, बैंकिंग एवं एग्रीकल्चर फाइनेंस, हॉर्टिकल्चर, कृषि विस्तार सेवाएं, कृषि सलाहकार (Agriculture Consultant), कृषि अधिकारी, रिसर्च साइंटिस्ट, गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control), शिक्षण एवं उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में रोजगार के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थी आधुनिक खेती, जैविक कृषि, एग्री-स्टार्टअप, एग्री-इनपुट बिजनेस, फार्म मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, एग्री-एक्सपोर्ट तथा कृषि उद्यमिता (Agripreneurship) के माध्यम से स्वयं का सफल व्यवसाय भी स्थापित कर सकते हैं। सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया, FPOs, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड तथा विभिन्न कृषि योजनाओं के माध्यम से युवाओं को कृषि आधारित उद्यम शुरू करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

यदि आप 12वीं के बाद ऐसा करियर चुनना चाहते हैं जिसमें विज्ञान, तकनीक, अनुसंधान, नवाचार और देश के कृषि विकास में योगदान देने के साथ-साथ बेहतर रोजगार एवं उद्यमिता की अपार संभावनाएं हों, तो B.Sc. (Hons.) Agriculture आपके लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें - 8607899999 ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी, हिसार**

ADMISSIONS ARE ALSO OPEN FOR PROGRAMS

RCI APPROVED COURSES CODE HR 056

- B.Ed. Special Education (HI / VI / ID / LD / MD)
- B.Ed. M.Ed. Special Education (3 Years Integrated Program in ID, SLD)
- BA LLB/LLB
- Pharm.D
- B.Pharm
- D.Pharm
- BPT
- B.Tech. - CSE - AIML, Cyber Security
- B.Sc. Hotel Mgmt.

OSGU OM STERLING GLOBAL UNIVERSITY
(Approved by UGC As per Section 2F of UGC Act - 1956)

NH-52, Hisar-Chandigarh Road, Hisar-125001
Website : www.osgu.ac.in
Contact No. 86078-99999, 82550-99999
FOLLOW US AT : YouTube f in

पढ़ना जरूरी है
अखबार पढ़ने से नई बातें सीखने की आदत बनती है। - शिक्षा शोध

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

नई दिल्ली, शनिवार, 18 जुलाई, 2026
आषाढ़ शुक्ल पक्ष-पंचमी, 2083

12 राज्य 61 संस्करण

## न्यूज ब्रीफ

### डीयू: 21 हजार अतिरिक्त सीटें पहली लिस्ट में अलॉट

नई दिल्ली| दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) ने 2026-27 सत्र के यूजी एडमिशन के पहले राउंड में 21,409 अतिरिक्त सीटें अलॉट की हैं। यह फैसला पिछले 4-5 साल के एडमिशन ट्रेंड के आधार पर लिया गया है, ताकि खाली रहने वाली सीटें भरी जा सकें। छात्रों को 18 जुलाई तक सीट स्वीकार करनी होंगी। दूसरी अलॉटमेंट लिस्ट 25 जुलाई को जारी होगी। नया सेशन 28 जुलाई से शुरू होगा।

### EPFO 'विश्वास-2026' से पुराने विवाद निपटाने का मौका

नई दिल्ली| ईपीएफओ ने लंबित जुर्माना व हर्जाना विवादों को सुलझाने के लिए 'विश्वास-2026' योजना शुरू की है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार योजना 6 महीने लागू रहेगी। इसका लाभ उन कंपनियों और संस्थानों को मिलेगा, जिन पर ईपीएफ नियमों के तहत जुर्माना या हर्जाना लगाया गया है। 14 जून 2024 से पहले हुई देरी के मामलों में जुर्माना और हर्जाना रियायती दरों पर दोबारा तय किया जाएगा।

### इंडिगो फ्लाइट में बम की धमकी से हड़कंप, केस दर्ज

बेंगलुरु| बेंगलुरु-अहमदाबाद इंडिगो विमान में बम की झूठी धमकी मिली। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। विमान को केम्पेगौड़ा एयरपोर्ट से उड़ान भरनी थी। इससे करीब 25 मिनट पहले क्रू मेंबर को विमान में बम होने का नोट मिला। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, जांच में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, लेकिन उड़ान प्रभावित हुई।

**अमेरिकी हमले में ढहा चाबहार पोर्ट का टावर; ईरान का कतर-कुवैत पर निशाना**

- पढ़ें देश-विदेश पेज

**ट्रम्प का नया दांव** • आरोप-2020 में चीन ने मुझे हरवाया था

# ट्रम्प हार से डरे, बोले-वोटर आईडी जरूरी, चीन डेटाचोर

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

वॉशिंगटन | अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब घरेलू मोर्चे पर सक्रिय हो गए हैं। ट्रम्प ने कहा, चीन ने अमेरिका के लगभग 22 करोड़ लोगों का डेटा चुरा लिया है। चीन अपने मित्र देश रूस, ईरान और उत्तर कोरिया के साथ चुनावों में धांधली कर सकता है। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि अमेरिका में भी वोटर आईडी की अनिवार्यता लागू की जाए। ट्रम्प ने कहा, चीन ने 2020 के अमेरिकी चुनावों में एक साजिश के तहत उन्हें हराने के लिए गड़बड़ी की थी। इसके कारण उन्हें जो बाइडेन के खिलाफ हार का मुंह देखना पड़ा था।



ट्रम्प ने राष्ट्र के नाम संबोधन में गोपनीय दस्तावेज के हवाले से कहा, खुफिया एजेंसी सीआईए ने भी तत्कालीन डेमोक्रेटिक सरकारों का साथ दिया था। इस बीच, चीन के विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प के आरोपों को खारिज कर कहा कि अमेरिका को अपनी चुनाव प्रक्रिया पर ध्यान देना चाहिए। बता दें कि 2020 में हार के बाद ट्रम्प समर्थकों ने व्हाइट हाउस पर हमला कर दिया था।

**भास्कर एक्सपर्ट** — कंवल सिब्बल, पूर्व विदेश सचिव, अमेरिका और रूस में राजदूत रह चुके

### नवंबर में मिडटर्म चुनाव... ट्रम्प की रेटिंग गिरी, वोटिंग-नागरिकता को मुद्दा बना रहे

- **ट्रम्प के बयान के मायने?** अमेरिका में नवंबर में मिडटर्म चुनाव होंगे। खुद की हार तय देखकर ट्रम्प अभी से वोटिंग आईडी और नागरिकता के मुद्दों को उठा रहे हैं। ईरान युद्ध में हार और घरेलू मोर्चों पर विफल रहे ट्रम्प चुनाव पर सवाल उठा रहे।
- **चुनाव पारदर्शिता कितनी?** अमेरिका के सभी 50 राज्य अपने स्तर पर चुनाव कराते हैं। संघीय (फेडरल) एजेंसी चुनाव नहीं कराती है। ट्रम्प इसे संघीय यानी अपने कब्जे में लेना चाहते हैं, जिससे विपक्षी राज्यों में अपने दखल को बढ़ा सकें।
- **मिडटर्म में क्या संभावना?** ट्रम्प को प्रतिनिधि सभा में 3 सीटों जबकि सीनेट में 6 सीटों की बढ़त है। प्री पोल सर्वे में उनकी रेटिंग गिरी है। मिडटर्म में हार के बाद ट्रम्प टैरिफ-इमिग्रेशन पर मनमाने फैसले नहीं कर पाएंगे। क्योंकि सदन में बहुमत नहीं रहेगा।
- **चीन का विरोध करते रहेंगे** ट्रम्प पाला बदलने के लिए जाने जाते हैं। ट्रम्प मई में चीन गए थे और अब सितंबर में जिनपिंग अमेरिका आने वाले हैं। दोनों के बीच वर्ल्ड नंबर वन सुपरपावर की जंग छिड़ी हुई है। ट्रम्प चीन का अभी विरोध करते रहेंगे।

### कमला ने पहले ही बताया, ट्रम्प वोटिंग फ्रॉड पर बोलेंगे

अमेरिका की पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने पहले ही ट्वीट कर ट्रम्प के मुद्दे का खुलासा कर दिया। हैरिस ने कहा, मुझे पता है कि ट्रम्प वोटिंग फ्रॉड के बारे में बोलेंगे, लेकिन ट्रम्प को साजिश की थ्योरी रचने से बचना चाहिए।

### टेलीप्रॉम्प्टर ऑपरेटर भाषण की टिप से सट्टा लगाता था

ट्रम्प का टेलीप्रॉम्प्टर ऑपरेटर पेरेज उनके भाषणों की टिप से करोड़ों रुपए का सट्टा लगाता था। भाषणों की कॉपी पेरेज के पास पहले ही पहुंच जाती थी।
- टेलीप्रॉम्प्टर स्क्रीन पर स्क्रिप्ट चलती है, जिसे नेता पढ़ते हैं।

### उधर... भारत समेत 5 देशों पर 100% टैरिफ वाला बिल सीनेट में पेश

रूसी तेल खरीद पर भारत और चीन समेत 5 देशों पर 100% टैरिफ के प्रस्ताव वाला बिल अमेरिकी संसद में पेश किया गया है। 60 रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स सांसदों के हस्ताक्षर वाले इस बिल पर अगस्त से बहस शुरू होने की संभावना है। रूस से तेल खरीदने वाले यूरोप के 15 देशों को 100% टैरिफ से छूट दी गई है।
- रूस विरोधी सीनेटर लिंडसे ग्राहम पर बिल का नाम रखा गया है। ग्राहम की 12 जुलाई को मृत्यु हो गई थी।
- श्रम कानून उल्लंघन पर अमेरिका ने जून में भारत समेत 54 देशों पर 12.5% का टैरिफ लगाया था।

**सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

### ट्रेन टिकट नहीं मिलने भर से मुआवजा नहीं रोक सकते

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि रेल हादसे में मृत यात्री के पास टिकट नहीं मिलना, उसके परिवार का मुआवजा दावा खारिज करने का आधार नहीं हो सकता। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट और रेलवे क्लेम्स ट्रिब्यूनल के फैसले रद्द कर दिए।

कोर्ट ने मृतक चंद्रकांत ठक्कर की पत्नी लता को 8 लाख मुआवजा देने का निर्देश दिया। केंद्र को 4 सप्ताह में भुगतान करना होगा। देरी होने पर दावा दाखिल करने की तारीख से 8% सालाना ब्याज देना होगा। मामला नवंबर 2015 का है। चंद्रकांत ठक्कर रायपुर से अहमदाबाद जा रहे थे। यात्रा के दौरान वे अहमदाबाद-हावड़ा मेल से गिर गए और उनकी मौत हो गई। टिकट नहीं मिलने पर रेलवे ने उन्हें यात्री मानने से इनकार किया।

**रेलवे यात्रियों को 'सेकंड क्लास पैसेंजर' कहना बंद करें: कोर्ट** सुप्रीम कोर्ट ने रेलवे से मैनुअल में 'सेकंड क्लास पैसेंजर' शब्द का इस्तेमाल बंद करने का सुझाव दिया। कोर्ट ने कहा कि 'सेकंड क्लास' श्रेणी कोच की हो सकती है, यात्री की नहीं। वर्गीकरण कोच के साथ जोड़ा जाए, न कि यात्री के साथ।

**भास्कर एनालिसिस** मेडिकल शिक्षा में सामाजिक बदलाव का ट्रेंड

# नीट: सफल होने वाले आधे छात्र OBC; परीक्षा देने वालों में SC छात्र 63% बढ़े

उन्नति झाबक | नई दिल्ली

नीट के रिजल्ट में मेडिकल शिक्षा के सामाजिक-शैक्षणिक रुझानों में बदलाव की झलक दिखी है। इस साल परीक्षा देने वालों में ओबीसी सबसे बड़ा वर्ग रहा।

कुल रजिस्ट्रेशन में 41.8%, जबकि क्वालिफाई करने वालों में 45.7% हिस्सेदारी ओबीसी की रही। यानी लगभग हर दूसरा सफल छात्र ओबीसी है। रजिस्ट्रेशन में सामान्य वर्ग के छात्र 29.2% थे, जो क्वालिफाई में 26% रह गए। एससी वर्ग की परीक्षा में हिस्सेदारी 15.2% रही, जबकि सफल छात्रों में 14.2% रही। ईडब्ल्यूएस के रजिस्ट्रेशन 7.3% थे। क्वालिफाई करने वालों में ये संख्या 8.5% हो गई। एसटी वर्ग के छात्रों की रजिस्ट्रेशन में हिस्सेदारी 6.6% थी, जबकि क्वालिफाई करने वालों में 5.7% रही। 2019 से 2026 के बीच नीट में हर वर्ग की भागीदारी बढ़ी है। इसमें ईडब्ल्यूएस की वृद्धि दर सबसे ज्यादा 76.30% रही, जबकि सामान्य वर्ग की सबसे कम 24.52% रही। विशेषज्ञों के अनुसार, इसका सबसे बड़ा कारण ईडब्ल्यूएस आरक्षण है।

- शेष पेज 10 पर

**परीक्षार्थी... 7 साल में EWS सबसे तेज बढ़े**

| श्रेणी | 2019 | 2026 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| ईडब्ल्यूएस* | 93,915 | 1,65,573 | 76.30% |
| एससी | 2,11,303 | 3,45,519 | 63.52% |
| एसटी | 96,456 | 1,51,366 | 56.93% |
| ओबीसी | 6,77,544 | 9,52,249 | 40.54% |
| सामान्य | 5,34,072 | 6,65,036 | 24.52% |

*EWS कोटा का डेटा 2020 का है। आंकड़े परीक्षा में बैठने वालों के हैं।

### छोटे राज्य आगे: चंडीगढ़ के 2,622 छात्रों में से 70% सफल; यूपी के 3.28 लाख में से 52%

- टॉप-10 क्वालिफाइंग प्रतिशत वाले राज्यों में से 5 राज्यों/यूटी में 20 हजार से कम छात्र थे। पहले स्थान पर रहे चंडीगढ़ में 2,622 छात्रों में से 70.14% क्वालिफाई हुए।
- मिजोरम में 2,166 में से 62.47%, मणिपुर में 8,321 में से 60.93%, नगालैंड में 3,289 में से 59.17% और हिमाचल में 16,744 छात्रों में से 57.30% सफल रहे।
- बड़े राज्यों का प्रतिशत कम रहा। यूपी से सर्वाधिक 3.28 लाख छात्र थे। इनमें से 51.93% सफल हुए। महाराष्ट्र के दो लाख में से 53.36% क्वालिफाई हुए। बिहार में 1.40 लाख में से 49.24% सफल रहे। राजस्थान अपवाद रहा। 1.92 लाख छात्रों में से 69.34% क्वालिफाई हुए।

**टॉप-138 में 109 लड़के, 29 लड़कियां...** इनमें से 19 छात्र राजस्थान, 18 महाराष्ट्र, 12 तमिलनाडु, 11 दिल्ली, 10 पंजाब, 9-9 यूपी-गुजरात, 8-8 हरियाणा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से हैं।

# आईपीएस अनुराग कुमार बने दिल्ली के नए पुलिस कमिश्नर

### सतीश गोलचा को 6 माह में ही हटाया

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी अनुराग कुमार को दिल्ली पुलिस का नया कमिश्नर नियुक्त किया है। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के 27वें कमिश्नर के रूप में पदभार संभाल लिया। वहीं, अब तक दिल्ली पुलिस कमिश्नर के पद पर तैनात रहे आईपीएस सतीश गोलचा को दिल्ली के एलजी टीएस संधू को अगले आदेश तक रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस कमिश्नर का कार्यभार संभाले करीब 6 माह ही हुए थे, जबकि उनके कार्यकाल के अभी 11 माह बाकी थे।



सतीश गोलचा से पुलिस कमिश्नर का पदभार लेते अनुराग कुमार (बायें)।

अनुराग कुमार फिलहाल इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) में स्पेशल डायरेक्टर के रूप में सेवाएं दे रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने उन्हें आईबी से उनके मूल कैडर एजीएमयूटी में वापस भेजा है। उन्हें सरकारी सेवा का 32 वर्षों का अनुभव है। पश्चिमी यूपी के रहने वाले अनुराग कुमार को वर्ष 2010 में बेहतरीन सेवा के लिए सम्मानित किया गया था।

**अनशन का 20वां दिन** • वजन 9.5 किलो घटा

# वांगचुक बोले- 20 तक हर हाल में जिंदा रहूंगा...



पत्नी गीतांजलि के साथ वांगचुक।

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे समेत अन्य मांगों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक का अनशन शुक्रवार को 20वें दिन में पहुंच गया। जंतर-मंतर के धरने पर बैठे वांगचुक ने कहा, '20 जुलाई को हर हाल में संसद मार्च होगा और मैं जिंदा रहूंगा। लोग नहीं आए तो मैं भूत बनकर वापस आऊंगा।' सीजेपी ने 20 जुलाई को संसद मार्च का आह्वान किया है।

डॉक्टरों के मुताबिक, 24 घंटे में वांगचुक का वजन 350 ग्राम घटकर 56.55 किलो रह गया। अब तक वजन करीब 9.5 किलो घट चुका है। वांगचुक के साथ ही आईसा की नेहा, आमीन और मनीष भी 20 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। नेहा को गंभीर हाइपोग्लाइसीमिया के कारण अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई है, जबकि आमीन और मनीष की सेहत भी लगातार बिगड़ रही है। शुक्रवार को कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले ने उनसे मुलाकात की।

### आमिर: 'रैंचो' वांगचुक नहीं, झा: 17 साल बाद याद आया

अभिनेता आमिर खान ने लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में कहा कि '3 इडियट्स' का फुंसुख वांगडू (रैंचो) सोनम वांगचुक पर नहीं था। यह 'गलतफहमी' है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वांगचुक के काम का सम्मान है और सब चाहते हैं कि वे जल्द अनशन खत्म करें। दूसरी ओर, इस बयान पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया दी। राजद सांसद मनोज झा ने पूछा, 'यह बताने में 17 साल लग गए?' आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'सत्ता के डर से लोग बोलने से बच रहे हैं।' वहीं, वांगचुक का 2018 का वीडियो चर्चा में आ गया, जिसमें उन्होंने 2008 में आमिर से मुलाकात का जिक्र किया था।

**मानसून सत्र** • सियासी हलचल तेज, पक्ष-विपक्ष की बैठकों का दौर शुरू

# पीएम-सीएम को हटाने वाले बिल पर जेपीसी रिपोर्ट टली, चेयरमैन बोलीं- सर्वसम्मति जरूरी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

पीएम, सीएम और केंद्रीय मंत्रियों को गंभीर आपराधिक मामलों में लगातार 30 दिन हिरासत में रहने पर पद से हटाने संबंधी 3 विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने शुक्रवार को अपनी मसौदा रिपोर्ट अपनाना टाल दिया। संसद भवन एनेक्सी में हुई बैठक में 5 सिफारिशों पर अलग-अलग मतदान शुरू हुआ। पहली 2 सिफारिशें बहुमत से पारित हो गईं और तीसरी पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श बढ़ाने की जरूरत जताई। इसके बाद रिपोर्ट न अपनाने पर सर्वसम्मति बन गई। जेपीसी चेयरमैन अपराजिता सारंगी ने कहा, यह राष्ट्रीय मुद्दा है इसलिए विचार में सर्वसम्मति होनी चाहिए।

- शेष पेज 10 पर

### संसद में पेपर लीक पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

कांग्रेस मानसून सत्र में नीट-यूजी पेपर लीक, अयोध्या, शिक्षा व्यवस्था, ऑटोमोबाइल उद्योग, विदेश नीति और मणिपुर के मुद्दे उठाएगी। सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि सरकार जवाबदेही से बचने के लिए संसद नहीं चलने देगी कांग्रेस प्रस्तावित परिसीमन विधेयक का संसद में विरोध करेगी।

**सुप्रीम टिप्पणी** • कोर्ट ने कहा-नागरिकता तय करने का अधिकार केंद्र का

# SIR में वोटर लिस्ट से नाम कटने का मतलब नागरिकता खत्म हो जाना नहीं: सुप्रीम कोर्ट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दोहराया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दौरान किसी का नाम मतदाता सूची से हटने भर से उसकी नागरिकता खत्म नहीं हो जाती। कोर्ट ने कहा, निर्वाचन आयोग नागरिकता तय करने वाला प्राधिकरण नहीं है। नाम सूची से हटाने पर आयोग को नागरिकता कानून के तहत निर्णय के लिए मामला केंद्र को भेजना होगा। यह प्रक्रिया पूरी होने तक, नागरिकता खत्म नहीं हो सकती। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ प. बंगाल में SIR के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए लोगों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने आयोग, बंगाल सरकार से जवाब मांगा है। केस 25 अगस्त को सूचीबद्ध किया है।

### बंगाल में 58 लाख नाम कटे, 34 लाख अपीलें लंबित...

- बंगाल में 58 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से बाहर किए गए। फिर 9.64 लाख नए आवेदन और 99 हजार से अधिक आपत्तियां मिलीं।
- अंतिम सूची में 1.82 लाख नए नाम जुड़े। याची की ओर से कहा गया कि 34 लाख अपीलें लंबित हैं। अब तक करीब 38 हजार अपीलों का निस्तारण हुआ है और उनमें करीब 70% अपीलें स्वीकार हुई हैं।

### लैंडस्लाइड से केदारनाथ यात्रा मार्ग बंद, यात्रियों को रोका

रुद्रप्रयाग| केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के बाद पैदल आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई है। भारी बारिश के बीच गौरीकुंड से केदारनाथ के बीच छौड़ी के पास पहाड़ी से मलबा गिरने के बाद प्रशासन ने यह कदम उठाया। यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक दिया गया है। रास्ता साफ करने के लिए राहत व बचाव टीमें तैनात की गई हैं। बता दें कि इस साल केदारनाथ यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हुई थी।

### राज्यसभा सांसद हरभजन की सुरक्षा बहाली की मांग हाई कोर्ट से खारिज

चंडीगढ़| पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने राज्यसभा सांसद हरभजन सिंह को झटका देते हुए उनकी पंजाब पुलिस सुरक्षा बहाल करने संबंधी याचिका खारिज कर दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि कोर्ट ने कहा कि यह नहीं लगता कि सुरक्षा वापस लेने का निर्णय राजनीतिक प्रतिशोध या आम आदमी पार्टी छोड़ने के कारण लिया गया। यह फैसला सुरक्षा समीक्षा समिति पहले ही ले चुकी थी।



**कहानियां सुनाता हूं**



▪ नीलेश मिसरा
मशहूर स्टोरीटेलर, गांव कनेक्शन के फाउंडर

> हम अपनी गलतफहमियों, अज्ञानता, बेवकूफियों को सोशल मीडिया पोस्ट पर ले आए हैं- बिना ये सोचे कि कितने लोगों को दुःख पहुंचा रहे हैं।
>
> **पूर्वाग्रह से ग्रस्त एक नाराज समाज ढो रहे हैं हम।**

# पूर्वाग्रह हटा कर देखिए, दुनिया सुंदर लगने लगेगी

पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट पर बैठा ये कॉलम लिख रहा हूं। एक अद्भुत फिल्म अभिनेता के साथ मेरे शो 'द स्लो इंटरव्यू' का एक एपिसोड शूट करने आया था। ये एयरपोर्ट भारत के नार्थ ईस्ट के खूबसूरत राज्यों की दहलीज पर है। एक रोशनदान है, ऐसे भारत में झांकता हुआ, जिसमें लाखों कहानियां छुपी हुई हैं, हमें प्रेरणा देने वाले लोग हैं, परंपराएं हैं, जो भारत के रंग को और गाढ़ा बनाती हैं। इन रास्तों पर चलते हुए, चाय के बागानों और तीस्ता नदी के विस्तार को देखते हुए, एक सवाल मन में आया।

क्या कारण है कि पूर्वोत्तर बंगाल से लेकर अरुणाचल तक, इतने खूबसूरत और महत्वपूर्ण हिस्से के बारे में बाकी देश नहीं जानता? या जानता भी है तो सिर्फ पूर्वाग्रहों के माध्यम से? दशकों से भारत के उत्तर पूर्व के राज्य अपनी-अपनी हस्ती तो बना ही नहीं पाए, हमेशा 'नॉर्थ ईस्ट' नाम की छतरी के नीचे ही गिने गए। हम कहां जान पाए वहां के लोगों या उनके खाने या नृत्य या संगीत या फिल्मों के बारे में? हमने तो जनरल नॉलेज क्विज में भी इन्हें बमुश्किल जगह दी!

या फिर क्या कारण है कि भारत के गांव- जिन में से एक में मैं अपना आधा समय बिताता हूं- फिल्मों या कॉमेडी शो या सोशल मीडिया में मजाक का पात्र भर बनकर रह गए?

क्या कारण है कि दक्षिण भारत की अद्भुत दुनिया हम उत्तर भारतीयों के लिए अपरिचित ही रही? क्यों हमने दक्षिण भारत के लोगों को सिर्फ विलेन या बेहूदा कैरिकेचर के रूप में ही देखा हिंदी फिल्मों में? या एक समय हर जगह सुनाए जाने वाले बेहूदा 'सरदारजी जोक्स' याद हैं आपको?

ये इसलिए हुआ क्यूंकि उत्तर भारत में घनत्व लिए लेखकों, पत्रकारों, क्रिएटिव लोगों ने अपना काम ही नहीं किया। हमने अपनी कहानियों, फिल्मों, गीतों, समाचारों, किताबों, बातों में, नॉर्थ ईस्ट या गांवों या देश के अलग-अलग हिस्सों को शामिल ही नहीं किया। गांव के व्यक्ति को हमारे लिए 'गंवार' के रूप में ही परिभाषित किया गया। नॉर्थ ईस्ट के लोगों को सिर्फ ड्रग्स या अपराध में ही लिप्त दिखाया गया। दक्षिण भारत के लोग- जो अद्भुत सोच और परंपराओं के धनी हैं- 'मद्रासी' कहकर ही फिल्मों में परोसे गए। 'पड़ोसन' फिल्म में महमूद का पात्र याद है? ऐसे हजारों पात्र हैं। वो लोग जो हमसे 'अलग' हैं, इसलिए उनकी हंसी उड़ाई जा सकती है, उनका अपमान किया जा सकता है?

जब हम लेखकों, पत्रकारों, फिल्मकारों, क्रिएटिव लोगों ने अपना काम नहीं किया- तो हमारे मन में सिर्फ पूर्वाग्रह बनते रहे। हमारी स्कूल की किताबों में दक्षिण भारत या नॉर्थ ईस्ट भारत का जिक्र बस कुछ पन्नों में निबटा दिया गया। भारत के गांव, उनका सशक्त योगदान, गांव के लिए इज्जत, ये हमारी पढ़ाई का हिस्सा ही नहीं रहे। और हमें क्यों नहीं मौका मिला बचपन में कि हिंदी के अलावा तमिल या कन्नड़ या असमिया सीख सकें? और फिर यही पूर्वग्रह हम सोशल मीडिया पर ले आए और उन्हें करोड़ों गुना बड़ा कर दिया।

- शेष पेज 10 पर

नीलेश मिसरा की फिल्म देखने व कहानियां सुनने के लिए QR कोड स्कैन करें। सोशल मीडिया हैंडल @neeleshmisra




OPENING SHORTLY : FATEHPUR (KAITHAL)
EXCLUSIVE STORE : SIRSA - Gali Geeta Bhawan Wali. 9551651000 | KURUKSHETRA - SCO 35, Sector 17. 9729594950 | ZIRAKPUR - Ambala Road, Near. Singhpur Chowk. 7837479472 | Cosmo Plaza, Shop 14, 1st Flr. 8847055510 | AMBALA CANTT - Nicholoson Road, Near. BJP Ofice. 9896334423 | FATEHBAD - GT Road, Nr Delhi Hospital. 9996103021 | BAHADURGARH - Shop. 604/1, Delhi Road, Saini Market. 9050690337 | ROHTAK - Jawahar Market, Opp D Park, Delhi Rd. 8013723333 | SONIPAT - Shop 207-R, Atlas Road. 8398940131 | BHIWANI - Shop 217, Crown Plaza, Old Bus Stand. 9466987987 | FRANCHISE REQUIRED : PANIPAT | REWARI | JIND | KARNAL | NARELA | KAITHAL | HISAR
FOR FRANCHISE ENQUIRY : 9625891525 | 9619062328 enquiry@klubfox.com

नीट यूजी रिजल्ट • फरीदाबाद के होनहारों का देश में डंका

# पांशुल को देश में दूसरा स्थान; परीक्षा रद्द होने पर निराश नहीं हुए, गलतियां सुधार रच दिया इतिहास

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद



नीट यूजी के परिणाम में स्मार्ट सिटी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेक्टर-21सी निवासी पांशुल बंसल ने अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जबकि रुद्राक्ष कोचर ने 37वां और दक्ष मग्गू ने 98वां स्थान प्राप्त किया है। जाह्नवी चौधरी ने 311वां स्थान हासिल किया है।

पांशुल दिल्ली कैलाश कॉलोनी स्थित समर फील्ड स्कूल, रुद्राक्ष, दक्ष और जाह्नवी सेक्टर-87 स्थित मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल के छात्र हैं। इनके परिवार में खुशी का माहौल है। पांशुल ने बताया कि उन्होंने नीट की तैयारी के लिए कोई अलग या विशेष रणनीति नहीं अपनाई। वह नियमित रूप से सुबह, दोपहर और रात निर्धारित समय पर पढ़ाई करते थे। पांशुल ने बताया कि वह परीक्षा रद्द होने के बाद निराश नहीं हुए, बल्कि इसे अवसर के रूप में देखा। पहले वाली परीक्षा में हुई गलतियों से सबक लेकर उन्हें सुधारा और उसका ही परिणाम है कि अखिल भारतीय स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

### पांशुल का सपना न्यूरो सर्जन बनने का है

पांशुल ने बताया कि प्रथम स्थान पर आने वाले आर्यन के भी 720 में से 715 नंबर है। अब वह दिल्ली स्थित एम्स एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगे। एमबीबीएस के बाद न्यूरो सर्जरी या कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में विशेषज्ञता हासिल कर चिकित्सा सेवा में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं। बता दें पांशुल की मां मोनिका बंसल एक समाचार पत्र में कंपनी सचिव के पद पर कार्यरत हैं। जबकि उनके पिता संजीव कुमार बंसल उद्योगपति हैं। पांशुल ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के साथ पूरे संयुक्त परिवार को दिया।

### मां ही स्कूल में मैथ्स टीचर, उन्हीं से मिला कॉम्पिटिटिव माहौल; अब मौलाना आजाद कॉलेज जाने की तैयारी

अखिल भारतीय स्तर पर 98वां स्थान पाने वाले दक्ष मग्गू सफदरजंग या मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगे। वह सेक्टर आठ में परिवार के साथ रहते हैं। इनकी मां ज्योति मग्गू मॉडर्न दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल में ही गणित की अध्यापक हैं। उन्होंने दक्ष को मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक रूप से हमेशा सहयोग किया। उन्होंने एक प्रतियोगी माहौल दिया। गलतियां लगातार सुधारी। दक्ष ने बताया कि वह नीट की तैयारी के साथ स्कूल की पढ़ाई को भी पूरा समय देते थे। 12वीं कक्षा में 98 प्रतिशत अंक आए थे। स्वाध्याय के अलावा स्कूल और कोचिंग ने भी इनके लक्ष्य को आसान बनाया। एमबीबीएस के बाद मेडिसिन या सर्जरी में अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। फिलहाल प्राथमिक एमबीबीएस की अच्छे से पढ़ाई करना है। उनका कहना है कि नीट परीक्षा रद्द होने से निराश अवश्य हुए थे, लेकिन इस बात की भी खुशी है कि दोबारा परीक्षा में केवल योग्य छात्र ही आगे बढ़े हैं।

जमीन मालिक को 16 करोड़ के बदले थमाए सिर्फ 28 लाख

# आवासीय प्रोजेक्ट के नाम पर धोखाधड़ी, अडोर बिल्डर और पार्टनर पर केस दर्ज

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

नचौली गांव में विकसित की गई एक आवासीय परियोजना को लेकर करोड़ों की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। खेड़ीकलां निवासी भूमि मालिक की शिकायत पर पुलिस ने अडोर बिल्डर कंपनी और उसके साझेदारों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी सहित अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता हरविंद ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2021 में उन्होंने नचौली गांव में लगभग 65 कनाल 8 मरला जमीन खरीदी थी। बाद में सेक्टर-12 स्थित बिल्डर फर्म अडोर प्रॉपर्टीज एलएलपी के साझेदार जितेश कुमार गुप्ता ने उनसे संपर्क कर इस जमीन पर आवासीय परियोजना विकसित करने का प्रस्ताव दिया। 23 दिसंबर 2021 को दोनों पक्षों के बीच सहयोग समझौता (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) हुआ। इसके अनुसार परियोजना में विकसित होने वाले प्लॉटों की बिक्री से प्राप्त राशि में शिकायतकर्ता को 25 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलनी थी।

शिकायतकर्ता के अनुसार बिल्डर ने अडोर स्मार्ट सिटी-1 नाम से परियोजना विकसित की, जिसमें कुल 168 प्लॉट बनाए गए। शुरुआती बिक्री दर के आधार पर परियोजना का मूल्य करीब 64 करोड़ था। इसमें उनका हिस्सा लगभग 16 करोड़ रुपए बनता है। पीड़ित का आरोप है कि बिल्डर ने उनकी हिस्सेदारी के बदले केवल 28 लाख रुपए का भुगतान किया। बाद में उन्हें पता चला कि अधिकांश प्लॉट पहले ही बेचे जा चुके हैं। उनका यह भी आरोप है कि कई प्लॉटों को कम कीमत पर दर्शा कर बेचा गया, जबकि अतिरिक्त राशि नकद में ली गई। जिससे उनकी हिस्सेदारी कम दिखाई जा सके।

### मांगा रिकॉर्ड तो मिली जान से मारने की धमकी

शिकायतकर्ता के अनुसार जब उन्होंने बिल्डर से बैंक खातों का विवरण, बिक्री का रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेज मांगे तो उन्हें उपलब्ध नहीं कराए गए। आरोप है कि कानूनी कार्रवाई की बात करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बिल्डर फर्म, उसके साझेदार जितेश कुमार गुप्ता तथा अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

डीटीपी इंफोर्समेंट विभाग की कार्रवाई

# बाजरी में 2 एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त



भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

डीटीपी इंफोर्समेंट विभाग ने बाजरी गांव के राजस्व क्षेत्र में अवैध रूप से दो एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। इस कॉलोनी के बारे में विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद विभाग की टीम ने मौका मुआयना कर कार्रवाई को अंजाम दिया। टीम ने इस कॉलोनी में किए गए सभी निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान किसी तरह का विवाद या स्थिति खराब न हो, इसलिए तोड़फोड़ के दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात था।

डीटीपी इंफोर्समेंट अधिकारी यजन चौधरी के अनुसार शुक्रवार को अवैध कॉलोनी में डेमोलिशन ड्राइव के दौरान 2 स्ट्रक्चर, 1 फार्महाउस, 4 बाउंड्री वॉल और सड़कों के नेटवर्क को तोड़ दिया गया। उन्होंने कहा फरीदाबाद के आसपास के गांवों में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी काटकर बेचने के मामले बढ़ रहे हैं। इन्हें रोकने के लिए विभाग लगातार अभियान चला रहा है। भविष्य में भी ऐसी किसी भी अवैध बसावट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बल्लभगढ़ के 19 पार्कों में लगेंगी फैंसी एलईडी लाइटें

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पार्कों को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप देने की दिशा में नगर निगम ने करीब 2 करोड़ 4 लाख रुपए की लागत से 19 पार्कों में फैंसी एलईडी लाइटें लगाने का कार्य शुरू किया है। इसकी शुरुआत सेक्टर-3 स्थित श्रीराम पार्क से स्थानीय निवासियों द्वारा नारियल फोड़कर की गई। लक्ष्य है कि दिवाली तक सभी पार्कों में लाइटें लगाकर उन्हें रोशनी से जगमग कर दिया जाए। बल्लभगढ़ के विधायक पंडित मूलचंद शर्मा ने बताया कि उनकी मांग पर नगर निगम ने इस परियोजना को स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा पार्कों की प्रकाश व्यवस्था भी आधुनिक बनाई जा रही है। इससे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और लोगों को शाम के समय सुरक्षित व बेहतर वातावरण मिलेगा। परियोजना के तहत श्रीराम पार्क, श्रीकृष्ण पार्क, श्री गणेश पार्क, गोवर्धन पार्क, मधुबन पार्क, गुरु नानक पार्क, वीर शिवाजी पार्क, शिव पार्क, गुलमोहर पार्क, अशोका पार्क, नाहर सिंह पार्क सहित कुल 19 पार्कों में आकर्षक एलईडी लाइटें लगाई जाएंगी।

# कलह में पति ने धारदार हथियार से पत्नी का गला काटा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

पल्ला थाना के तहत श्याम कॉलोनी में गुरुवार रात 60 वर्षीय बुजुर्ग ने पारिवारिक कलह में धारदार हथियार से गला काटकर पत्नी की हत्या कर दी। मृतका की पहचान 52 वर्षीय किरण के रूप में हुई। पल्ला थाना पुलिस ने बड़े बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मृतका किरण पति अरुण सिंह व तीन संतानों के साथ श्याम कॉलोनी में रहती थी। उनके तीनों बच्चों की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे करण के अनुसार रात को किसी बात पर माता-पिता में कहासुनी हो गई। इसी दौरान पिता ने धारदार हथियार से मां की गला काटकर हत्या कर दी।

## बदमाशों ने शराब कारोबारी से लूटे डेढ़ लाख, जांच शुरु

**फरीदाबाद** | एनआईटी-2 निवासी शराब कारोबारी चरन सिंह से गुरुवार रात स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने 1.53 लाख लूट लिए। पीड़ित डबुआ चौक स्थित ठेका बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। एनआईटी-2 ई-ब्लॉक के पास घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोककर रुपयों से भरा थैला छीना और फरार हो गए। कोतवाली थाना पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# गोदाम से लाख रुपए लेकर फरार, दबोचा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

सीआईए ऊंचा गांव की टीम ने शराब गोदाम से 12.50 लाख रुपए लेकर फरार कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर सौंप दिया गया। आरोपी की पहचान बल्लभगढ़ निवासी विनोद पासवान के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार शराब गोदाम के हेड कैशियर आशुतोष कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फर्म की नकदी बैंक में जमा करने की जिम्मेदारी कर्मचारी विनोद पासवान के पास थी। 4 जुलाई को उसे 7.50 लाख व 11 जुलाई को 5 लाख कैश दिए गए थे। इस प्रकार कुल 12.50 लाख रुपए फर्म के खाते में जमा करने थे। 13 जुलाई को फर्म के रिकॉर्ड की जांच के दौरान पता चला कि उक्त राशि खाते में जमा नहीं की गई। जब शिकायतकर्ता ने विनोद से संपर्क करने की कोशिश की तो उसका मोबाइल बंद मिला। उसके घर जाकर पता किया गया तो वह गायब था। इसके बाद सराय ख्वाजा थाने में केस दर्ज कराया गया। मामले की जांच सीआईए ऊंचा गांव को सौंप दी गई। जांच में सामने आया कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए राजस्थान के कोटपुतली में अपने एक परिचित के यहां छिपा हुआ है। जैसे ही वह गुरुवार को फरीदाबाद लौटा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

सेक्टर-79 • परियोजना में निवेश का आरोप

# फूड कोर्ट के नाम पर 30 लाख ठगे, निदेशकों पर एफआईआर

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

बीपीटीपी थाना पुलिस ने सेक्टर-79 स्थित एक व्यावसायिक परियोजना में फूड कोर्ट की दुकान दिलाने का झांसा देकर 30.87 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर बिल्डर, उसके निदेशकों और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि निवेश कराने के बाद न दुकान का कब्जा दिया गया और न निवेश की गई राशि वापस की गई।

सेक्टर-89 निवासी अमित जैन ने वर्ष 2021 में सनरेज इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों और अन्य लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। आरोपियों ने सेक्टर-79 स्थित आर प्लाजा परियोजना के फूड कोर्ट में दुकान दिलाने का आश्वासन दिया था। दावा किया गया कि सभी नक्शे व सरकारी स्वीकृतियां प्राप्त हैं तथा दिसंबर 2022 तक निर्माण पूरा कर कब्जा दे दिया जाएगा। भरोसा दिलाकर उनसे 30.87 लाख का निवेश कराया गया। बदले में 325 वर्ग फुट क्षेत्र का अस्थायी आवंटन पत्र और सुरक्षा के तौर पर एक चेक दिया गया। जांच करने पर पता चला कि जिस फूड कोर्ट क्षेत्र में दुकान दिखाई गई, वह स्वीकृत नक्शे में शामिल ही नहीं है। निवेशकों को दिखाए गए नक्शे और दस्तावेज फर्जी पाए गए। परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई और राशि वापस मांगने पर निदेशक टालमटोल करते रहे। साइट पर पहुंचने पर जानकारी मिली कि वहां किसी अन्य पक्ष का कब्जा है। पीड़ित ने शिकायत में यह भी कहा कि एक ही संपत्ति को कई लोगों को बेचकर धोखाधड़ी की गई। निवेश की गई राशि न वापस की गई और न दुकान का कब्जा दिया गया। बीपीटीपी थाना पुलिस ने बिल्डर कंपनी, उसके निदेशकों और अन्य संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## स्कूली बच्चों ने स्वच्छता रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश



गुरुग्राम। स्वच्छता रैली निकालते स्कूली बच्चे।

**गुरुग्राम** | नगर निगम मानेसर ने आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आईएमटी सेक्टर-1 मार्केट में विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत करीब 100 स्कूली बच्चों ने स्वच्छता रैली निकालकर, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ा निर्धारित स्थान पर डालने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का संदेश दिया। उप-निगम आयुक्त अपूर्व चौधरी के नेतृत्व में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष कार्रवाई भी की।

## दूसरे जिलों के लिए सौगात देने वाली सरकार के एजेंडे में गुरुग्राम नहीं: डावर

**गुरुग्राम** | जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहरी) अध्यक्ष पंकज डावर ने भाजपा सरकार पर गुरुग्राम की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बुलाकर सरकार जींद की धरती से दूसरे जिलों के लिए बड़ी-बड़ी सौगातें दे रही है, लेकिन प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले गुरुग्राम को अपने एजेंडे से पूरी तरह बाहर रखा है। देश की राजधानी के साथ लगता गुरुग्राम आज बस अड्डा और सिविल अस्पताल के लिए तरस रहा है। यह गुरुग्राम की जनता के साथ धोखा और अन्याय है।

## थार ने बलेनो कार को मारी टक्कर, तीन घायल, चालक पर केस दर्ज

**गुरुग्राम** | पुराने जेल चौक के पास शुक्रवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार थार ने बलेनो कार को टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। शिवाजी नगर थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर थॉर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नई बस्ती निवासी मीनाक्षी चड्ढा ने पुलिस को शिकायत दी कि वह 17 जुलाई को सुबह करीब 4:30 बजे अपने बच्चों दिवांश, लक्षिता और रिश्तेदार याशिका के साथ बलेनो कार में घूमने के लिए निकली थीं। जब उनकी कार पुराने जेल चौक से राजीव चौक की ओर मुड़ रही थी, तभी राजीव चौक की तरफ से तेज रफ्तार काले रंग की थॉर ने जोरदार टक्कर मार दी।

## महिला आरक्षण अधिनियम को तत्काल लागू करने की महिला संगठनों की मांग

**गुरुग्राम** | महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को लागू करने की अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति गुरुग्राम ने मांग की है। इस मांग को लेकर समिति की ओर से शुक्रवार को गुड़गांव जिला कांग्रेस (शहरी) अध्यक्ष पंकज डावर को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि इस कानून को जनगणना और परिसीमन की शर्तों से अलग कर संसद के आगामी सत्र में तत्काल लागू किया जाए। डावर को दिए गए ज्ञापन के दौरान महिला समिति की राज्य महासचिव उषा सरोहा, जिला प्रधान रामवती, कोषाध्यक्ष गिरजा कुमारी, जिला सचिव भारती देवी समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

जल संरक्षण, सौंदर्यीकरण, हरित विकास और रखरखाव की जिम्मेदारी संस्थाओं को

# एनजीओ संग एमओयू कर नगर निगम संवारेगा शहर के पारंपरिक तालाब

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

शहर के पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन एवं पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देते हुए नगर निगम गुरुग्राम ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के साथ महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) किए हैं। इन समझौतों के माध्यम से शहर के चयनित तालाबों का समग्र विकास, सौंदर्यीकरण, हरित विकास, स्वच्छता तथा दीर्घकालिक रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। यह पहल जल संरक्षण, भूजल संवर्धन और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम ने आर्ट ऑफ लिविंग के साथ भोंडसी तालाब (सोहना रोड), दौलताबाद तालाब (जहाजगढ़ रोड) तथा मैदावास तालाब के संरक्षण एवं विकास के लिए एमओयू किया है। इसके अलावा वन स्टेप एनजीओ के साथ भोंडसी स्थित गीतानंद आश्रम तालाब तथा गिव मी ट्रीज एनजीओ के साथ दरबारीपुर तालाब (हरबक्शा मंदिर के निकट) के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए समझौता किया गया है।

### एमओयू की तीन वर्ष की अवधि निर्धारित



इन सभी एमओयू की अवधि तीन वर्ष निर्धारित की गई है। पहले वर्ष में संबंधित संस्थाएं तालाबों का व्यापक विकास, सौंदर्यीकरण, हरित क्षेत्र का विस्तार एवं अन्य आवश्यक कार्य करेंगी। इसके बाद अगले दो वर्षों तक उन्हीं संस्थाओं द्वारा तालाबों का संचालन एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि इन जल स्रोतों की गुणवत्ता और उपयोगिता लंबे समय तक बनी रहे।

**संस्था की होगी वित्तीय व्यय संबंधित उत्तरदायित्वः** इस पहल की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इन परियोजनाओं पर होने वाला संपूर्ण वित्तीय व्यय संबंधित एनजीओ अथवा उनके कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सहयोगियों द्वारा वहन किया जाएगा, जिससे नगर निगम गुरुग्राम पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। नगर निगम का उद्देश्य जनभागीदारी और सीएसआर सहयोग के माध्यम से शहर के पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करना, वर्षा जल संरक्षण को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में सुधार करना, जैव विविधता को संरक्षित करना तथा गुरुग्राम को अधिक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल शहर के रूप में विकसित करना है। यह पहल भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ नागरिकों के लिए बेहतर प्राकृतिक एवं सार्वजनिक स्थलों का निर्माण भी करेगी। नगर निगम आयुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जनभागीदारी के माध्यम से हम गुरुग्राम को एक अधिक हरित, स्वच्छ और जल-सुरक्षित शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर अतिरिक्त निगमायुक्त रविन्द्र यादव, संयुक्त आयुक्त डॉ प्रीतपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता सचिन यादव, सहायक अभियंता हरिप्रकाश व गौरी सरीन सहित संबंधित एनजीओ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# ई-रिक्शा में लदे सरिये कैब के अगले हिस्से को चीरते हुए चालक के गर्दन व सीने के आर-पार हो गए, मौत

भास्कर न्यूज । गुरुग्राम



सरिए से लदे ई-रिक्शा के साथ दुर्घनाग्रस्त कैब।

द्वारका एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर एक दिल दहला देने वाले सड़क हादसे में कैब चालक की मौके पर ही मौत हो गई। लोहे के सरियों से लदे एक ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर लगने के बाद सरिये कैब के अगले हिस्से को चीरते हुए चालक के सीने के आर-पार हो गए। हादसे को देखकर कैब में सवार महिला यात्री सदमे में आकर बेहोश हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा द्वारका एक्सप्रेसवे पर एवीएल-36 सोसाइटी के पास हुआ। गुरुग्राम से दिल्ली जा रही एक कैब ओवरटेक लेन में चल रहे सरियों से भरे ई-रिक्शा से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा में लदे लोहे के सरिये कैब के शीशे को तोड़ते हुए चालक की गर्दन व सीने से पार हो गए जिससे शिवेंद्र नामक कैब चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सेक्टर-37 थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद कैब में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, जबकि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। वहीं कैब में सवार महिला यात्री भीषण हादसे को देखकर बेहोश हो गई। उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। हादसे के कारण द्वारका एक्सप्रेसवे पर कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़कों किनारे हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। ई-रिक्शा चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उसका कहना है कि वह धीमी गति से वाहन चला रहा था और पीछे से कैब ने टक्कर मारी।

## घरेलू सहायिका की कार दुर्घटना में मौत, महिला चालक गिरफ्तार

**गुरुग्राम** | सेक्टर-67 स्थित एक सोसायटी में काम करने गई 60 वर्षीय घरेलू सहायिका की कार दुर्घटना में मौत के मामले में गुरुग्राम पुलिस ने महिला चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई 2026 को एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-65 में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी माता गुड्डी देवी (60) घरेलू कार्य करती थीं। 14 जुलाई को वह सेक्टर-67 स्थित अंसल वर्शालिया के एक फ्लैट में काम करने गई थीं। इसी दौरान फ्लैट मालिक नीतू का फोन आया, जिसमें उसने बताया कि उसकी कार से गुड्डी देवी का एक्सीडेंट हो गया है और उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचा तो फ्लैट मालिक नीतू अपनी कार से उसकी माता को लेकर आई। कार की पिछली सीट पर गुड्डी देवी अचेत अवस्था में थीं और उनकी मौत हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-65 पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए 16 जुलाई को आरोपी महिला चालक नीतू को गुरुग्राम से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सेक्टर-67 की निवासी है। पुलिस ने दुर्घटना में इस्तेमाल की गई कार को भी कब्जे में ले लिया है।

# विकास व पर्यावरण संरक्षण के नए युग में प्रवेश कर रहा भारतः वेदपाल

खरीद सीजन से पहले मंडियों को दुरूस्त करने के दिए निर्देश

भास्कर न्यूज | नूंह

कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष वेदपाल ने शुक्रवार को नूंह अनाज मंडी का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात में जलभराव व आवारा पशुओं के प्रवेश पर प्रभावी रोक लगाकर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था करें ताकि किसानों और व्यापारियों को असुविधा न हो।

उन्होंने मंडियों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए मुख्यालय से स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है, उन्हें शीघ्र शुरू कर समयबद्ध ढंग से पूरा कराएं। आगामी खरीद सीजन से पहले सभी मंडियों में आवश्यक व्यवस्था विकसित कर ली जाए, किसी भी आवश्यक कार्य के लिए मुख्यालय स्तर की स्वीकृति या संसाधन की आवश्यकता संबंधी प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाए, ताकि ऐन मौके पर समस्या न हो। इससे पहले वह एसएचकेएम, नलहड़ के सभागार पहुंचे जहां जींद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हाइड्रोजन ट्रेन को झंडी दिखाने का लाइव प्रसारण देखा। प्रदेश सरकार की ओर से अतिथियों की अधिकारिक सूची में नाम होने के बाद भी पुन्हाना से कांग्रेस के निष्कासित विधायक मोहम्मद इलियास ने कार्यक्रम से दूरी बनाई। जबकि एडवोकेट वेदपाल कार्यक्रम स्थल पर स्थानीय नेताओं व अधिकारियों के साथ इलेक्ट्रिक बस में सवार होकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हमारा देश विकास और पर्यावरण संरक्षण के नए युग में प्रवेश कर रहा है। भारत ने विश्व की सबसे पावरफुल हाइड्रोजन ट्रेन का लोकार्पण कर इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस मौके पर जिप चेयरमैन जान मोहम्मद, पूर्व मंत्री कंवर संजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, फिरोजपुर झिरका नपा चेयरमैन मनीष जैन समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## खेतों को बनाया स्टंट ट्रैक, वायरल हुई थार की हुड़दंग



**गुरुग्राम** | गुरुग्राम में सड़कों पर गाड़ियों से स्टंट कर रील बनाने और सोशल मीडिया पर मशहूर होने का भूत रईसजादों के सिर से उतर नहीं रहा है। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर खतरनाक रेसिंग स्टंट के बाद युवाओं ने हुड़दंग का नया जरिया ढूंढ लिया है। अब इन रईसजादों ने ब्लैक रंग की महिंद्रा थार और स्कॉर्पियो गाड़ियों से हाईवे के बजाय ग्रामीण इलाकों के खेतों और कंपनियों के गेट पर जानलेवा ऑफ-रोडिंग स्टंट करना शुरू कर दिया है। इतना ही नहीं चालान और पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए इन युवाओं ने अपनी स्ट्रेटजी बदलते हुए अपनी गाड़ियों की नंबर प्लेट तक उतार दी है। सोशल मीडिया पर पिछले कुछ दिनों से ऐसे कई वीडियो तेजी से वायरल हो रहे हैं, जो पुलिस और प्रशासन को खुली चुनौती देते हैं।

## छापेमारी के समय फरार हुआ, 4 घंटे बाद मुठभेड़, दोनों पैरों में लगी गोली, अरेस्ट

**नूंह** | गोतस्करी की सूचना पर पुलिस की छापेमारी से पहले ही फरार हुए आरोपी को पुलिस ने चंद घंटे बाद ही मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। फरार होने से रोकने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी, जवाबी कार्रवाई में उसके दोनों पैरों में गोली लगी। फिलहाल आरोपी नलहड़ मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन है और उसकी हालत में सुधार है।

सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह के नेतृत्व वाली सीएस स्टाफ फिरोजपुर झिरका की टीम ने गांव अगोन में गोकशी की सूचना पर बृहस्पतिवार-शुक्रवार की रात करीब एक बजे जमशेद के मकान पर छापेमारी की। छापेमारी की भनक आरोपियों को लगी तो वे पुलिस टीम के पहुंचने से पहले ही फरार हो गए। टीम ने मौके तीन गोधन व गाय काटने के लिए इस्तेमाल की जाने वाला चाकू व कुल्हाड़ी बरामद कर जमशेद की पत्नी समेत कई नाजमद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। कुछ ही घंटे बाद गोकशी के आरोपियों के राजस्थान भागने की सूचना पर एसआई महेंद्र सिंह ने शुक्रवार सुबह करीब चार बजे अपनी टीम के साथ रावली बांध के पास नाकेबंदी कर दी। इस बीच एक आरोपी बाइक पर सवार होकर आता दिखा तो पुलिस टीम ने उसे रूकने का इशारा किया। आरोपी ने रूकने की बजाय अवैध हथियार से पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग की। पुलिस टीम की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल आरोपी को बाद में शहीद हसन खां मेवाती मेडिकल कॉलेज, नलहड़ पहुंचाया गया। जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार है।



अस्पताल में उपचाराधीन आरोपी जमशेद।

**भास्कर एक्सक्लूसिव** मंत्रालय के फंड से खरीदी गई थी चांदी

# भेल के गुरुग्राम सोलर सेल प्लांट से 31 किलो चांदी गायब, एजीएम और पूर्व मैनेजर पर केस

हरीश कोचर | चंडीगढ़

भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के गुरुग्राम स्थित अमोरफस सिलिकॉन सोलर सेल प्लांट में लाखों रुपए की चांदी के गायब होने का मामला सामने आया है। केंद्र और राज्य सरकारों के लिए भेल ऊर्जा, औद्योगिक विनिर्माण और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में इंजीनियरिंग, डिजाइन और अनुसंधान का कार्य करती है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के फंड से खरीदी गई करीब 31.65 किलोग्राम 'सिल्वर टारगेट्स' (रिसाइकिल योग्य चांदी) प्लांट से गायब मिली है। वर्ष 2020 के ऑडिट में प्लांट में 35.6 किलोग्राम चांदी दर्ज थी, लेकिन 6 फरवरी 2024 को लॉकर की औचक फिजिकल वेरिफिकेशन में वहां सिर्फ 6.23 किलोग्राम चांदी मिली।

प्राथमिक जांच के बाद सीबीआई ने बीएचईएल के एजीएम एवं सेल प्लांट हेड डॉ. भरत कुमार पंत और तत्कालीन मैनेजर आशीष कुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है। बीएचईएल ने वर्षों पहले नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय से मिले सरकारी फंड से करोड़ों रुपए की चांदी खरीदी थी। वर्ष 2016-17 तक कंपनी के पास करीब 35.6 किलोग्राम चांदी शेष थी, जिसका उल्लेख वर्ष 2020 तक के ऑडिट रिकॉर्ड में भी है।

### रिकॉर्ड खंगालने पर ऐसे सामने आया घोटाला

- जांच में वर्ष 2016-17 तक प्लांट में 35.6 किलोग्राम चांदी होने की पुष्टि हुई, जो वर्ष 2020 तक के ऑडिट रिकॉर्ड में भी दर्ज थी।
- 6 फरवरी 2024 को गोदरेज सेफ (लॉकर) की औचक फिजिकल वेरिफिकेशन में सिर्फ 6.23 किलोग्राम चांदी मिली।
- रिकॉर्ड के अनुसार 35.6 किलोग्राम चांदी होनी चाहिए थी, जबकि मौके पर 3.98 किलोग्राम सिल्वर टारगेट और 2.25 किलोग्राम स्क्रैप यानी कुल 6.23 किलोग्राम ही मिला। इस तरह 31.65 किलोग्राम चांदी गायब पाई गई।

## न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम के विरोध में 26 को शिमला के चौड़ा मैदान में गरजेंगे शिक्षक

भराड़ी| मांगों को लेकर शिमला में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ की 'न्याय यात्रा' शुक्रवार को डंगार से अगले गंतव्य के लिए रवाना हो गई। डंगार पहुंचने पर जहां प्राथमिक शिक्षकों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कई लोगों ने उन्हें अपना समर्थन भी दिया, वहीं सातवें दिन शिमला के लिए रवाना होते समय उन्हें शुभकामनाएं दी गई। न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम के विरोध में प्राथमिक शिक्षक सड़कों पर उतर पड़े हैं। प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश शर्मा की अगुवाई में गत 11 जुलाई को स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के पहले ही दिन से 'प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा' शुरू की गई थी। प्राथमिक शिक्षकों की यह 'न्याय यात्रा' 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी, जहां 26 को चौड़ा मैदान में धरना-प्रदर्शन के माध्यम से मांगों को लेकर आवाज बुलंद की जाएगी।

## हमीरपुर जेल में मोबाइल-ड्रग्स फेंकने की जांच नालागढ़ तक पहुंची

हमीरपुर | हमीरपुर की दोसड़का जेल की दीवार के ऊपर से फेंके गए एक पैकेट से दो मोबाइल, नकदी और हेरोइन बरामद होने के बाद पुलिस जांच नालागढ़ तक पहुंच गई है। मुस्तैद सुरक्षाकर्मियों ने कैदियों के उठाने से पहले ही इसे जब्त कर लिया था। मामले में तीन कैदियों पर केस दर्ज किया गया है। इस घटना ने जेल सुरक्षा की पोल खोल दी है। परिसर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे न सिर्फ कम हैं, बल्कि कई खराब भी पड़े हैं। वर्तमान में यहां करीब 100 कैदियों में कई एनडीपीएस मामलों के अंडर-ट्रायल हैं, जिन्हें भीड़ कम करने के लिए अन्य जेलों से यहां शिफ्ट किया गया है। यह जेल पहले भी चर्चा में रही है। मार्च 2024 में यहां एक कैदी ने आत्महत्या की थी, वहीं पूर्व में चार कैदी फरार भी हो चुके हैं।

**कामयाबी** • गुरुग्राम 336 स्टेशनों के साथ नंबर वन, रोहतक में 95% काम पूरा

# 6 माह में ही साल का 88% लक्ष्य पूरा किया, प्रदेशभर में 789 नए ईवी चार्जिंग पॉइंट शुरू

भास्कर न्यूज़ | हिसार

प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में सूबे के बिजली वितरण निगमों में डीएचबीवीएन व यूएचबीवीएन ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। चालू वर्ष 2026 के लिए तय किए गए 900 चार्जिंग स्टेशनों के लक्ष्य में से महज 6 महीनों के भीतर ही 789 ईवी चार्जिंग स्टेशन और पॉइंट स्थापित कर दिए गए हैं। यह कुल सालाना टारगेट का लगभग 88 फीसदी है। दोनों बिजली निगमों द्वारा इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है।

विभाग के पीआरओ संजय चुघ ने बताया कि प्रबंध निदेशक ने सभी फील्ड अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि बचे हुए 111 चार्जिंग स्टेशनों का काम भी समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

निगमों के आंकड़ों के मुताबिक, साइबर सिटी गुरुग्राम में सबसे ज्यादा 336 चार्जिंग पॉइंट एक्टिव हो चुके हैं, जबकि यहां का लक्ष्य 380 था। वहीं, फीसदी के लिहाज से रोहतक ने सबसे बाजी मारी है, जहां 75 के लक्ष्य के मुकाबले 71 स्टेशन (94.6%) बनकर तैयार हैं। औद्योगिक क्षेत्र मानेसर में भी 60 में से 54 पॉइंट चालू किए जा चुके हैं।

**कहां कितने चार्जिंग स्टेशन लगे**

| शहर | 2026 | पॉइंट | काम |
|---|---|---|---|
| गुरुग्राम | 380 | 336 | 88.4% |
| रोहतक | 75 | 71 | 94.6% |
| मानेसर | 60 | 54 | 90.0% |
| करनाल | 100 | 89 | 89.0% |
| पानीपत | 75 | 64 | 85.3% |
| सोनीपत | 150 | 126 | 84.0% |
| फरीदाबाद | 60 | 49 | 81.6% |

*ई-मोबिलिटी नीति के तहत पूरे हरियाणा में आधुनिक और भरोसेमंद चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। इस नेटवर्क के मजबूत होने से लोग बेझिझक इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीद सकेंगे। पेट्रोल-डीजल पर हमारी निर्भरता कम होगी।*
**-विक्रम सिंह,** प्रबंध निदेशक, डीएबीवीएन और यूएचबीवीएन

# सिलेंडर फटने से मकान ध्वस्त, झुलसने से युवती की मौत हुई

सफीदों (जींद) | जींद में सफीदों क्षेत्र के रजाना गांव के एक घर में शुक्रवार गैस सिलेंडर फट गया। हादसे में चाय बना रही 25 वर्षीय युवती मनीषा की झुलसने से मौत हो गई और मकान ध्वस्त हो गया। हादसे के दौरान मनीषा घर में अकेली थी। मनीषा की मां राजबाला घूमने के लिए गईं थीं और उसके पिता पानीपत रिफाइनरी में काम करने के लिए गए थे। दोनों भाई भी बाहर रहते हैं। पड़ोसियों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। मनीष के चचेरे भाई परमजीत ने बताया कि दमकल विभाग की गाड़ी भी काफी देर के बाद पहुंची।









भास्कर ब्रेकिंग | विस के मानसून सत्र में 10 अहम विधेयक लाने की तैयारी

# निजी विवि को जमीन की शर्तों में छूट, उद्योग की सारी मंजूरी एक छत के नीचे

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

20 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार 10 महत्वपूर्ण विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इनमें समान नागरिक संहिता (यूसीसी), निजी कोचिंग संस्थानों के विनियमन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा, श्रम संहिता और राजमार्ग संशोधन जैसे अहम विधेयकों को मंजूरी मिल सकती है। इनमें से कई विधेयकों को 19 जुलाई को जगदीशपुर में प्रस्तावित कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी जाएगी, जबकि कुछ प्रस्तावों को पूर्व में हुई कैबिनेट बैठकों से स्वीकृति मिल चुकी है।

सबसे अहम विधयेक निजी विवि खोलने की शर्तों के सरलीकरण से जुड़ा है। अभी तक निजी विवि खोलने के लिए कम से कम 25 एकड़ जमीन और कम से कम 5 करोड़ का फंड जरूरी है। नए बिल में इस 25 एकड़ जमीन की पाबंदी को खत्म करके 'पर्याप्त जमीन होना' शब्द जोड़ा जा रहा है। इसके बाद कोई भी विवि शहर के भीतर या सीमा के पास भी विवि खोल सकेगा। देश के बड़े शहरों में दो से पांच एकड़ जमीन होने पर भी विवि खोले गए हैं। इसी अवधारणा को मप्र में लागू किया जा रहा है।

इसे मप्र निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 कहा जाएगा। निजी विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप नए पाठ्यक्रमों की अनुमति, आधारभूत संरचना के मापदंडों और शैक्षणिक गुणवत्ता की निगरानी के लिए सख्त नियम सरल हो रहे हैं।

## तीन बड़े विधेयक... कोचिंग के लिए नियम कड़े, फायर एक्ट आएगा

### 1. ईज ऑफ डूइंग बिजनेस... इंडस्ट्री को सभी मंजूरियों के लिए अलग सचिवालय

मप्र ईज ऑफ डूइंग एक्ट 2026 में एक बड़ा प्रावधान किया जा रहा है। मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में एक ईज ऑफ डूइंग बिजनेस (ईओडीबी) सचिवालय खुलेगा, जहां नई इंडस्ट्री की सभी मंजूरियां सिंगल विंडो में मिलेंगी। सभी विभाग अपने अधिकारों को ट्रांसफर करेंगे। जो विभाग ऐसा नहीं करेगा, उसके अधिकारी की पदस्थापना ईओडीबी सचिवालय में होगी। निवेशक खुद हलफनामा देंगे कि वे इंडस्ट्री लगाने जा रहे हैं। इसी आधार पर लेटर ऑफ स्टेब्लिशमेंट जारी हो जाएगा। पीसीबी सर्टिफिकेट जरूरी नहीं होगा। इसी में 4-5 माह लगते हैं।

### 2. कोचिंग पर पाबंदी : छोड़ने वाले छात्र को 10 दिन में फीस लौटानी होगी

मप्र निजी कोचिंग संस्थान (रजिस्ट्रेशन एवं विनियमन) विधेयक, 2026 को भी मंजूरी मिलने वाली है। इसमें 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के प्रवेश पर रोक रहेगी। यानि कोचिंग में 11वीं से ही प्रवेश होगा। कोचिंग संस्थानों के लिए पंजीयन अनिवार्य होगा। वे भ्रामक विज्ञापन भी जारी नहीं कर पाएंगे। कोई करता है तो उस पर दंडात्मक कार्रवाई एक्ट के तहत होगी। इसके अलावा किसी कोचिंग से छात्र या छात्रा बीच में पढ़ाई छोड़ता है तो 10 दिन में प्रो-राटा-बेसिस (यथानुपात आधार) पर फीस रिफंड की व्यवस्था होगी।

### 3.फायर एक्ट... 15 मीटर से ऊंची हर बिल्डिंग दायरे में

मप्र अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विधेयक, 2026 में 15 मीटर से ऊंची बहुमंजिला इमारतों, स्कूल (500 से ज्यादा विद्यार्थी), होटल (15 से ज्यादा रूम), मॉल, अस्पताल (50 से अधिक बिस्तर) और व्यावसायिक परिसरों में फायर एनओसी अनिवार्य होगी। ऐसा नहीं करने पर बड़ा जुर्माना होगा। नगरीय निकायों में प्रॉपर्टी टैक्स के साथ 'फायर सेफ्टी टैक्स' लगाने का भी प्रस्ताव है। इससे संसाधन जुटाए जाएंगे।

### ये अहम बिल भी मानसून सत्र में

- **मप्र समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026** : मुख्य प्रावधानों में विवाह, तलाक, गोद लेने और उत्तराधिकार के लिए सभी धर्मों के लिए एक समान कानून। लिव-इन का अनिवार्य पंजीकरण, पैतृक संपत्ति में महिला और पुरुष को समान अधिकार। जनजातियों को छूट।
- **मप्र श्रम संहिता, 2026** : 6 पुराने श्रम कानून समाप्त कर केंद्रीय श्रम कोड के अनुकूल एकीकृत कानून लागू करना। थिएटर- रेस्टोरेंट के 24/7 संचालन के लिए तीन शिफ्टों में काम। नए प्रतिष्ठान की स्थापना आवेदन पर इंस्पेक्टर वेरिफिकेशन खत्म ।
- **मप्र नागरिक सुरक्षा संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026** : बीएनएसएस के अनुरूप न्यायिक और पुलिस जांच प्रक्रिया को डिजिटल बनाना।

**रविवार को कैबिनेट बैठक, इसमें आएंगे ये बिल...** ▪ मप्र राजमार्ग (संशोधन) विधेयक, 2026 ▪ मप्र निरसन विधेयक 2026 ▪ मप्र समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 ▪ फायर एक्ट ▪ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक, 2026 ▪ मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विवि (संशोधन) विधेयक, 2026 जबलपुर में एक विवि था। इसे दो भागों में बांटा जा रहा है। ▪ मप्र धनवंतरी स्वास्थ्य विवि विधेयक ▪ ईज आफ डूइंग बिजनेस ▪ मप्र श्रम संहिता 2026।

## अंत्योदय; अब प्रति व्यक्ति सात किलो, अधिकतम 35 किलो राशन ही मिलेगा

**भोपाल** | अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशन वितरण की व्यवस्था में बड़ा बदलाव प्रस्तावित है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा विधेयक-2026 के मसौदे में अंत्योदय परिवार को 35 किलो राशन देने की जगह प्रति व्यक्ति 7 किलो खाद्यान्न देने का प्रस्ताव है। हालांकि, किसी भी परिवार को अधिकतम 35 किलो से अधिक राशन नहीं मिलेगा। विभाग ने मसौदे पर जनता से 13 जुलाई तक सुझाव मांगे थे।

**मप्र में 13 लाख** : प्रदेश में 13 लाख अंत्योदय परिवार इस योजना का लाभ ले रहे हैं। इनमें भोपाल में ही एक लाख परिवार शामिल हैं। बदलाव का उद्देश्य राशन वितरण में समानता लाना है। फिलहाल यह केवल मसौदा विधेयक है। इसे अभी कानून का रूप नहीं मिला है।

## बेमेतरा में महिला की हत्या कर आरी से काटे हाथ-पैर

भास्कर न्यूज़ | बेमेतरा

थाना चंदनू और सायबर सेल की संयुक्त टीम ने शिवनाथ नदी किनारे 5 टुकडों में मिली महिला की शव के अंधे कत्ल की गुत्थी को सुलझा लिया है। हत्या का आरोपी गांव का ही 42 वर्षीय रंजिश रखने वाला शख्स निकला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामले का खुलासा तब हुआ जब मृतका दुकलहिन बाई (50 वर्ष) के बेटे गोवर्धन बंजारे ने 9 जुलाई को अमरैया नाला (शिवनाथ नदी, ग्राम तुमा) के पास अपनी मां का शव देखा। अारोपी ने महिला के दोनों हाथ कंधे से और दोनों पैर जांघ के पास से काटकर अलग कर दिए थे। शव को घर की ही साड़ी, चादर और कंबल में दो गठरियों में बांधकर नदी में फेंका गया था।

**धार** • कोर्ट के आदेश पर नमाज पढ़ने 40 पीर के पास जगह दी

## भोजशाला; 1 किमी दूर दी जगह, मुस्लिमों ने नहीं पढ़ी नमाज, अगले जुमे भी इनकार

भास्कर न्यूज़ | धार

भोजशाला विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद शुक्रवार को जिला प्रशासन ने मुस्लिम समाज के लिए ग्राम मालीवाड़ा स्थित 40 पीर के पास नमाज पढ़ने जगह चिह्नित की। लेकिन यह व्यवस्था पहले ही दिन विवादों में घिर गई।

मुस्लिम समाज ने प्रशासन द्वारा तय किए गए स्थान को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि यह भोजशाला मंदिर से एक किमी दूर है और सुप्रीम कोर्ट की मंशा के अनुरूप नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रमाणित प्रति शुक्रवार सुबह जिला प्रशासन को मिली। इसके बाद अपर कलेक्टर संजीव केशव पांडे की मौजूदगी में प्रशासन और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के बीच ढाई घंटे चर्चा हुई। प्रशासन ने ग्राम मालीवाड़ा स्थित चालीस पीर के पास खुले स्थान का प्रस्ताव रखा, लेकिन इस पर सहमति नहीं बनी।

### स्पष्ट आदेश है, मंदिर के नजदीक जगह दें: मुस्लिम पक्ष

मुस्लिम पक्ष का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में विवादित भोजशाला परिसर के समीप खुले स्थान पर प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे तक नमाज अदा करने की व्यवस्था करने का निर्देश है, जबकि प्रशासन ने परिसर से एक किमी दूर जगह निर्धारित की है। इसलिए न तो इस शुक्रवार वहां नमाज अदा की गई और न ही अगले शुक्रवार नमाज पढ़ी जाएगी। समाज ने मामले में दोबारा कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है।

# विकास गर्ग ने सट्टे की कमाई से खरीदी 1175 करोड़ रुपए की अमेरिकी कंपनी

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

महादेव सट्टा बेटिंग एप और स्काई एक्सचेंज से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी विकास गर्ग को 24 जुलाई तक रिमांड पर लिया है। ईडी सट्टेबाजी की कमाई और उसके निवेश को लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। पूछताछ के दौरान विकास को दस्तावेज और वित्तीय ट्रांजेक्शन भी दिखाए गए हैं। एजेंसी का दावा है कि सट्टेबाजी की काली कमाई से अमेरिकी सॉफ्टवेयर कंपनी एबिक्स इंक. को 1175 करोड़ रुपए में खरीदा गया। इस कंपनी की 97.58 फीसदी हिस्सेदारी विकास गर्ग के पास है। जांच में यह भी सामने आया है कि सट्टेबाजी से अर्जित रकम को दुबई, मॉरीशस और ब्रिटेन स्थित विदेशी कंपनियों में निवेश कर वैध बनाया गया। इसके लिए क्यूआईपी, एफपीआई, एफडीआई और एफसीसीबी जैसे निवेश माध्यमों का इस्तेमाल किया गया। ईडी के अनुसार महादेव ऑनलाइन बुक और स्काई एक्सचेंज के जरिए हर महीने 450 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध कमाई होती थी। इस रकम का इस्तेमाल शैल कंपनियों, फर्जी एंट्री और नकद लेनदेन के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग में किया गया। अवैध कमाई से भारत और विदेशों में शेयर, प्रतिभूतियां तथा अन्य संपत्तियां बनाई गईं। परिवार के सदस्यों के नाम पर भी निवेश किया गया। इन कंपनियों से होने वाले मुनाफे को अलग-अलग माध्यमों से वैध बनाकर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल तक पहुंचाया जाता था।

ईडी ने विकास गर्ग की गिरफ्तारी से 45 दिन पहले उसके परिवार और उससे जुड़ी कंपनियों की करीब 940.77 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियां अटैच की थीं। इनमें दिल्ली स्थित आलीशान बंगला, कीमती जमीन, इक्विटी शेयर और अन्य प्रतिभूतियां शामिल हैं।

## छत्तीसगढ़ : कच्चापाल जंगल में नक्सलियों का डंप हथियार मिला, कई राइफलें जब्त

**नारायणपुर** | जिले के नक्सलमुक्त क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए चल रहे संयुक्त सर्चिंग अभियान में पुलिस और बीएसएफ को बड़ी सफलता मिली है। थाना कोहकामेटा क्षेत्र के कच्चापाल जंगल से नक्सलियों का हथियार डंप बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक नारायणपुर पुलिस और 58वीं वाहिनी बीएसएफ की संयुक्त टीम इलाके में सघन सर्चिंग कर रही थी। इसी दौरान कच्चापाल के जंगल में जमीन के भीतर छिपाकर रखे हथियार और गोला-बारूद मिले। मौके से एक .303 रायफल, एक .315 रायफल, एक स्थानीय निर्मित बैरल लांचर, .303 बोर के 17 जीवित कारतूस, 7.62 मिमी के 10 जीवित कारतूस, 12 बोर के चार कारतूस जब्त किए गए। एक खाली .303 मैगजीन, दो कारतूस फिलर, तीन .303 ट्रेसर रॉड भी बरामद हुए।

## नकटी में महिलाओं की निजता से खिलवाड़ का आरोप

**रायपुर** | रायपुर ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने आरोप लगाया है कि नकटी गांव में प्रभावित परिवारों के अस्थायी ठहराव के दौरान महिलाओं के स्नान स्थल के पास कैमरे लगाए गए हैं, जो उनकी गरिमा और निजता पर हमला है। उन्होंने कहा कि पहले 85 गरीब परिवारों के मकान तोड़े गए और अब महिलाओं की निजता भी सुरक्षित नहीं है। बंजारे ने धरसीवा विधायक अनुज शर्मा और सांसद बृजमोहन अग्रवाल से इस मामले में जवाब मांगा। उन्होंने सरकार से कैमरों की तत्काल जांच, तथ्य सार्वजनिक करने और यदि स्नान स्थल पर कैमरे लगाए गए हों तो उन्हें हटाकर कार्रवाई की मांग की।


**PSPCL पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट: www.pspcl.in,
मोबाइल नंबर 96461-55525

**ई-टेंडर एनक्वायरी नंबर 750/P-3/EMPW-13288 दिनांक 14.07.2026**

डिप्टी चीफ इंजीनियर/हेडक्वार्टर (प्रोक्योरमेंट सेल-3) GGSSTP, रूपनगर, MOEF&CC गाइडलाइंस के अनुसार, सीमेंट, रेडी मिक्स कंक्रीट/ऐश बेस्ड प्रोडक्ट वगैरह बनाने वाले बल्क कंज्यूमर्स को GGSSTP/ रूपनगर से 1,00,000 MT (METRIC TONNE) ड्राई फ्लाई ऐश बेचने के लिए DNIT के लिए ई-टेंडर ID नंबर 2026_POWER_171903_1 मंगा रहा है। डिटेल्ड NIT और टेंडर स्पेसिफिकेशन के लिए कृपया 17.07.2026/05:00 PM से https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो ऑनलाइन https://eproc.punjab.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

1079/12/2026-27/13391 RTP-71/26

**JAMMU AND KASHMIR POLICE**
DISTRICT POLICE HEADQUARTERS JAMMU
0191-2561578 (O), 0191-254780 (F),email-sspjammu@jkpolice.gov.in

**Hue and Cry Notice**
**Rule No. 712/191**

SHO P/S Nagrota, Jammu has intimated that accused person namely Ram Krishan S/O Punni Ram R/O Ward No. 11, Hari Jan Mohalla Tehsil Kote Tara District Jahingir Champa Chhattisgarh A/P Trikuta Nagar, Jammu is evading his arrest/wanted in case FIR No. 04/2022 U/S 363 IPC, 4 POCSO Act of P/S Nagrota, since the commission of crime. Despite repeated raids/efforts the accused could not be traced/ still absconded.

It is therefore requested that Hue and Cry Notice of above mentioned accused is being published for the information of Police establishments / Public in general having any clue related to the whereabouts / present location of above named accused, kindly communicate the same on the below mentioned contact / Telephone numbers.

**Description Roll :-**

| | | |
|---|---|---|
| Name | : | Ram Krishan |
| S/O | : | Punni Ram |
| Address | : | Ward No. 11, Hari Jan Mohalla Tehsil Kote Tara District Jahingir Champa Chhattisgarh |
| A/P | : | Trikuta Nagar, Jammu |
| Age | : | 32 years |
| Height | : | 5'7" |
| Complexion | : | Wheatish |
| Eyes | : | Brown |

**Contacts/Telephone Numbers:-**

| | | |
|---|---|---|
| 1. DPO, Jammu | : | 0191-2547807, 0191-2561578 |
| 2. SSP Jammu Mail I.D | : | sspjammu@jkpolice.gov.in |
| 3. PCR Jammu | : | 0191-2605949 |
| 4. SP Rural Jammu | : | 0191-2605949 |
| 5. SDPO Nagrota | : | 0191-2673666 |
| 6. SHO P/S Nagrota | : | 0191-2673025 |

**Sr. Superintendent of Police Jammu**
DIP/J-5898/26

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In the Court of
Ms. Anmol Kakkar
Civil Judge
Junior Division
Kurukshetra
State Bank of India
Vs
Tarun Kataria and Others
CNR No.
HRKU02-001599-2019
Next Date:- 17-08-2026
Publication Issued To:
Def No.1) Tarun Kataria son of Amar Singh
Def No.2) Amar Singh Shad son of Ram Chander
Both R/o House No. C-70, University Campus, Kurukshetra
Def No.3) Joginder Singh son of Ram Chander
R/o House No. C-67, University Campus, Kurukshetra
In above titled case ,the defendant(s)/ respondent(s) could not be served .It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **17-08-2026 at 10:00 am**
For details logon to http:/highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district =Kurukshetra
Sd/- Civil Judge (Junior Division) Kurukshetra
Dated, this day of 13-07-2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In the Court of Komal Dahiya
Civil Judge (Junior Division)
Faridabad
M/s Oil-Lube Systems Private Limited
Vs
M/s Yuva Motors Private Limited
CNR No. HRFB02-003596-2022
Next Date:- 17-09-2026
Publication Issued To:
1) M/s Yuva Motors Private Limited
Through its Director Girish Kumar Agarwalla 29, Neelam-Bata Road, NIT Faridabad Haryana 121002, also at Regd. Office.-149/2, Upper Ground Floor, Flat No.-1C, Village Devli New Delhi-110062
2) Girish Kumar Agarwalla-Direcrtor M/s Yuva Motors Private Limited
29, Neelam-Bata Road, NIT Faridabad Haryana 121002
3) Savita Agarwalla-Director
M/s Yuva Motors Private Limited
29, Neelam-Bata Road, NIT Faridabad Haryana 121002
In above titled case ,the defendant(s)/ respondent(s) could not be served .It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **17-09-2026 at 10:00 am**
For details logon to http:/highcourtchd.gov.in/?mod=district notice&district =Kurukshetra
Sd/- Civil Judge (Junior Division), Faridabad
Dated, this day of 15-07-2026

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
In the Court of
Sh. Vivek Singal
Principal Judge
Family Court, Kurukshetra
EKPREET KAUR
Vs
AJITPAL SINGH
CNR No.
HRKU01-003912-2024
Next Date:- 12-08-2026
HMA/453/2023
Petition U/s 13 of the Hindu Marriage Act 1955 for dissolution of marriage by passing a decree of divorce
Publication Issued To:
Ajitpal Singh
Father:- Inderjit Singh
Behind Gurudwara Neel Dhari, Pipli, District Kurukshetra (8929398760), Kurukshetra, Haryana
In above titled case ,the defendant(s)/ respondent(s) could not be served .It is ordered that defendant(s) /respondent(s) should appear in person or through counsel on **12-08-2026 at 10:00 am**
For details logon to http:/highcourtchd.gov.in/?mod =district notice&district =Kurukshetra
Sd/- Principal Judge Family Court, Kurukshetra
Dated, this day of 10-07-2026

**MAHAGENCO** Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.

**e-Tender Notice**

E-Tenders are invited on line from experienced and reputed Manufacturers / Suppliers / Contractors for the supply / works of following at Gas Turbine Power Station, Uran:

| e-Tender/ RFx No. | Description | Estimated Cost / EMD (Rs) | Sale Period | Last date of submission (up to 11.00 hrs) |
|---|---|---|---|---|
| RFx No. 3000070705 | Work of complete restoration of M/s Siemens make 120 MW Steam Turbine (Unit A0) at GTPS, Uran | 1103.21 Lakhs 5,00,000/- | 18.07.2026 To 06.08.2026 | 07.08.2026 |

Tender Cost Rs.1180/- for all tenders. Tender cost and EMD to be paid online only.
Tenders are available for sale on our website from dt. **18.07.2026** for more details, pl. visit our website https://eprocurement.mahagenco.in. Contact Details:- EE (P&C) - 91-9167007841.
Vendors are requested to register their firms for E-Tendering, Please log on to our website https://eprocurement.mahagenco.in

Sd/-
Chief Engineer
GTPS Uran

**सार्वजनिक सूचना**

HARERA GURUGRAM

**लॉजिकल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेडपंजीकृत कार्यालय का पता:ओटी-16, तृतीय तल, नेक्स्ट डोर, पार्कलैंड्स,सेक्टर-76, फरीदाबाद, हरियाणा – 121004**

पंजीकरण संख्या: HRERA-PKL-FBD-939-2026
परियोजना का नाम: "BPTP WA VANA"
कंपनी का नाम: लॉजिकल बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड

यह सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि हमारी परियोजना "BPTP WA VANA" , जो सेक्टर-80, फरीदाबाद, हरियाणा में स्थित है, को रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 (रेरा अधिनियम, 2016) के प्रावधानों के अंतर्गत हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा पंजीकृत किया गया है। उक्त परियोजना के रेरा पंजीकरण का विवरण निम्नानुसार है:

रेरा पंजीकरण प्रमाणपत्र संख्या: HRERA-PKL-FBD-939-2026, दिनांक 09.07.2026, जो 30.06.2032 तक वैध है।

इसके अतिरिक्त, परियोजना "BPTP WA VANA" के रेरा बैंक खातों का विवरण निम्नानुसार है:

| Account Name | Bank Name | Account No. | Branch Address | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|
| Logical Builders Pvt. Ltd. – BPTP WA VANA – Collection A/c | IndusInd Bank Limited | 250020052010 | GROUND FLOOR, SHOP NO 18,18A,18 B ANSAL FORTUNE ARCADE, CAPTAIN VIJAYANT THAPER MARG, POCKET- E, SECTOR-18, NOIDA (U.P) 201301 | INDB0000036 |
| Logical Builders Pvt. Ltd. – BPTP WA VANA – RERA A/c. | IndusInd Bank Limited | 250020052011 | GROUND FLOOR, SHOP NO 18,18A,18 B ANSAL FORTUNE ARCADE, CAPTAIN VIJAYANT THAPER MARG, POCKET- E, SECTOR-18, NOIDA (U.P) 201301 | INDB0000036 |
| Logical Builders Pvt. Ltd. – BPTP WA VANA – Developer Exp A/c | IndusInd Bank Limited | 250020052012 | GROUND FLOOR, SHOP NO 18,18A,18 B ANSAL FORTUNE ARCADE, CAPTAIN VIJAYANT THAPER MARG, POCKET- E, SECTOR-18, NOIDA (U.P) 201301 | INDB0000036 |

दिनांक: 18.07.2026
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
बीपीटीपी लिमिटेड

**SLUM REHABILITATION AUTHORITY, BRIHANMUMBAI.**
https://www.sra.gov.in
**Tender Notice**

| | |
|---|---|
| Tender Reference No. | **SRA/ED/OW/2026/34477** |
| Tender No. | **2026_SRAHD_1319116_1** |
| Name of Organization | Engineering Department, Slum Rehabilitation Authority, Brihanmumbai |
| Name of Work | Construction of Sahitya Ratna Lokshahir Annabhau Sathe Research & Training Institute at Chirag Nagar, Ghatkopar West, Mumbai 400086 (Phase-I) |
| Scrutiny fees of Tender | Rs. 25000/- |
| Cost of E-Tender (Estimated Cost without GST) | Rs. 2,30,44,11,648.41/- |
| Bid Security Deposit / EMD | Rs. 2,30,00,000/- |
| Date of Issue and sale of tender | 18/07/2026 11.00 AM |
| Last date & time for sale of tender | 18/08/2026 12.00 PM |
| Pre-Bid meeting | 27/07/2026 16.00 PM Venue- Vaitarna Hall, 3rd floor, B wing, Administrative Building, Anant Kanekar Marg, Bandra(E), Mumbai 400 051. |
| Last date of submission of Packet-A, B & Packet C (Online) & Receipt of Bid security Deposit /EMD | 18/08/2026/16.00 PM |
| Opening of Packet, A | 19/08/2026 16.00 PM |
| Opening of Packet B | 19/08/2026 16.10 PM |
| Opening of Packet C | Date will be intimated online separately after technical scrutiny and appraisal. |
| Contact Person | Sub Engineer/Assistant Engineer, SRA, Brihanmumbai. |
| Office Contact No. & Mobile No. | 022-69125800/9930926645/9594494040 |
| E-mail id | Ee3@sra.gov.in |
| Website | https://mahatenders.gov.in |
| Address for communication | Office of: Dy. Chief Engineer II, 1st Floor, Administrative building, Anant Kanekar Marg, Bandra(E), Mumbai 400 051. |

-Sd-
**Executive Engineer- N Ward, SRA, Brihanmumbai.**

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. स. | बोर्ड निगम/ प्राधिकरण का नाम | पुरानी संदर्भ /निआसू सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड निगम /प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 10/XEN/TS/SRS/2026-27, ONLINE TENDER ID: TENDER REF/ID 2026BF0805BC B7F4 4524 9377 8268C724AD1B2968HVP / 2026_HBC_533951_1 | बोली खोलने की तिथि 07.07.2026 को (15.00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 23.07.2026 को (15.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2. | एचवीपीएनएल | 07/XEN/TS/SRS/2026-27, DATED 24.06.2026, ONLINE TENDER ID: 2026_HBC_531362_1 | बोली खोलने की तिथि 24.06.2026 को (15.00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 29.07.2026 को (15.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (सिरसा) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3. | एचवीपीएनएल | 12/CCD-290/VOL-IV, DATED 09.06.2026 | ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 23.07.2026 तक बढ़ाई गई है (पंचकूला) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4. | एचवीपीएनएल | 202674BBE435 8D0B 4CBD B41A 997BC111AB401056HVP / TENDER ID: 2026_HBC_517830_1/ E-TENDER ENQUIRY NO. 0427202610-41-18/HARYANA VIDYUT PRASARAN NIGAM LIMITED DEPT./HRY., DATED 27.04.2026 | शुद्धिपत्र सं.07, ऑनलाइन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 30.07.2026 को (13.00 बजे) तक बढ़ाई गई है (रोहतक) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

PRDH-13/2027/100/47300/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. स. | विभाग का नाम | पुरानी संदर्भ /निआसू सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा | DST/LNB/PIPLI/01 TENDER ID-2026_HRY_525923 1 | पीपीपी मोड के तहत पिपली (कुरुक्षेत्र) में कमर्शियल सुविधाओं के साथ बस टर्मिनल का विकास। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17.08.2026 को सायं 5.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तनकीकी बोली 18.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे के बाद खोली जाएगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 2. | निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा | DST/LNB/GURUGRAM/01 TENDER ID-2026_HRY_525884 1 | पीपीपी मोड के तहत सेक्टर-29, गुरुग्राम में कमर्शियल सुविधाओं के साथ बस टर्मिनल का विकास। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17.08.2026 को सायं 5.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली 18.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे के बाद खोली जाएगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 3. | निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा | DST/LNB/KARNAL/01 TENDER ID- 2026_HRY_525904_1 | पीपीपी मोड के तहत करनाल (बलारी बाई-पास) में कमर्शियल सुविधाओं के साथ बस टर्मिनल का विकास। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17.08.2026 को सायं 5.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली 18.08.2026 को दोपहर 12.00 बजे के बाद खोली जाएगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 4. | निदेशालय राज्य परिवहन, हरियाणा | 01/2026-27/SPA-1/TECH TENDER ID:-2026 HRY 53109 1 | 24 अदद 125 केवीए जेन-सेट लगाने और चालू करने के लिए ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि 24.07.2026 को 15.00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली 27.07.2026 को 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 jstchry@gmail.com |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), हरियाणा | MEMO NO. 1/336-ESI-G2-2026/4167 DATED 07.07.2026 | हरियाणा में ईएसआई योजना के तहत बीमित व्यक्तियों के लिए सेकेंडरी केयर हेल्थ सुविधा हेतु प्राइवेट अस्पतालों को जोड़ने (टाई-अप) के लिए आवेदन (फरीदाबाद और गुरुग्राम को छोड़कर)- ईओआई के पेज नंबर 17 पर मौजूद क्लॉज़ 3 पॉइंट नंबर 2 (डी-एम्पैनलमेंट/ब्लैकलिस्टिंग की प्रक्रिया) में एक संशोधन के माध्यम से बदलाव किया गया है। कृपया ई-निविदा हरियाणा वेबसाइट पर निविदा के 'कोरिगेंडम' (सुधार) सेक्शन को देखें। | hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |

PRDH-11/2027/120/47295/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


Loot Blink
SATURDAY
WEEKEND
DHAMAKA!
MAST DEALS. BADI BACHAT!
SAVE MORE
SPEND LESS!
100% REAL DEALS
LIMITED TIME OFFERS
BEST PRICES GUARANTEED
EASY RETURNS
SABSE BADI
BACHAT!
UP TO
90%
OFF
HUGE
DISCOUNTS
TOP BRANDS • BEST QUALITY • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR LO SABSE BADI LOOT DEALS!
iPhone 13
128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹22,301
realme
Narzo N55
(6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
boAt
Airdopes 141
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise
Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
ASUS
Vivobook 15
(i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
₹40,990
₹4,499
89% OFF
YOU SAVE ₹36,491
ZEBRONICS
Headphones
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer
Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
SAMSUNG
980 500GB
NVMe SSD
₹6,999
₹6,400
91% OFF
YOU SAVE ₹599
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
₹699
91% OFF
YOU SAVE ₹3,300
PORTABLE
Laptop Table
Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650
Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
GREEN SOUL
Office Chair
Ergonomic
₹14,999
₹1,499
90% OFF
YOU SAVE ₹13,500
UPTO 90% OFF
ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS
BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE
PRODUCTS
FAST DELIVERY
ACROSS INDIA
DEALS ITN BADHI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAUGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR
WHATSAPP
CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR
TELEGRAM
CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME
SHOP SMART
SAVE MONEY
LIVE BETTER
SMART CHOICES.
BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART.
SAVE BIG.
SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

### पीएम ने वर्चुअल माध्यम से 75 स्टेशनों का किया उद्घाटन

# राजस्थान के 8 अमृत भारत स्टेशन शुरू, सीएम ने किया लोकार्पण



**जयपुर/ गोटन** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन से वर्चुअल माध्यम से देशभर के 75 अमृत भारत स्टेशनों का उद्घाटन किया। इनमें राजस्थान के 8 अमृत भारत स्टेशन गोटन, डीग, सोमेसर, दौसा, खैरथल, बाड़मेर, जैसलमेर और गंगापुर सिटी भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जहां गोटन पहुंचकर वहां के अमृत भारत रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया, वहीं अन्य पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन भी आमजन को समर्पित किए। मुख्यमंत्री ने गोटन में सभा को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से रेलवे क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोटन सफेद चूना और सीमेंट उद्योग के लिए पूरे देश में विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे का अभूतपूर्व आधुनिकीकरण हो रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, पीएचईडी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पशुपालन राज्य मंत्री मंजू बाघमार आदि मौजूद रहे।

## नए सॉफ्टेवयर में सेंध; बजरी के ट्रक थानों में, ट्रांजिट परमिट जारी हो गए

**जयपुर** | खान विभाग ने हाल ही में तुलाई कांटों पर नए सॉफ्टेवयर का काम शुरू किया था। उधर तकनीक को मात देने वालों ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। विभाग के इंजीनियरों के सामने ये मामला पहुंच चुका है और उनकी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। वजह स्पष्ट है कि ये मामला पुलिस में रजिस्टर्ड हो चुका है औरर सिस्टम की कमियां उजागर हुई हैं। नागौर के एक मामले में पादूकला थाना इलाके में पिछले माह पुलिस ने एक ऐसा ही मामला पकड़ में आया है जिसमें ढाई घंटे पहले थाने में बंद दो ट्रकों की टीपी ट्रांजिट परमिट जारी कर उन्हें वैध करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने चोरी पकड़ मुकदमा दर्ज करके तकनीकी कमी उजागर कर दी है। दरअसल नागौर जिले के पादूकलां थाना क्षेत्र में पुलिस ने 2 जून को प्रातः 5:40 बजे दो बिना नंबरी ट्रक बजरी भरे हुए पकड़े। ट्रक चालकों ने बजरी परिवहन के टीपी को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो पुलिस ने रोजनामचे में रपट डालकर दोनों ट्रकों को जब्त कर लिया।

### बड़ा सवालः ट्रक थाने में सुबह बंद तो ढाई घंटे बाद कैसे कट गई टीपी?



2 जून को जब प्रातः 5:40 पर दोनों गाड़ियां बंद हो गईं तो कांटे पर 8:16 और 8:26 बजे किन गाड़ियों को खड़ाकर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। लीजधारक द्वारा अवैध बजरी को वैध बनाने के लिए यह कृत्य किया गया। लेकिन चालाकी काम नहीं आई।

## वडोदराः वेरा मुआवजा से लोगों को ₹7.28 करोड़ का लाभ

**वडोदरा** | वडोदरा महानगरपालिका कर राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से करदाताओं के लिए आकर्षक रिबेट योजना लाई है। ऑनलाइन-ऑफलाइन कर भरकर 1.39 लाख लोगों ने वेरा मुआवजा योजना का लाभ उठाया है। अब तक शहरवासियों को कुल ₹7.28 करोड़ की बचत या मुआवजा मिला है।

## आत्महत्या का प्रयास कर रहे मूकबधिर को पुलिस ने बचाया

**सूरत** | अडाजन पुलिस की जनरक्षक-112 टीम ने जीलानी ब्रिज से आत्महत्या का प्रयास कर रहे 31 वर्षीय मिहिर सन्मुखभाई पटेल की जान बचा ली। पुलिस कंट्रोल रूम को आपातकालीन कॉल मिलने के कुछ ही मिनटों में पीसीआर-55 टीम मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने उसे शांत कराया। जीवन के महत्व को समझाते हुए काउंसिलिंग की।

### PUBLIC NOTICE

Whereas, M/s Jagran Developers Ltd. is undertaking development of Real Estate Project under the provisions of the Haryana Real Estate Regulatory Authority, Panchkula.

Whereas, M/s Jagran Developers Ltd. has been granted Registration for its Project namely "Udyanam" a Residential Plotted Colony having License No. 25 of 2026 dated 12.02.2026 in the revenue estate of village Partapgarh, Sanwla and Bir Pipli, Sector 41 & 42, Kurukshetra vide Registration No. HRERA-PKL-KRK-944-2026 dated 10.07.2026, by the Hon'ble RERA Authority.

HRERA-PKL-SNP-243-2021 dated 18.06.2021 valid till 31/12/2030

Whereas the Hon'ble RERA Authority has directed the Promoter to publish the Bank Account details of the Project for information and reference of the allottees/ general public. Accordingly, the Promoter hereby declares that the bank account (s) designated for the said RERA registered project. The details of the Project specific bank accounts are as under:

| TYPE OF ACCOUNT | ACCOUNT NUMBER |
|---|---|
| 100% Collection Account | 385605000169 |
| 70% RERA Account | 385605000170 |
| 30% Promoter's Account | 385605000171 |

Bank Name: ICICI Bank Ltd,
Bank Address: ICICI Bank Ltd, O.P. Jindal Global University, Sonipat -131001
IFSC Code: ICIC0003856

Date: 18th July 2026
Place: Kurukshetra

Authorized Signatory For:
M/s Jagran Developers Ltd. DSM-648, 6th Floor, DLF Towers, Shivaji Marg, Najafgarh Road, Moti Nagar, New Delhi-110015

HARERA GURUGRAM

### सार्वजनिक सूचना

**"MARBELLA PHASE-2" परियोजना के पंजीकरण में संशोधन हेतु आवेदन सेक्टर-65 & 66, गुरुग्राम में स्थित जिसका विकास M/s EMAAR INDIA LIMITED द्वारा किया जा रहा है।**

इस सूचना द्वारा सामान्य जनता और "Marbella Phase 2" के मौजूदा आवंटियों (allottees) की जानकारी के लिए है कि M/s. Emaar India Limited द्वारा वर्ष 2016 के अधिनियम की धारा 4 के तहत रियल एस्टेट परियोजना "Marbella Phase 2" के पंजीकरण में संशोधन हेतु 09.07.2026 दिनांक का एक आवेदन प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया है।

प्रमोटर (M/s. Emaar India Limited) ने भूस्वामियों के सहयोग से हरियाणा के निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग (DTCP) से लाइसेंस संख्या 97 of 2010 दिनांक 18.11.2010 और 41 of 2011 दिनांक 03.05.2011 के तहत सेक्टर-65 और 66, गुरुग्राम में 109.069 एकड़ क्षेत्रफल वाले आवासीय प्लॉटिड कॉलोनी की स्थापना के लिए लाइसेंस प्राप्त किए थे, जिसमें 1.15 एकड़ के हिस्से को डी-लाइसेंस (delicensing) किया गया था, जिससे परियोजना के लिए शेष क्षेत्र 107.919 एकड़ रह गया था।

उपर्युक्त कुल लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र में से, 41.86 एकड़ का क्षेत्र RC संख्या 307 of 2017 दिनांक 17.10.2017 के तहत प्राधिकरण के साथ पंजीकृत है, और "Marbella Phase 2" नामक परियोजना के लिए 66.059 एकड़ का क्षेत्र RC संख्या 08 of 2021 दिनांक 01.03.2021 के तहत प्राधिकरण के साथ पंजीकृत है।

तत्पश्चात, प्रमोटर ने 7.65625 एकड़ क्षेत्रफल वाली आवासीय प्लॉटिड कॉलोनी के लिए लाइसेंस संख्या 101 of 2023 दिनांक 06.05.2023 और 265 of 2025 दिनांक 31.12.2025 प्राप्त किए, जिसमें 1.15625 एकड़ के हिस्से को डी-लाइसेंस किया गया। आज की तिथि तक, परियोजना का कुल लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र 114.419 एकड़ है।

इसके अतिरिक्त, प्रमोटर को परियोजना के लिए संशोधित लेआउट सह सीमांकन योजना का अनुमोदन DRG संख्या DTCP 12095 दिनांक 23.04.2026 को, संशोधित जोनिंग योजना का अनुमोदन DRG संख्या DTCP-12096 दिनांक 23.04.2026 को, और आगे संशोधित लेआउट सह चरणबद्ध योजना का अनुमोदन DRG संख्या DTCP 12218 दिनांक 26.05.2026 को प्राप्त हुआ है। कुल 114.419 एकड़ के लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र को ग्यारह चरणों (phases) में विकसित किया जा रहा है।

तदनुसार, प्रमोटर ने वर्ष 2016 के अधिनियम की धारा 4 के तहत फेज 2 अर्थात "Marbella Phase 2" के पंजीकरण प्रमाण पत्र में संशोधन हेतु 09.07.2026 दिनांक के अपने आवेदन के माध्यम से प्राधिकरण से अनुरोध किया है। इसके अलावा, परियोजना की संशोधित चरणबद्ध योजना के अनुमोदन से पूर्व, प्राधिकरण ने वर्तमान आवेदन के अधिकतम क्षेत्र सहित 66.059 एकड़ क्षेत्र के लिए RC संख्या 08 of 2021 दिनांक 01.03.2021 प्रदान की थी।

प्राधिकरण इस परियोजना के लिए वर्ष 2016 के अधिनियम की धारा 4 के तहत 12.990 एकड़ क्षेत्र हेतु फेज 2 के पंजीकरण प्रमाण पत्र में संशोधन प्रदान करने के प्रमोटर के आवेदन पर विचार कर रहा है और इस संबंध में यदि कोई आपत्ति हो, तो आमंत्रित करता है।

संबंधित आवेदन और संबंधित दस्तावेज हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (Haryana Real Estate Regulatory Authority), गुरुग्राम के कार्यालय में उपलब्ध हैं, जिन्हें कोई भी संबंधित व्यक्ति किसी भी कार्यकारी दिन कार्यालय के समय 11:00 बजे से 04:00 बजे तक 31.07.2026 तक देख सकता है। यदि कोई आपत्ति हो, तो उसे 31.07.2026 तक प्राधिकरण के रजिस्ट्री में दाखिल किया जाना चाहिए। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति सुनवाई में उपस्थित होना चाहता है, तो वह 03.08.2026 को 11:00 बजे प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित हो सकता है।

प्राधिकरण के अनुमोदन और उसकी मुहर के तहत जारी।

दिनांक : 18.07.2026

हस्ताक्षरित/-
सचिव
हरियाणा भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण,
गुरुग्राम

TATHASTU Sector 35

लाइसेंस संख्या 131 वर्ष 2023 दिनांक-23.06.2023
हरेरा पंजीकरण संख्या – RC/REP/HARERA/GGM/764/496/2023/108 दिनांक: 04.12.2023

### सूचना

"तथास्तु 35" अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट **सेक्टर-35 सोहना, हरियाणा** के सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सफल आवेदकों ने अपने आवंटित प्लॉट की किश्त राशि का भुगतान नियत तिथि तक नहीं किया है, जिनकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी दी जा चुकी है। अतः निम्नलिखित आवेदकों और आवंटियों को इस समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपनी आवंटन राशि / किश्त राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से अगले **15 दिन** के अंदर कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द माना जाएगा व जो प्लॉट उनको आवंटित थे उनको रद्द कर पुनः आवंटन की प्रक्रिया के लिए नियमानुसार (हरियाणा अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013) अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

| S.No. | Application No. | Application Name | S.No. | Application No. | Application Name |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 129004 | MR. HASAN KAMIL | 6 | 120870 | MRS. NEHA MALIK |
| 2 | 126772 | MR. PREM TALWAR | 7 | 124266 | MRS. REENA |
| 3 | 123699 | MR. AKSHAY BHALLA | 8 | 126695 | MRS. AARTI PANDEY |
| 4 | 123946 | MRS. NEETU YADAV | 9 | 124038 | MRS. YOGITA YASHVEER RAGHAV |
| 5 | 120767 | MR. PUSHKAR KUMAR | 10 | 121419 | MRS. SAPNA |

**तथास्तु रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड**
वाटिका टॉवर, दसवीं मंजिल, टावर बी, सेक्टर-54 गोल्फ कोर्स रोड, गुरुग्राम, हरियाणा, 122011
कॉल करें: +91 999 065 0650 | विजिट करें: www.tathastu.co




### सार्वजनिक सूचना

HARERA GURUGRAM

**सामान्य जनता, आवंटियों एवं परियोजना से संबंधित सभी हितधारकों के संज्ञानार्थ, यह सूचित किया जाता है कि प्रवर्तक (प्रमोटर) मेसर्स बीपीटीपी लिमिटेड द्वारा विकसित की जा रही रियल एस्टेट परियोजना "BPTP AMSTORIA VERTI-GREENS", जो सेक्टर-102, गुरुग्राम में स्थित है, के संबंध में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत की जाती है।**

1. यह सामान्य जनता, आवंटियों, हितधारकों एवं संबंधित प्राधिकरणों को सूचित किया जाता है कि "BPTP AMSTORIA VERTI-GREENS" परियोजना के प्रवर्तक (प्रमोटर) द्वारा परियोजना के बैंक खातों में परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है।

2. उपर्युक्त परियोजना हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (HARERA), गुरुग्राम में पंजीकरण संख्या GGM/910/642/2025/13, दिनांक 05.02.2025 के तहत पंजीकृत है तथा उक्त पंजीकरण 14.12.2031 तक वैध है।

3. वर्तमान बैंक खाता एवं नए बैंक खाते का विवरण निम्नानुसार है:

| | EXISTING | PROPOSED |
|---|---|---|
| Bank name | ICICI BANK LIMITED | KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED |
| Branch address | ICICI BANK , SCO 59, SECTOR-56, HUDA MARKET GURUGRAM 122011 | G-17, Sector 18, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh - 201301 |
| IFSC | ICIC0003430 | KKBK0000181 |
| Master account | 777705984541 | 2750220943 |
| RERA account | 777705984542 | 2750220950 |
| Free account | 777705984545 | 2750220837 |

4. प्रवर्तक (प्रमोटर) द्वारा परियोजना के नामित (Designated) बैंक खातों में परिवर्तन हेतु प्राधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है।

5. यह सूचना केवल सामान्य जनता, आवंटियों एवं उपर्युक्त परियोजना से संबंधित सभी हितधारकों की जानकारी के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

**दिनांक: 18.07.2026**
**सचिव,**
**हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी,**
**गुरुग्राम**

### सार्वजनिक सूचना

HARERA GURUGRAM

**सामान्य जनता, आवंटियों एवं रियल एस्टेट परियोजना "GAIA RESIDENCES @ AMSTORIA 102" , जो सेक्टर-102, गुरुग्राम में स्थित है तथा जिसका विकास प्रवर्तक (प्रमोटर) मेसर्स बीपीटीपी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है, से संबंधित सभी हितधारकों के संज्ञानार्थ।**

1. यह सामान्य जनता, आवंटियों, हितधारकों एवं संबंधित प्राधिकरणों को सूचित किया जाता है कि "GAIA RESIDENCES @ AMSTORIA 102" परियोजना के प्रवर्तक (प्रमोटर) द्वारा परियोजना के बैंक खातों में परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है।

2. उपर्युक्त परियोजना हरियाणा रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (HARERA), गुरुग्राम में पंजीकरण संख्या GGM/963/695/2025/66, दिनांक 27.06.2025 के तहत पंजीकृत है तथा उक्त पंजीकरण 31.07.2032 तक वैध है।

3. वर्तमान बैंक खाता एवं नए बैंक खाते का विवरण निम्नानुसार है:

| | EXISTING | PROPOSED |
|---|---|---|
| Bank name | HDFC BANK LIMITED | KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED |
| Branch address | HDFC BANK LIMITED and The Capital Court , Outer Ring Road | G-17, Sector 18, Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh - 201301 |
| IFSC | HDFC0001592 | KKBK0000181 |
| Master account | 57500001788908 | 2750220929 |
| RERA account | 57500001788911 | 2750220936 |
| Free account | 57500001788921 | 2750220851 |

4. प्रवर्तक (प्रमोटर) द्वारा परियोजना के नामित (Designated) बैंक खातों में परिवर्तन हेतु प्राधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में विचाराधीन है।

5. यह सूचना केवल सामान्य जनता, आवंटियों एवं उपर्युक्त परियोजना से संबंधित सभी हितधारकों की जानकारी के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

**दिनांक: 18.07.2026**
**सचिव,**
**हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी,**
**गुरुग्राम**


हरियाणा सरकार

Vita

## महत्वपूर्ण सूचना
## वीटा मिल्क बूथों के आवेदन की तिथि बढ़ाई गई

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वीटा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बिक्री हेतु विभिन्न स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत वीटा मिल्क बूथों के आवेदन के लिए पुनः आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों को आवेदन करने का अवसर प्राप्त हो सके।**

**जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इन बूथों हेतु आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके पूर्व में प्रस्तुत आवेदन वैध एवं प्रभावी माने जाएंगे।**

**अब आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 1.8.2026 सायं 04:00 बजे तक है।**

| मिल्क यूनियन का नाम | बूथों की संख्या | बूथों के स्थान का विस्तृत विवरण QR कोड में दिया गया है |
|---|---|---|
| दुग्ध संघ जींद | 22 | |
| दुग्ध संघ कुरुक्षेत्र | 36 | |
| दुग्ध संघ सिरसा | 11 | |
| दुग्ध संघ बल्लभगढ़ | 23 | |
| दुग्ध संघ अम्बाला | 42 | |
| दुग्ध संघ रोहतक | 54 | |

QR कोड स्कैन करें

**इच्छुक व्यक्ति संबंधित मिल्क प्लांट से आवेदन-पत्र (जिसका मूल्य 500 रुपये है) प्राप्त कर, निर्धारित शुल्क, सुरक्षा राशि एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन-पत्र को संबंधित मिल्क यूनियन कार्यालय में अंतिम तिथि तक जमा कर सकते हैं। आवेदन-पत्र, एवं विस्तृत नियम व शर्तें QR कोड स्कैन करके भी प्राप्त की जा सकती है।**

**यह जानकारी वीटा हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**
**वेबसाइट: www.vita.haryana.gov.in**






भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

# SIR-2026
## हरियाणा

विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision)

CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

अच्छी खबर!

## हरियाणा का गणना चरण (Enumeration Phase) बढ़ाया गया है!

अपना योगदान दें, सही मतदाता सूची बनाएं।

SIR 2026, हरियाणा का गणना चरण
अब बढ़ाकर कर दिया गया है

अब अंतिम तिथि
**24 जुलाई, 2026 तक**

यदि आपने अभी तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, तो आपके पास अभी भी समय है। आप अपना Enumeration Form भरकर BLO को जमा कराएं या ECINET ऐप पर ऑनलाइन भी भर सकते हैं।

गिनती में शामिल हों। अपनी आवाज उठाएं। लोकतंत्र को और मजबूत बनाएं।

**यदि आपने अभी तक अपना गणना प्रपत्र जमा नहीं किया है, तो यह आपके लिए अंतिम अवसर है।**

आज ही अपना गणना प्रपत्र जमा करें अवसर न चूकें! पीछे न छूटें!

आपकी भागीदारी आपका भविष्य तय करती है।

अधिक जानकारी के लिए अपने BLO से संपर्क करें या आधिकारिक वेबसाइट देखें।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा की आधिकारिक वेबसाइट :
www.ceoharyana.gov.in

बेस्ट ऑफ द वीक

### ओपनएआई का पहला हार्डवेयर डिवाइस लॉन्च



कंपनी ने वर्क लाउडर के साथ मिलकर कोडेक्स माइक्रो नाम का एआई कंट्रोलर लॉन्च किया है। यह डेवलपर्स को एक बटन से एआई एजेंट्स को नियंत्रित करने, कोड रिव्यू और वॉयस कमांड जैसी सुविधाएं देगा। इसे एआई हार्डवेयर की दिशा में ओपनएआई का पहला बड़ा कदम माना जा रहा है।

### 12 अगस्त को लॉन्च होगी गूगल की नई पिक्सल 11 सीरीज



गूगल ने 12 अगस्त को होने वाले इवेंट की घोषणा कर दी है, जहां पिक्सल-11 सीरीज लॉन्च होगी। पिक्सल-11 की शुरुआती कीमत 999 यूरो (करीब 1 लाख रु.) हो सकती है। फोन में नया टेंसर जी6 प्रोसेसर, 256GB बेस स्टोरेज और बेहतर एआई फीचर्स मिलने की उम्मीद है।

### स्पॉटिफाई में अब मिलेगा नया एआई असिस्टेंट




स्पॉटिफाई ने प्रीमियम यूजर्स के लिए वॉइस और टेक्स्ट असिस्टेंट लॉन्च किया है। अब बिना गाना रोके सिर्फ बोलकर या टाइप करके नया म्यूजिक खोजा जा सकेगा, प्लेलिस्ट मैनेज होगी और गाने, पॉडकास्ट या ऑडियोबुक से जुड़े सवालों के जवाब भी मिलेंगे। यह फीचर अमेरिका, आयरलैंड और स्वीडन में बीटा टेस्टिंग में है।

**यूटिलिटी** • गूगल हेल्थ, सैमसंग हेल्थ व एपल हेल्थ में सेव करें मेडिकल रिकॉर्ड

## फोन को ऐसे बनाएं हेल्थ असिस्टेंट इमरजेंसी में मेडिकल ID आएगी काम

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**गूगल** हेल्थ, सैमसंग हेल्थ और एपल हेल्थ जैसे एप्स में दवा का रिमाइंडर, मेडिकल रिकॉर्ड, इमरजेंसी आईडी और नींद जैसी जानकारियां एक ही जगह रख सकते हैं। ऐसे में जानिए इनके फायदे और कैसे करें इनका इस्तेमाल।

**दैनिक भास्कर टेक पॉडकास्ट**
इस QR को स्कैन करें और इस खबर को आम बातचीत के अंदाज में सुनें।




### ये सबसे जरूरी... इमरजेंसी मेडिकल आईडी बनाएं

यह सबसे उपयोगी लेकिन सबसे कम इस्तेमाल होने वाले फीचर्स में से एक है। ▪ इसमें दर्ज कर सकते हैं ▪ ब्लड ग्रुप ▪ एलर्जी ▪ पुरानी बीमारी ▪ नियमित दवाएं ▪ इमरजेंसी कॉन्टैक्ट ▪ अगर किसी दुर्घटना या मेडिकल इमरजेंसी में फोन लॉक हो, तब भी कई फोन में यह जानकारी लॉक स्क्रीन से देखी जा सकती है। इससे अगर किसी इमरजेंसी कंडीशन में अस्पताल पहुंचते हैं तो डॉक्टर या राहतकर्मियों को इलाज शुरू करने में मदद मिलती है।

### दवा का रिमाइंडर सेट करें, इससे डोज मिस नहीं होगी

अगर आप रोजाना कोई दवा लेते हैं या घर में किसी बुजुर्ग को नियमित दवा लेनी होती है, तो फोन के हेल्थ एप में उसका नाम, डोज और समय दर्ज कर सकते हैं।
**फायदा:** ▪ तय समय पर नोटिफिकेशन मिलेगा। ▪ कौन-सी दवा कब ली, उसका रिकॉर्ड रहेगा। ▪ अगर कोई डोज छूट गई हो, तो हिस्ट्री में दिख जाएगी। ▪ यह फीचर डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और थायरॉयड जैसी बीमारियों के मरीजों के लिए उपयोगी है।

### मेडिकल रिपोर्ट और हेल्थ रिकॉर्ड एक ही जगह रखें

अक्सर ब्लड टेस्ट, एक्स-रे, प्रिस्क्रिप्शन और डिस्चार्ज समरी अलग-अलग वॉट्सएप चैट, ईमेल या फोल्डर में बिखरी रहती हैं। हेल्थ एप में इन्हें व्यवस्थित रखा जा सकता है। यह सैमसंग-एपल जैसे डिवाइस में है।
**फायदा** ▪ इसमें सभी हेल्थ रिकॉर्ड्स सेव कर सकते हैं ▪ ब्लड टेस्ट रिपोर्ट डाल सकते हैं ▪ एक्स-रे और स्कैन रिकॉर्ड ▪ डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन ▪ वैक्सीनेशन रिकॉर्ड ▪ एलर्जी और पुरानी बीमारी की जानकारी।

### नींद, मूड और रोजमर्रा की आदतों पर रख सकते हैं नजर

इन एप्स में सिर्फ शारीरिक गतिविधि ही नहीं, बल्कि आपकी दिनचर्या भी रिकॉर्ड की जा सकती है। **ये एक्टिविटी रिकॉर्ड कर सकते हैं...:** ▪ कितनी देर सोए ▪ दिनभर कैसा महसूस किया ▪ पानी कितना पिया ▪ वजन में बदलाव ▪ मानसिक स्थिति ▪ कुछ हफ्तों का डेटा जमा होने पर ऐप पैटर्न दिखाता है, जिससे समझ आता है कि किन दिनों आपकी दिनचर्या या नींद प्रभावित हुई।

### एंड्रॉइड और आईफोन में इस तरह से इस्तेमाल करें

गूगल हेल्थ या सैमसंग हेल्थ एप खोलें। प्रोफाइल बनाकर स्टेप ट्रैकिंग ऑन करें। इसके बाद दवा का शेड्यूल, मेडिकल रिकॉर्ड और इमरजेंसी कॉन्टैक्ट जोड़ें। इसी तरह आईफोन में हेल्थ एप खोलें और ऊपर प्रोफाइल आइकन पर टैप करें। यहां मेडिकल आईडी सेट करें और हेल्थ से जुड़ी जरूरी जानकारी भरें।

### किस फोन में कौन-सा एप मिलेगा?

| फोन | हेल्थ एप |
| --- | --- |
| Android | Google Health |
| Samsung | Samsung Health |
| iPhone | Apple Health |

▪ तीनों एप फ्री हैं और इनके अधिकांश जरूरी फीचर बिना अतिरिक्त शुल्क के इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

**बिग अपडेट** • फोल्डेबल में मजबूत स्क्रीन होगी, पासपोर्ट डिजाइन; नए AI फीचर्स

## सैमसंग ला रहा 3 नए फोल्डेबल, 2 स्मार्टवॉच



**तुषार मेहता**
को-फाउंडर athenil व टेक एक्सपर्ट

**22 जुलाई** को लंदन में होने वाला सैमसंग गैलेक्सी अनपैक्ड में कंपनी तीन नए फोल्डेबल फोन, दो नए स्मार्टवॉच और एंड्रॉइड-17 पर आधारित वन यूआई 9 पेश कर सकती है। टेक इंडस्ट्री इसे इसलिए भी अहम मान रही है क्योंकि इसी डिजाइन और तकनीक पर एपल समेत बाकी कंपनियां भी अगले प्रीमियम फोन तैयार कर रही हैं। दरअसल सैसमंग ही एपल फोन के डिस्प्ले भी तैयार करता है। हालांकि अब तक फोल्डेबल फोन को प्रीमियम लेकिन सीमित बाजार का प्रोडक्ट माना जाता था... लेकिन इस बार सैमसंग नया फोल्डेबल डिजाइन, ज्यादा मजबूत डिस्प्ले और एआई आधारित स्मार्ट फीचर्स ला रहा है।

### स्मार्टफोन: इस बार तीन फोल्डेबल

▪ **गैलेक्सी जी फोल्ड-8:** इसमें चौड़ा पासपोर्ट स्टाइल डिजाइन है। वीडियो और मल्टीटास्किंग के लिए बेहतर स्क्रीन है। टैबलेट जैसा अनुभव मिलेगा।
▪ **फोल्ड 8 अल्ट्रा:** पारंपरिक फोल्ड डिजाइन। लगभग 6.5 इंच कवर डिस्प्ले।
▪ **गैलेक्सी जी फ्लिप-8:** बाहरी स्क्रीन पर ज्यादा एप चलाने की सुविधा मिलेगी।



**कीमत: 1.10 लाख रु. से शुरू**
रैम और स्टोरेज महंगे होने से कीमत बढ़ने की संभावना है। संभावित शुरुआती कीमत
▪ Fold 8 : 1.75 लाख
▪ Fold 8 Ultra : 2 लाख
▪ Flip 8 : 1.10-1.20 लाख

### बदलाव: फोल्डेबल की सबसे बड़ी शिकायत दूर होगी

सैमसंग इस बार डिस्प्ले के नीचे टाइटेनियम एलॉय फिल्म इस्तेमाल कर सकता है। कंपनी का दावा है कि यह पुरानी प्लास्टिक फिल्म से करीब 20 गुना ज्यादा मजबूत होगी। क्रीज पहले की तुलना में लगभग न के बराबर दिखेगी। इससे फोन की लाइफ और बढ़ सकती है।

### वॉच: 2 नई एआई स्मार्टवॉच

इनमें गैलेक्सी वॉच-9 और गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा-2 शामिल हैं। इनमें सबसे बड़ा बदलाव है कि अब घड़ी सिर्फ हार्ट रेट नहीं बताएगी। एआई लगातार हार्ट रेट, ब्लड ऑक्सीजन, स्लीप और एक्टिविटी को जोड़कर हेल्थ इनसाइट्स देगी। यानी यूजर्स को एक ही जगह एक समग्र स्वास्थ्य रिपोर्ट मिलेगी।

**मेरे काम का एआई** • जोहो ने लॉन्च किया एआई प्लेटफॉर्म क्लास 2.0

## हर छात्र का अपना AI ट्यूटर, 22 भाषाओं में मिलेगा

**टेक** कंपनी जोहो ने क्लास 2.0 नाम का टूल लॉन्च किया है। यह एक ऐसा एआई आधारित लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम है, जिसमें छात्र अपने विषय और सिलेबस से जुड़े सवाल पूछ पाएंगे। जोहो के देव आनंद रामसामी कहते हैं कि हमने एआई को जानबूझकर सीमित रखा है ताकि छात्रों की पढ़ाई ज्यादा सटीक और सुरक्षित हो सके।

### हर छात्र का अपना एआई ट्यूटर होगा

अगर छात्र इंजीनियरिंग कर रहा है तो एआई उसी से जुड़े विषय दिखाएगा। इंजीनियरिंग के बाहर के डोमन के जवाब नहीं देगा, इससे एआई पढ़ाई का सहायक बनेगा, इंटरनेट जैसा खुला सर्च इंजन नहीं।

### चैटजीपीटी-जेमिनी से इस तरह अलग है...

▪ सबसे बड़ा अंतर है कि यह एआई खुले इंटरनेट से जवाब नहीं ढूंढता। यह संस्थान के सिलेबस, शिक्षकों द्वारा अपलोड किए गए नोट्स के आधार पर जवाब तैयार करता है। साथ ही इसमें ऐसे सुरक्षा नियम लगाए गए हैं। शिक्षक जब चाहें सिलेबस अपडेट कर सकते हैं, इसलिए जवाब भी उसी के अनुसार बदलते रहेंगे।

### 30 सेकंड में पूरा कोर्स, 22 भारतीय भाषाओं का सपोर्ट

▪ **सबसे** दिलचस्प फीचर एआई कोर्स बिल्डर है। शिक्षक सिर्फ विषय लिखेंगे। एआई कोर्स डिस्क्रिप्शन, लर्निंग आउटकम, थंबनेल, बेसिक कोर्स स्ट्रक्चर करीब 30 सेकंड में तैयार कर देगा। फिर शिक्षक अपनी जरूरत के हिसाब से उसमें बदलाव कर सकेंगे।
▪ **हिंदी**, तमिल, तेलुगु व मराठी सहित 22 भारतीय भाषाओं में काम करेगा।



**ब्यूटी ट्रेंड** • मानसून मेकअप गाइड

## बेहतर स्किनकेयर के लिए ये 5 हैक्स जरूरी





**खुशबू तिवारी**
फाउंडर- द मेकअप कलेक्टिव

**बारिश** के मौसम में मेकअप खराब होने की सबसे बड़ी वजह सिर्फ बारिश नहीं, बल्कि हवा में बढ़ी नमी, पसीना और त्वचा से निकलने वाला अतिरिक्त ऑयल है। ऐसे में भारी मेकअप की बजाय हल्के प्रोडक्ट और सही तकनीक ज्यादा जरूरी हो जाती है। अगर कुछ आसान बदलाव कर लिए जाएं तो मेकअप 8-10 घंटे तक भी टिक सकता है।

**▪ सबसे बड़ी गलती: प्राइमर और सेटिंग स्प्रे छोड़ देना**

लोग मॉइस्चराइजर के बाद सीधे मेकअप शुरू कर देते हैं। यही सबसे बड़ी गलती है। प्राइमर मेकअप को त्वचा पर पकड़ देता है, जबकि सेटिंग पाउडर या सेटिंग स्प्रे उसे लॉक कर देता है। इनके बिना नमी के कारण मेकअप जल्दी पिघलने लगता है और पैची दिखने लगता है।

**▪ फाउंडेशन नहीं, स्किन टिंट या बीबी क्रीम चुनें**

मानसून में मोटी फाउंडेशन लेयर सबसे पहले खराब होती है। इसकी जगह हल्का स्किन टिंट, बीबी क्रीम या टिंटेड मॉइश्चराइजर बेहतर विकल्प हैं। इससे त्वचा सांस ले पाती है। ऑयल कम बनता है। मेकअप समान रूप से फेड होता है। चेहरा ज्यादा नेचुरल दिखता है।

**▪ आंखों का मेकअप हमेशा वाटरप्रूफ रखें**

बारिश में सबसे पहले आंखों का मेकअप फैलता है। ऐसे में मस्कारा, आईलाइनर, काजल, आईब्रो प्रोडक्ट्स का वाटरप्रूफ होना जरूरी है। बाकी फेस मेकअप में वाटरप्रूफ प्रोडक्ट जरूरी नहीं होते।

**▪ चेहरा ऑयली हो जाए तो सीधे पाउडर न लगाएं**

कई लोग पसीना आते ही कॉम्पैक्ट लगा लेते हैं। इससे मेकअप मोटा दिखने लगता है। सही तरीका है कि पहले पसीना हल्के हाथ से सुखाएं। फिर ब्लॉटिंग पेपर से अतिरिक्त ऑयल हटाएं। उसके बाद ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं। आखिर में हल्का सेटिंग स्प्रे करें।

**▪ अगर 8-10 घंटे मेकअप टिकाना है तो अपनाएं यह रूटीन**

ऑयल-फ्री फेसवॉश से चेहरा साफ करें। टोनर लगाएं। हल्का ऑयल-फ्री मॉइस्चराइजर लगाएं। जेल बेस्ड सनस्क्रीन लगाएं। मैटीफाइंग प्राइमर लगाएं। जरूरत वाली जगह ही कंसीलर लगाएं। टी-जोन पर ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं। आंखों के लिए वाटरप्रूफ मस्कारा, काजल और आईलाइनर चुनें। आखिर में सेटिंग स्प्रे से मेकअप लॉक करें।

**एंटरटेनमेंट** • नोलन से मार्वल तक... बड़ी फिल्में भारत में अपना रहीं नई रणनीति

## भारत हॉलीवुड का सबसे बड़ा प्रमोशन मार्केट पहली बार ₹2,000 करोड़ कमाई की उम्मीद

भास्कर रिसर्च

**क्रिस्टोफर** नोलन की फिल्म द ऑडेसी रिलीज हो चुकी है। इसकी सबसे खास बात रही कि उन्होंने अपनी फिल्म का पहला भारतीय प्रीमियर मुंबई में किया। यह पहली बार है जब नोलन जैसे निर्देशक ने भारत को लंदन, पेरिस और न्यूयॉर्क के बराबर अपनी आधिकारिक ग्लोबल प्रमोशन सूची में रखा। इन हस्तियों ने मुंबई के कोलाबा में स्थित 108 साल पुराने ओलंपिया कॉफी हाउस में बन मस्का का आनंद भी लिया है। दरअसल हॉलीवुड फिल्मों के लिए भारत सबसे तेजी से बढ़ता बाजार है। 2026 में हॉलीवुड फिल्मों की कमाई पहली बार भारत में 2 हजार करोड़ रु. के पार पहुंच सकती है।

### हॉलीवुड अपना रहा 'इंडिया-फर्स्ट' नीति



**तरण आदर्श,**
फिल्म ट्रेड एनालिस्ट

**1. भारतीय दर्शकों ने पहले भी भरोसा जयाता**
भारत में ओपेनहाइमर नोलन की पहली 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाने वाली फिल्म बनी। यह अमेरिका के बाद शीर्ष कमाई वाले बाजारों में शामिल हुई थी।

**2. तीन महीने पहले शुरू हो रही फिल्मों की बुकिंग**
मार्वल स्टूडियोज 20 जुलाई से एवेंजर्सः डूम्सडे की एडवांस बुकिंग शुरू करने की तैयारी में है, जबकि फिल्म 18 दिसंबर को रिलीज होगी। शुरुआती बुकिंग इनफिनिटी विजन जैसे प्रीमियम बड़े स्क्रीन फॉर्मेट के लिए होगी।

**3. सिर्फ हिन्दी नहीं, क्षेत्रीय भाषाओं पर भी जोर**
'अवातारः फायर एंड एंश' में अंग्रेजी ट्रेलर से ज्यादा जोर हिंदी, तमिल, तेलुगु और दूसरी भाषाओं पर दिया गया। मार्वल की फिल्म एवेंजर्सः डूम्सडे में भी अलग-अलग भारतीय भाषाओं के बड़े कलाकारों से डबिंग कराई जा रही है।



**4. सिर्फ फिल्म ही नहीं, 'इवेंट' बेचा जा रहा**
ब्रैड पिट की एफ1 सिर्फ फिल्म नहीं थी। भारत में रेसिंग सिम्युलेटर लगाए गए। गेमिंग एरीना से साझेदारी हुई। स्पोर्ट्स चैनलों के साथ प्रचार किया गया। आईमैक्स और 4DX अनुभव को मुख्य आकर्षण बनाया गया।

**5. भारत में प्रीमियम स्क्रीन का क्रेज भी बढ़ रहा है**
भारत में अभी 70mm आईमैक्स जैसे थिएटर नहीं हैं, फिर भी नोलन ने भारत को प्राथमिकता दी। इसकी वजह यह है कि यहां आईमैक्स और अन्य प्रीमियम फॉर्मेट में फिल्में देखने वाले दर्शकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है।

### ट्रेंड; हॉलीवुड फिल्मों की 6 साल बाद सबसे ज्यादा कमाई

2019 में हॉलीवुड फिल्मों ने भारत में रिकॉर्ड 1,595 करोड़ कमाए और कुल बॉक्स ऑफिस में 15% हिस्सेदारी हासिल की। लेकिन महामारी के बाद यह रफ्तार टूट गई। यही वजह है कि अब हॉलीवुड अपनी रणनीति बदल रहा है।




### रिकॉर्ड; 6 महीने में हॉलीवुड करेगा 1500 करोड़ रु. कमाई

जनवरी से जून के बीच अंग्रेजी फिल्मों ने 512 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। लेकिन 2026 पहला साल हो सकता है जब भारत में हॉलीवुड फिल्मों की कमाई पहली बार 2,000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर जाए।



| | |
| --- | --- |
| स्पाइडरमैनः ब्रैंड न्यू डे | 30 जुलाई |
| जुमानजीः ओपन वर्ल्ड | 11 दिसंबर |
| एवेंजर्सः डूम्सडे | 18 दिसंबर |
| ड्यून पार्ट-3 | 18 दिसंबर |

**ट्रैवल** • ऑफिस कहीं भी, घर ताइवान में; रिमोट वर्कर्स के लिए ताइवान की पहल

## ताइवान में अब 2 साल का डिजिटल नोमैड वीसा

**रिमोट** वर्क अब सिर्फ कंपनी की सुविधा नहीं, कई देशों की आर्थिक रणनीति बन चुका है। इसी कड़ी में ताइवान ने अपना डिजिटल नोमैड वीसा बढ़ाकर दो साल का कर दिया है। इसका उद्देश्य दुनिया भर के ऐसे प्रोफेशनल्स को आकर्षित करना है, जो किसी दूसरे देश की कंपनी के लिए ऑनलाइन या रिमोट काम करते हैं, लेकिन रहना किसी और देश में चाहते हैं।

**कौन कर सकता है आवेदन...** यह वीसा उन लोगों के लिए है जो किसी विदेशी कंपनी के लिए रिमोट काम करते हैं या अपना ऑनलाइन बिजनेस चलाते हैं।



▪ **जरूरी शर्तें** : 20-29 वर्ष के आवेदकों की सालाना आय कम से कम 20,000 डॉलर (करीब 19 लाख) हो। 30 वर्ष या उससे अधिक उम्र वालों की सालाना आय कम से कम 40,000 डॉलर (करीब 38 लाख) हो। पिछले 6 महीनों में बैंक खाते में औसतन 10,000 डॉलर (करीब 9.6 लाख) का बैलेंस होना चाहिए। रिमोट जॉब का प्रमाण और इंटरनेशनल हेल्थ इंश्योरेंस भी जरूरी होगा।
▪ **आवेदन कैसे होगा...** ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा। फॉर्म प्रिंट करके साइन करना होगा। इसे ताइवान के दूतावास में जमा करना होगा। आमतौर पर 7-10 दिन में फैसला आ जाएगा।

• **फैशन इस हफ्ते**

## ये भारतीय ब्रांड्स बदल रहे ऑफिस फैशन का ड्रेसकोड

**अब** युवा प्रोफेशनल्स ऐसे कपड़े चुन रहे हैं, जो सिर्फ ऑफिस तक सीमित न हों, बल्कि मीटिंग, बिजनेस ट्रैवल और ऑफिस के बाद की आउटिंग में भी आसानी से पहने जा सकें। नए भारतीय ब्रांड्स भी कॉरपोरेट वियर से हटकर ऐसे कपड़े डिजाइन कर रहे हैं, जिनमें स्टाइल, आराम और भारतीय फैब्रिक का मेल हो।




**1. Qua Clothing**
**महिलाओं के कॉरपोरेट वियर पर पूरा फोकस**
रुपांशी और भरत अग्रवाल ने इस ब्रांड की शुरुआत इस सोच के साथ की कि महिलाओं के लिए ऑफिस वियर सिर्फ साधारण फॉर्मल कपड़ों तक सीमित नहीं होना चाहिए। इनकी खसियत है गहरी पॉकेट्स, आरामदायक फिट और मॉडर्न कॉरपोरेट डिजाइन।
**कीमत:** लगभग 3,000-12,000 रुपए

**2. AM:PM**
**भारतीय फैब्रिक को दिया मॉडर्न ऑफिस लुक**
अंकुर और प्रियंका मोदी के इस ब्रांड ने चंदेरी और हैंडलूम कॉटन जैसे पारंपरिक फैब्रिक को ऑफिस वियर का हिस्सा बनाया है। ट्यूनिक और स्ट्रक्चर्ड कुर्ते इनकी खासियत है।
**कीमत:** लगभग 10,000-35,000 रुपए

**3. Ura Maku**
**पूर्वोत्तर भारत की बुनाई से बना पावर ड्रेसिंग**
असम की डिजाइनर मंजुश्री सैकिया का यह ब्रांड नॉर्थ-ईस्ट के हैंडलूम को आधुनिक ऑफिस वियर में बदल रहा है। इनकी खासियत है हाथ से बुने कपड़े, ज्योमेट्रिक डिजाइन व भारतीय कारीगरी का मेल।
**कीमत:** लगभग 8,000-25,000 रुपए

**4. The Summer House**
**पूरे दिन आराम देने वाले ऑफिस कपड़े**
बेंगलुरु का यह ब्रांड सस्टेनेबल फैशन पर काम करता है। इसके कपड़ों में ऑर्गेनिक कॉटन, लिनन और खादी का इस्तेमाल होता है।
**कीमत:** लगभग 3,000-10,000 रुपए


RE-NEET 2026
सीकर (राजस्थान) में
NEET का नया धुरंधर
PCP, Prince
Congratulations...
With-XII
AIR
87
(Overall)
Saurabh Agarwal
S/o Sh. Sanjay Agarwal
NEET-2026
1000+
Selections
A Legacy of
Outstanding Results
AIR-155 (Overall) With-XII Naitik Singhal S/o Sh. Haridarshan Singhal
AIR-306 (Overall) Mukul S/o Sh. Bhawani
AIR-312 (Overall) Piyush Ahir S/o Sh. Udailal Ahir
AIR-324 (Overall) With-XII Rizwan Rizvi S/o Sh. Mafiq Ahmed
AIR-333 (Overall) Pradeep Kumar S/o Sh. Raghunath Singh Kuri
AIR-337 (Overall) With-XII Priyanshu Saini S/o Sh. Chothmal Saini
AIR-338 (Overall) Pankaj Kumar Saini S/o Sh. Shyamlal Saini
AIR-428 (Overall) With-XII Rohit Sharvan Yadav S/o Sh. Sharvan Yadav
AIR-449 (Overall) Pankaj Yadav S/o Sh. Phool Chand Yadav
AIR-641 (Overall) Shivam Choudhary S/o Sh. Bhinva Ram Jat
AIR-750 (Overall) Deepak Soni S/o Sh. Rajumal Soni
AIR-814 (Overall) With-XII Abhinav Trivedi S/o Sh. Vishnu Trivedi
AIR-850 (Overall) With-XII Navneet Singh S/o Sh. Bhanvar Singh
AIR-919 (Overall) With-XII Abhinav S/o Sh. Umed Singh
AIR-921 (Overall) With-XII Himesh Khokhar S/o Sh. Babu Lal Khokhar
AIR-982 (Overall) With-XII Vikas Jeengar S/o Sh. Hemant Jeengar
AIR-983 (Overall) With-XII Kumavat Princeraj S/o Sh. Prakash Chandra
Many More Students have Joined the League of Top Rankers
Result Summary
10 Students in TOP-500
18 Students in TOP-1000
(All are Regular Classroom Course Students)
SCHOLARSHIP for NEET-2027
Score (GEN & OBC) | Score (SC & ST) | Tuition Fees
≥ 530 Marks | ≥ 410 Marks | 100% Less
500 - 529 Marks | 390 - 409 Marks | 90% Less
470 - 499 Marks | 370 - 389 Marks | 80% Less
440 - 469 Marks | 350 - 369 Marks | 70% Less
410 - 439 Marks | 330 - 349 Marks | 60% Less
380 - 409 Marks | 310 - 329 Marks | 50% Less
350 - 379 Marks | 280 - 309 Marks | 40% Less
320 - 349 Marks | 250 - 279 Marks | 25% Less
Registration fee and study material charges will be applicable.
Important Announcement for NEET-2027
500+ Marks
with Class XII in NEET-2026
100% FREE : Tuition Fee + Hostel
(First 100 Admissions only)
T & C apply. Note : Results published are based on information provided by students and/or the data team. Any inadvertent error may be brought to our notice.
प्रिंस मॉडल (देश का यूनिक एजुकेशन मॉडल)
एक ही कैम्पस में कोचिंग + हॉस्टल + मैस + सेल्फ स्टडी। मोबाइल फ्री कैम्पस। पढ़ाई के लिए सर्वश्रेष्ठ वातावरण।
Your Search will end here
Best Learning Environment
New Batches Start from 20 July, 2026
PCP
IIT-JEE | NEET | OLYMPIADS
PCP (Brainy Campus) Palwas Road, Sikar
PCP (Prime Campus) Palwas Road, Sikar
PCP (Jaipur Campus) Gopalpura Bypass
PCP (Elanza Heights) Piprali Road, Sikar
www.princeeduhub.com
www.pcpsikar.com
XIII-Target Course, XI-XII Foundation Course, VI to X Pre Foundation Course
Palwas Road, SIKAR Helpline : 9610-89-2222 | Piprali Road, SIKAR Helpline : 9610-53-2222 | Gopalpura Bypass, JAIPUR Helpline : 9610-57-2222

## प्रेरणा

हार मान लेना ही असफल होने का एकमात्र निश्चित तरीका है। –जेना शोवाल्टर

## संपादकीय

# अमेरिका के बजाय चीन की साख बढ़ती जा रही है

अमेरिका के यूटा राज्य स्थित साल्ट लेक के एक मॉल में एक भारतीय का धर्म पूछकर एक अमेरिकी युवा ने उस पर 15 बार चाकू से प्रहार किया। उधर ट्रम्प सरकार ने विदेशी छात्रों के खिलाफ वीसा नियमों को और सख्त बनाया है। इस फैसले के पीछे ट्रम्प की गिरती साख को बचाने का प्रयास माना जा रहा है, क्योंकि उनकी वोट जुटाने की मागा-नीति गैर-अमेरिकियों को देश में हतोत्साहित करने पर टिकी है। इसके उलट देश की गिरती अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए यूएस फेडरल बैंक (आरबीआई के सामान) ने एक बार फिर भारतीय मूल के तीन अर्थशास्त्रियों को अपनी मौद्रिक नीति समितियों का मुखिया बनाया है। ये हैं रघुराम राजन, राज चेट्टी और आशा शर्मा। दरअसल ट्रम्प की समस्या बहुआयामी हो चुकी है। मध्यावधि चुनाव में कुछ माह बचे हैं। साख घट रही है। ताजा प्यू सर्वे के अनुसार अमेरिका पर विश्व के देशों का भरोसा घटा है, जबकि चीन पर बढ़ा है। इस सर्वे में शामिल 36 देशों में 22 ने चीन पर ज्यादा भरोसा दिखाया है। सबसे चिंता की बात यह है कि ऐसे देशों में कनाडा और मैक्सिको के अलावा जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन भी शामिल हैं। जिन देशों की जनता अभी भी जिनपिंग के मुकाबले ट्रम्प पर भरोसा बनाए हैं, वे हैं इजराइल, जापान, द. कोरिया, फिलीपीन्स और पोलैंड। विश्व-पटल पर चीन का बढ़ता महत्व भारत की चिंता का विषय होना चाहिए।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# हमारे परिवार सशक्त ही नहीं, एकजुट और संवेदनशील भी हों

भारत की एक ताकत है- परिवार-व्यवस्था। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हमारे परिवार केवल सशक्त ही न हों, एकजुट और संवेदनशील भी हों। आजकल माना जाता है कि रोटी, कपड़ा और मकान उच्च स्तर के हों तो परिवार सशक्त हो गए। परिवार जिस घर में रहता है, उसमें मोटे तौर पर चार कक्ष होते हैं। बैठक कक्ष, शयन कक्ष, पूजा घर और रसोई घर। इसमें दो कक्ष हैं और दो घर हैं। घर में भी जो घर है, वह रसोई घर और पूजा घर ही हैं। अब जब आप अपने घर में इन चार कक्ष में रहें तो ध्यान दीजिएगा। बैठक कक्ष चेहरे की तरह होता है। यहां सिर्फ हम दिखते हैं, होते नहीं हैं। जैसे हम चेहरा सजा लेते हैं, ऐसे लोग बैठक कक्ष सजा लेते हैं। यहां बुद्धि का प्रयोग करिए। शयन कक्ष में 10 इंद्रियां सक्रिय रहेंगी, उनका नियंत्रण रखिए। रसोई घर में हृदय प्रधान हो और पूजा घर में मन को शुद्ध और शून्य बनाने का काम किया जाए। अगर यह हम व्यवस्थित कर लें तो जिस घर में हम रहते हैं, उसमें हमारा दाम्पत्य जीवन एकजुट और संवेदनशील भी होगा।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## विशेष • जेनेटिक-इंजीनियरिंग का फायदा किसे मिलेगा?

# 'डिजाइनर बेबीज़' का विचार कई अहम सवाल खड़े करता है

## टेक्नोलॉजी



डेरोन एसमोगलु
अर्थशास्त्र के नोबेल विजेता व एमआईटी में प्रोफेसर

'डिजाइनर बेबीज' का विचार अब टेक्नोलॉजी की मदद से हकीकत बनता जा रहा है। ये ऐसे जेनेटिकली इंजीनियर्ड बच्चे हैं, जिन्हें आप अपनी पसंद की शारीरिक बनावट और बौद्धिक विशेषताओं के अनुरूप तैयार करवा सकते हैं। यह सम्भावना अनेक गम्भीर सामाजिक और नैतिक सवाल खड़े करती है।

जीन-एडिटिंग की बड़ी सफलताएं हाल ही की घटनाएं नहीं हैं। इस क्षेत्र का परिदृश्य 2000 के दशक और विशेष रूप से 2010 के शुरुआती वर्षों में विकसित हुई क्रिस्पर-कैस9 तकनीक के साथ ही बुनियादी रूप से बदल गया था। यह अत्यधिक सटीकता के साथ जेनेटिक-इंजीनियरिंग को सम्भव बनाती है। इसमें एक गाइड-आरएनए किसी प्राणी के जीनोम में विशिष्ट अनुक्रम की पहचान करता है, जहां कैस9 एंजाइम किसी जीन में संशोधन करने का काम करता है।

इस तकनीक के उपयोग की सम्भावनाएं व्यापक हैं। इसका इस्तेमाल रोग उत्पन्न करने वाले जीन को निष्क्रिय करने, बीजों और कृषि उत्पादों में संशोधन करने या जरूरत के अनुसार दवाओं और टीकों के विकास में किया जा सकता है। इसमें सिकल-सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के साथ-साथ कैंसर जैसे रोगों से जुड़े म्यूटेशंस से निपटने की भी क्षमता है। यह तकनीक भ्रूण अवस्था में- चाहे वह इन-विवो हो या इन-विट्रो- जीन जोड़ने या हटाने की सम्भावना भी पैदा करती है और यहीं से 'डिजाइनर बेबीज' का सवाल सामने आता है। सवाल है कि मनुष्यों में जेनेटिक-इंजीनियरिंग का प्रयोग किसी व्यक्ति तक सीमित रहता है या इसकी मदद से ऐसे परिवर्तन भी किए जाएंगे, जो अगली पीढ़ियों तक विरासत के रूप में पहुंचते हों।

एआई विशाल मात्रा में उपलब्ध डेटा का विश्लेषण कर ऐसे जीन-कॉम्बिनेशंस की पहचान कर सकता है, जो केवल रोग की संभावना ही नहीं, बल्कि शारीरिक बनावट, दमखम और संज्ञानात्मक क्षमता के विभिन्न आयामों को प्रभावित कर सकते हैं। लेकिन यह संभावना स्पष्ट नैतिक प्रश्न भी खड़े करती है। एल्डस हक्सले के उपन्यास 'ब्रेव न्यू वर्ल्ड' की तरह ये 'डिजाइनर बेबी' हमें ऐसे परिदृश्य के करीब ले जा सकते हैं, जहां जेनेटिक्स के आधार पर समाज में विभाजन हो जाए और केवल सम्पन्न लोगों के पास ही अपनी तथा अपनी आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता, शारीरिक प्रदर्शन और उम्र को बेहतर बनाने के साधन उपलब्ध हों। ऐसी स्थिति में आज जिनके पास पैसा है, वे हर पीढ़ी के साथ और अधिक समृद्ध तथा जेनेटिक रूप से अधिक सक्षम बनते जा सकते हैं। पॉलीजेनिक स्क्रीनिंग पर आधारित भ्रूण-चयन सेवाएं पहले ही आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) कराने वाले मरीजों को व्यावसायिक रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। एआई में हुई प्रगति ने उन्हें उन लोगों के लिए और आकर्षक बना दिया है, जो इनका खर्च उठा सकते हैं। यदि यह ट्रेंड जारी रहा तो भविष्य में अरबपतियों का ऐसा वर्ग उभर सकता है, जो अपने आर्थिक-विशेषाधिकारों को बायोलॉजिकल-बढ़त में बदलने के लिए कमर कस चुके हों। यह तब हो सकता है, जब बड़ी संख्या में अन्य लोग एआई के कारण रोजगार छिनने की आशंका का सामना कर रहे हों।

ऐसी सम्भावनाओं को रोकने के लिए अधिकांश लोगों की पहली प्रतिक्रिया जर्मलाइन-एडिटिंग और 'डिजाइनर बेबीज' पर पाबंदी लगाने की होती है। लेकिन शायद यह सही समाधान न हो। आखिर हम पहले ही वैक्सीनों और ऑपरेशनों के जरिए अपने शरीर और अपने बच्चों को एक तरह से 'डिजाइन' करते ही हैं। विकसित देशों में अब पैरेंट्स बनने जा रहे जोड़े भ्रूण में डाउन सिंड्रोम जैसी बीमारियों की जांच

> **ये 'डिजाइनर बेबी' हमें ऐसे परिदृश्य के करीब ले जा सकते हैं, जहां जेनेटिक्स के आधार पर समाज में विभाजन हो जाए और सम्पन्न लोगों के पास ही अपनी तथा आने वाली पीढ़ियों की बौद्धिक क्षमता, शारीरिक प्रदर्शन और उम्र को बेहतर बनाने के साधन उपलब्ध हों।**

कराते हैं और आवश्यकता पड़ने पर गर्भावस्था समाप्त करने का विकल्प चुनते हैं। इन हस्तक्षेपों और जीनोम-एडिटिंग के बीच की रेखा उतनी स्पष्ट नहीं है, जितनी दिखाई देती है। यदि बच्चों में चेचक के विरुद्ध प्राकृतिक इम्युनिटी विकसित करने के लिए जीन-एडिटिंग की जाए, तो क्या वह उन्हें वैक्सीन लगाने से अलग होगा?

बात केवल प्रकृति में हस्तक्षेप करने की ही नहीं है। इससे जुड़े दो और महत्वपूर्ण पहलू हैं। पहला, जर्मलाइन-एडिटिंग के दूरगामी प्रभावों को अभी पूरी तरह समझा नहीं जा सका है। जीवित प्राणी लगातार विभिन्न रोगाणुओं के आक्रमण का सामना करते रहते हैं और कुछ जेनेटिक-बदलाव ऐसी अप्रत्याशित समस्याएं पैदा कर सकते हैं, जिनका अनुमान अभी नहीं लगाया जा सकता। दूसरे, टीकाकरण एक सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप है, जबकि जीनोम-एडिटिंग केवल अमीरों की पहुंच में होगी। वे इसका इस्तेमाल ऐसे फायदे उठाने के लिए कर सकते हैं, जिनकी हम अभी कल्पना भी नहीं कर सकते। (@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

## जीवन-धुन • जो मायने रखता है, वो है एहसास की ताजगी

# चीजों के पूरा होने और उनके धीरे-धीरे खुलने में फर्क है

## आधे-अधूरे



रीटा कोठारी
अशोका यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी की प्रोफेसर और भाषाविद्

'प्यार' कोई भौतिक चीज नहीं है। इसलिए जब हम 'आधा इश्क' या 'हाफ लव' कहते हैं, तो इसका क्या अर्थ होता है? जब प्यार या इश्क 'आधा' होता है, तो क्या वह पहले पूरा था और फिर आधा हो गया, या वह पूरा होने की राह पर है पर अभी पूरा नहीं हुआ? फिल्म 'बैंड बाजा बारात' (2010) का गाना याद आता है : *'नमकीन सी बात है हर नई सी बात में, तेरी खुशबू चल रही है जो मेरे साथ में, हल्का-हल्का रंग बीते कल का गहरा-गहरा कल हो जाएगा, आधा इश्क आधा है आधा हो जाएगा, कदमों से मीलों का वादा हो जाएगा...।'*

कभी-कभी कदमों में एक नई फुर्ती होती है और हवा में उम्मीद-सी महसूस होती है। हो सकता है कोई खास सम्भावना अभी दूर हो, लेकिन उसके बारे में सोचना ही सुखद लगता है। हो सकता है यह प्यार न हो, या शायद किसी तरह से हो भी। यह ऐसा सुखद विचार है, जो छोटे-छोटे कदम उठाने और उन्हें एक खास दिशा में बढ़ते देखने की इच्छा जगाता है। यह खुद को या किसी और को जानने या समझने की बात नहीं है, बल्कि मन-मिजाज में एक ऐसी हल्की-फुल्की खुशी है, जो शायद कल किसी बड़ी चीज की बुनियाद बन जाए। यह प्यार की ओर एक धीमी और सुकून भरी चाल है।

जब प्यार अधूरा लगता है तो किसी पक्के यकीन के बजाय एक सुखद सम्भावना पर टिका होता है। इस गाने का आधुनिक अंदाज इसी बीच के पल को रचने में है- प्यार न करने और प्यार करने के बीच; बेपरवाह या तटस्थ या फिर लेन-देन वाले रिश्ते और पूरी तरह से खुद को सौंप देने की चाहत के बीच। यह एक नई, अनजानी और आकर्षक चीज की ओर धीरे-धीरे बढ़ने का एहसास कराता है- ऐसा आकर्षण, जिसे परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन जो डरावना भी नहीं है।

यह आज का 'आधा प्यार' है; बाकी आधा शायद कल हो। शुरुआत में इसके रंग हल्के थे, लेकिन हो सकता है कल वे और गहरे हो जाएं। एक स्थिति से दूसरी स्थिति तक पहुंचने के लिए क्या चाहिए? यह गाना कमिटमेंट जैसे शब्दों से बचता है। यह रिश्ते या इंसान के बजाय समय पर भरोसा रखने का संकेत देता है।

बेशक, जिस इंसान से प्यार हो सकता है, उससे इतनी उम्मीद तो है कि यह सफर आगे बढ़े और चाहने लायक बने; लेकिन अभी यह कोई पक्का या तय हो चुका मामला नहीं है। वह अनकहा, अनसुना शब्द है- इत्मीनान। धीरे-धीरे। अपने सही समय पर।

इस नजरिए से देखें तो यह गाना प्यार से 'पहले' का है, या प्यार की ओर बढ़ते सफर का। इसमें उम्मीद तो है कि रिश्ता पूरा होगा, लेकिन उसके लिए बेचैनी नहीं है। यह सबूतों नहीं, संभावनाओं पर टिका है। इसलिए, अभी कोई पक्का वादा करना जल्दबाजी होगी, और शायद ऐसा करना अब पुराना भी हो चुका है।

इस पल में जो बात मायने रखती है, वह है एहसास का ताजापन और जोश। कदम भले छोटे हों, पर उनमें हिचकिचाहट नहीं है, और मंजिल भले धुंधली हो, पर सफर बुरा नहीं है। यहां 'आधा' शब्द के इर्द-गिर्द बहुत कुछ बुना गया है- एक ऐसी बात जो ईमानदारी भरी है और जिसमें कोई हड़बड़ी नहीं है। यह 'आधा' किसी कमी की कहानी नहीं है कि कोई दूसरा आधा हिस्सा खो गया है और इसलिए कुछ अधूरापन है। बल्कि, यह उस हिस्से को दिखाता है, जो अभी मौजूद है, और उसका होना ही इस उम्मीद के लिए काफी है कि आगे चलकर और भी कुछ हो सकता है। यह किसी पूरी चीज का गणितीय आधा हिस्सा नहीं है, बल्कि चीजों के धीरे-धीरे खुलने और आगे बढ़ने को मंजूरी देना है।

वी. शांताराम की 'नवरंग' (1959) में भी दिवाकर

> **जिस इंसान से प्यार हो सकता है, उससे इतनी उम्मीद तो है कि यह सफर आगे बढ़े और चाहने लायक बने; लेकिन अभी यह कोई पक्का या तय हो चुका मामला नहीं है। वह अनकहा, अनसुना शब्द है- इत्मीनान। धीरे-धीरे। सही समय पर।**

ने अपने लिए मोहिनी नाम की एक प्रेमिका (म्यूज) की कल्पना की है, जो बिल्कुल उनकी पत्नी जमना जैसी दिखती है। मोहिनी में उन्हें वह साथी मिल जाता है, जो जमना नहीं बन पातीं; इस कल्पना के जरिए वे अपनी कविताओं और शारीरिक इच्छाओं, दोनों को पूरा करते हैं। मोहिनी असल में मौजूद नहीं होकर भी किसी चाहत के पूरे होने का एहसास कराती है; लेकिन गाना उन्हें यह भी याद दिलाता है कि असल जिंदगी में सब कुछ पूरा नहीं होता। इच्छा पूरी होने और अधूरापन महसूस होने के बीच की खींचतान पर आधारित है गाना- 'आधा है चंद्रमा...' यह लेख शब्दों की सीमा पार कर जाए, उससे पहले इसे आधा ही छोड़ दें- शायद फिर भी लुत्फ बरकरार रहे।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**18 जुलाई के अंक से विशेष अनुबंध के तहत सिर्फ दैनिक भास्कर में**
इकोनॉमिस्ट ने धरती पर तापमान बढ़ने से उसके नुकसानदेह प्रभावों और नतीजों को कवर स्टोरी का विषय बनाया है। स्पेशल रिपोर्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक पहल का जायजा लिया है।

The Economist

दैनिक भास्कर
अब आप इकोनॉमिस्ट के सभी आर्टिकल DB एप पर हर शनिवार पढ़ सकते हैं। डाउनलोड करें डीबी एप।

## वर्ल्ड इन ब्रीफ

### ट्रम्प के भाषणों के शब्दों पर वायदा बाजार में लगाए दांव



व्हाइट हाउस का कहना है कि नियामक एजेंसियां उसके एक टेलिप्रॉम्पटर ऑपरेटर की जांच कर रही हैं। आरोप है कि उसने फाइनेंशियल एक्सचेंज कलशी पर दांव लगाए हैं कि डोनाल्ड ट्रम्प अपने भाषणों में कौन से शब्द कहेंगे। ऑपरेटर ने इस कारोबार से एक लाख डॉलर से अधिक धन कमाया है। इसमें राष्ट्रपति के देश के नाम प्रमुख भाषण स्टेट ऑफ यूनियन में इस्तेमाल किए गए शब्द भी शामिल हैं।

### ब्रिटेन : किशोरों के लिए एनर्जी ड्रिंक्स पर बंदिश

ब्रिटिश सरकार अप्रैल 2027 से 16 साल से कम आयु के किशोरों के लिए हाई कैफीन एनर्जी ड्रिंक्स की बिक्री पर पाबंदी लगाएगी। ऐसे प्रोडक्ट से दिल की धड़कन और बीपी बढ़ता है। हालांकि एनर्जी ड्रिंक्स निर्माताओं का कहना है कि वे सुरक्षित हैं, लेकिन बच्चों को सेवन से रोकते हैं। अमेरिका में सिफारिश की गई है कि बच्चे ऐसे पेयों से बचें जबकि लातविया, लिथुआनिया और पोलैंड में 18 साल से कम के लोगों के लिए ये एनर्जी ड्रिंक्स प्रतिबंधित हैं।

## साइंस सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा को वापस करने की पृथ्वी की क्षमता घट रही है

# नई चेतावनी : धरती अनुमान से 30% तक ज्यादा तेजी से गर्म हो सकती है

धरती पहले के अनुमानों से कहीं अधिक तेजी से गर्म हो रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहे तो आने वाले वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग मौजूदा आकलन से 10 से 30 प्रतिशत तक अधिक हो सकती है। इसका असर भीषण गर्मी, जंगलों में आग, सूखा और चरम मौसमी घटनाओं के रूप में पहले से ज्यादा दिखाई देगा। 2027 के अब तक का सबसे गर्म साल बनने की संभावना है, जबकि प्रशांत महासागर में मजबूत हो रहे अल नीनो के कारण अगले साल भी हालात गंभीर बने रह सकते हैं।

वैज्ञानिकों की सबसे बड़ी चिंता पृथ्वी के ऊर्जा असंतुलन को लेकर है। सामान्य स्थिति में पृथ्वी सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा का एक हिस्सा अंतरिक्ष में लौटा देती है। इसी प्रक्रिया को अल्बेडो कहा जाता है, लेकिन पिछले दो दशकों में उपग्रहों से मिले आंकड़े बताते हैं कि पृथ्वी की यह क्षमता तेजी से घट रही है। नतीजतन ज्यादा सौर ऊर्जा धरती और समुद्रों में ही फंस रह जाती है, जिससे तापमान लगातार बढ़ रहा है। क्लाइमेट वैज्ञानिक रेटो नुटी के अनुसार पृथ्वी का ऊर्जा असंतुलन जिस गति से बढ़ रहा है, वह संकेत देता है कि भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग मौजूदा अनुमानों से कहीं ज्यादा हो सकती है। इसकी झलक पहले ही दिखने लगी है। प्रशांत महासागर की गहराइयों में जमा अतिरिक्त गर्मी अब समुद्र की ऊपरी लगभग 100 मीटर परत तक पहुंच चुकी है। अल्बेडो घटने की एक बड़ी वजह समुद्रों के ऊपर ठंडे बादलों में कमी भी मानी जा रही है। ग्रीनहाउस गैसों के कारण समुद्र अधिक गर्म हो रहे हैं और इससे बादलों का निर्माण प्रभावित हो रहा है।

दूसरी ओर, औद्योगिक प्रदूषण कम करने के प्रयास भी एक नई दुविधा पैदा कर रहे हैं। वातावरण वैज्ञानिक पॉल क्रटजेन ने वर्षों पहले आगाह किया था कि जीवाश्म ईंधन से निकलने वाले सल्फर डाइऑक्साइड के सूक्ष्म कण भले ही मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हों, लेकिन वे सूर्य की कुछ ऊर्जा को अंतरिक्ष में परावर्तित कर पृथ्वी को ठंडा रखने में भी भूमिका निभाते हैं। सल्फर उत्सर्जन घटने से यह प्राकृतिक 'कूलिंग प्रभाव' भी कमजोर हुआ है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि केवल ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन घटाना पर्याप्त नहीं होगा। पृथ्वी की सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करने की क्षमता कैसे बढ़ाई जाए, इस पर भी तेजी से काम करना होगा। क्योंकि यदि ऊर्जा असंतुलन लगातार बढ़ता रहा, तो जलवायु परिवर्तन की रफ्तार को नियंत्रित करना पहले से कहीं अधिक कठिन हो जाएगा।

### जून और जुलाई अब तक के सबसे गर्म महीने




समुद्रों की बढ़ती गर्मी के संकेत लगातार सामने आ रहे हैं। 14 जुलाई को भूमध्यरेखा के आसपास और उससे उत्तर-दक्षिण के समुद्री इलाकों का तापमान अब तक के सभी 14 जुलाई के रिकॉर्ड से अधिक रहा। जुलाई के कई दिन और जून का लगभग पूरा महीना भी इसी तरह रिकॉर्ड गर्म रहा। इसका असर दुनिया भर में दिख रहा है। यूरोप मई के बाद तीन बार भीषण हीटवेव झेल चुका है, जिनमें हजारों लोगों की मौत हुई। वहीं, चीन के तटीय इलाकों में लाखों लोगों को बेघर करने वाले सुपर टाइफून 'बावी' को भी असामान्य रूप से गर्म समुद्र से ताकत मिली।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## विश्लेषण महाशक्तियों को जवाब देने की तैयारी

# पीएम मोदी की कूटनीतिक पहल से मिले एशिया में नए ट्रेंड के संकेत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया विदेश यात्राओं ने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में तेजी से बदलते कूटनीतिक समीकरणों को नई दिशा दी है। पिछले महीने अपनी 100वीं विदेश यात्रा के दौरान फ्रांस और स्लोवाकिया जाने के बाद मोदी सेशेल्स पहुंचे। इसके बाद जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची साने की मेजबानी की और फिर इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड का दौरा किया। इन यात्राओं ने संकेत दिया है कि एशिया के मध्यम शक्ति वाले देश अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाते हुए रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में जुटे हैं।

इन दौरों के दौरान भारत ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, सेमीकंडक्टर और दुर्लभ खनिजों जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। चीन की बढ़ती आर्थिक और सैन्य ताकत लंबे समय से भारत सहित कई एशियाई देशों की चिंता रही है। वहीं, अमेरिका की बदलती प्राथमिकताओं ने क्षेत्रीय देशों को नए साझेदार तलाशने के लिए भी प्रेरित किया है। विदेश नीति विशेषज्ञ सी. राजामोहन इसे 'जी माइनस-2' की रणनीति बताते हैं। उनका कहना है कि एशियाई देश न तो अमेरिका से दूरी बनाना चाहते हैं और न ही चीन के साथ सीधे टकराव की राह पर हैं। उनकी कोशिश दोनों महाशक्तियों के बीच संतुलन बनाते हुए आपसी सहयोग बढ़ाने की है। विश्लेषकों का मानना है कि 2018 में अमेरिका ने पैसेफिक रणनीति में 'इंडो' शब्द जोड़कर भारत की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित किया गया था, जबकि अब इसे हटाना अमेरिकी प्राथमिकताओं में बदलाव का संकेत माना जा रहा है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने क्षेत्रीय साझेदारियों को मजबूत करने की रफ्तार बढ़ाई है।




### अमेरिका के रुख से हैरत

भारत के लिए अमेरिका का रुख उलझन पैदा करता है। हालांकि वह ट्रम्प द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ से तो बच गया है पर ट्रम्प के सत्ता में रहते बहुत कम लोगों को अमेरिका से रिश्तों में सुधार की गुंजाइश दिखती है। क्षेत्रीय राजनयिक दोनों देशों के अहम रिश्ते बिगड़ने से हैरत में हैं।

ऑस्ट्रेलिया अब भारत को परमाणु ऊर्जा के लिए यूरेनियम उपलब्ध कराने और समुद्री सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुआ है। जापान के साथ संबंध अब बुनियादी ढांचे से आगे बढ़कर रक्षा उत्पादन और प्रौद्योगिकी सहयोग तक पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के साथ अधिक नौसैनिक अभ्यास और सूचनाओं के आदान-प्रदान पर सहमति बनी है, जबकि इंडोनेशिया के साथ ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति का समझौता हुआ है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

## दिलचस्प 15 साल से ब्रिटिश प्रधानमंत्री आवास में तैनात बिल्ला लैरी सोशल मीडिया स्टार, चूहों का आधिकारिक शिकारी है और दुनिया भर में है मशहूर

# छह प्रधानमंत्री बदल गए, 10 डाउनिंग स्ट्रीट का यह बिल्ला अब सातवें के स्वागत को तैयार



प्रधानमंत्री आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट, लंदन के बाहर घूमता बिल्ला लैरी।

ब्रिटेन की सत्ता का सबसे चर्चित और सबसे स्थायी 'अफसर' कोई राजनेता नहीं, बल्कि लैरी नाम का एक बिल्ला है। उसका आधिकारिक पद है कैबिनेट चीफ माउसर, यानी चूहों का प्रधान शिकारी। पिछले 15 वर्षों से 10 डाउनिंग स्ट्रीट में तैनात लैरी के सामने छह प्रधानमंत्री विदा हो चुके हैं और अब वह सातवें के स्वागत की तैयारी में है।

वेस्टमिंस्टर के गलियारों में लैरी की अपनी अलग पहचान है। उसे कई बार अपने इलाके पर कब्जा जमाने वाला बताया जाता है। एक बार तो एक मंत्री ने मजाक में उसे 'छोटा बदमाश' तक कह दिया था। उसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसका अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी है और वह ब्रिटिश राजनीति का अनौपचारिक सितारा बन चुका है। लैरी की कहानी भी किसी अनुभवी राजनीतिक खिलाड़ी जैसी है। वह एक साधारण इलाके से आया था। प्रधानमंत्री डेविड कैमरन के कार्यकाल में उसे बैटरसी डॉग्स एंड कैट्स होम से लाकर 10 डाउनिंग स्ट्रीट में रखा गया। वह कैबिनेट चीफ माउसर बनने वाला पहला आधिकारिक बिल्ला बना। दुनियादार और थोड़े लड़ाकू स्वभाव वाले लैरी की चूहे पकड़ने की क्षमता पर हालांकि अक्सर सवाल उठते रहे हैं। 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर तैनात पत्रकारों के मुताबिक उसने हाल के दिनों में दो चूहों का शिकार किया है, लेकिन अंदरखाने इस दावे पर संदेह भी जताया जाता है। सरकारी प्रोफाइल भी इस पर चुटकी लेते हुए कहती है कि चूहों की समस्या से निपटने की उसकी रणनीति अभी 'योजना स्तर' पर है, जबकि वह अपना अधिकांश समय ऐतिहासिक फर्नीचर पर झपकी लेकर उसकी 'गुणवत्ता जांचने' में बिताता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की समेत कई वैश्विक नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें हैं। 2019 में उसने बारिश से बचने के लिए तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की बख्तरबंद लिमोसिन 'द बीस्ट' के नीचे शरण ली थी। यह तस्वीर दुनिया भर में चर्चित हुई। हालांकि उसकी उम्र बताती है वह अब बूढ़ा होता जा रहा है। कैट ईयर के हिसाब से तुलना करें तो वह करीब 92 वर्षीय व्यक्ति के बराबर होगा, जबकि उसकी वास्तविक उम्र करीब 19 साल है।

© 2022 The Economist Newspaper Limited. All rights reserved

### सामने कोई चुनौती नहीं

लैरी के सामने अब कोई चुनौती नहीं है। विदेश मंत्रालय के पूर्व चीफ माउसर पाल्मेरस्टन से झगड़े के बाद प्रतिद्वंद्विता खत्म हो गई है। हालांकि इस झगड़े में लैरी के कंधे की एक हड्डी टूट गई थी। उसके अनऑफिशियल एक्स अकाउंट पर नौ लाख से अधिक फॉलोअर हैं। उसके प्रशंसक अक्सर तोहफे भेजते रहते हैं।

• सरल सी बात

# हर-हर पाठक

संपत सरल
व्यंग्य लेखक



**श्री गणेशाय नमः लिखकर व्यंग्यकर्म करने से खतरा है... लिखे-छपे अक्षर के देवता तो पाठक हैं। अतः हर-हर पाठक !!**

**अखबार** के ऑफिस से फोन आया, 'आप हिंदी के बड़े व्यंग्य लेखक हैं। क्या वैचारिक व्यंग्य में रुचि रखने वाले पाठकों के लिए नियमित कॉलम लिख सकेंगे?'

मैंने फोनकर्ता से कहा, 'जी, सर्वप्रथम तो मेरे स्थाई भ्रम पर मुहर लगाने के लिए आभार, जो मुझे अपने बारे में व्यंग्य लेखन शुरू करते से ही हो चुका था कि मैं हिंदी का बड़ा व्यंग्य लेखक हूं। दूसरा, आपने मेरी प्रशस्ति में कहा कि आप हिंदी के बड़े व्यंग्य लेखक हैं। कृपया, इस वाक्य में 'आप' के बाद 'ही' और 'बड़े' से पहले 'सबसे' भी लगा दें, ताकि पूरा वाक्य बन सके- आप ही हिंदी के सबसे बड़े व्यंग्य लेखक हैं। स्वयं को स्वयंभू मानने का सद्गुण यदि किसी नेता में हो सकता है तो हिंदी के व्यंग्य लेखक में क्यों नहीं हो सकता?'

जहां तक कॉलम के लिए व्यंग्य लिख देने की बात थी, मैंने उन्हें राजस्थानी का एक लतीफा हिंदी में सुनाया। आप भी मजा लें-

पोते ने दादी के आगे नहला फेंका कि दादी, कांटा बहुत सलीके से निकालती है। दादी ने तुरंत दहला मारा कि बेटा, तेरी दादी ने जिंदगी में और किया ही क्या है।

मेरे कहने का तात्पर्य था कि व्यंग्य ही लिखते रहने वाले मुझ जैसे के पास व्यंग्य लेखन के अलावा काम भी क्या है?

जैसे ही वार्ताकार ने ठहाका लगाते हुए अपने को दुरुस्त किया कि आप ही हिंदी के सबसे बड़े व्यंग्य लेखक हैं, मैंने खट से हामी भर दी।

नियमित कॉलम के लिए मैंने व्यंग्य लेख लिख देना स्वीकार तो कर लिया, लेकिन विचारने पर मेरी हालत ऐसी हो गई मानो भीषण उमस में बिजली चली गई हो। कागज कलम उठाए तो असमंजस में पड़ गया कि आरंभ को शुभारंभ बनाने के लिए किस देवी-देवता को नमन करूं?

कला और साहित्य की देवी सरस्वती से सार्थक व्यंग्य लेखन के लिए प्रार्थना निरर्थक लगी, क्योंकि व्यंग्य के नाम पर व्हाट्सएपिया चुटकले वे ही मंचीय कवि सर्वाधिक सुनाते हैं जो सरस्वती के चरणों में सर्वाधिक झुकते हैं। यों भी लक्ष्मी-कृपा के दौर में सरस्वती-कृपा के फेर में क्यों पड़ना?

हर काम को शुभ और निर्विघ्न संपन्न करने के प्रभारी गणेशजी हैं, लेकिन आपबीती के आधार पर कह सकता हूं कि गणेशवंदन से भी रिजल्ट संतोषजनक नहीं निकलता। मेरे शुभविवाह का नतीजा भी वही निकला है, जो तमाम शुभविवाहों का निकलता है।

पांच-सात कमर्शियल कथावाचकों से मार्गदर्शन मांगा तो उन सबने भी परंपरागत मार्ग ही सुझाया कि महाभारत की कथा वेदव्यासजी ने बोली थी और गणेशजी ने लिखी थी, सो लेखन संबंधी मेरा काम गणेशजी ही कर सकते हैं।

अकेले पर ही सबके कारज संवारने का जिम्मा, शरीर भारी और सवारी हल्की। ऐसे में मुझे नहीं लगता कि गौरीपुत्र मेरा सहयोग बराबर कर पाएंगे।

महाभारत ग्रंथ तत्कालीन संस्कृत में बोला-लिखा गया था। मैं समकालीन हिंदी में तत्सम, तद्भव, देशज और विदेशी चारों प्रकार के शब्द इस्तेमाल करता हूं। पता नहीं गजानन भाषायी मामले में कितने अप-टु-डेट चल रहे हैं? मैं अंग्रेजी वाला फूल बोलूं और वह हिंदी वाला फूल लिख मारें तो व्यंग्य का मजा किरकिरा हो सकता है।

श्री गणेशाय नमः लिखकर व्यंग्यकर्म करने से एक खतरा और है। मैं तो व्यंग्य का तीर किसी ऐसे पर चलाऊं जिसके खाने और दिखाने के दांत अलग-अलग हों और कौन जाने क्या घटे यदि अष्टविनायक उसे अपने पर ले बैठें?

लिखे-छपे अक्षर के देवता पाठक हैं। अतः हर-हर पाठक!!

• कार्टून कोना




हास्य कविता • प्रदीप चौबे

## विज्ञापन का राज

बात बहुत छोटी थी श्रीमान, **विज्ञापन था पहलवान छाप बीड़ी और हमारे मुंह से निकल गया बीड़ी छाप पहलवान!**
बस, हमारे पहलवान पड़ोसी ताव खा गए
ताल ठोककर मैदान में आ गए,
एक झापड़ हमारे गाल पर लगाया,
हमें गुस्से की बजाय महात्मा गांधी का खयाल आया,
हमने दूसरा गाल पहलवान के सामने पेश कर दिया,
**मगर वो शायद नाथूराम गोडसे का भक्त था,**
**उसने दूसरे गाल पर भी धर दिया,**
**फिर मुसकराकर बोला- एकाध और खाओगे?**
**लेकिन ये तो बताओ बेटा, तीसरा गाल कहां से लाओगे?**
हमने कहा आपकी इस अप्रत्याशित कार्यवाही ने
हमें बड़े संकट में डाल दिया है,
गांधीजी ने ये तो कहा था कि कोई एक गाल पर मारे
तो दूसरा लेकर आगे बढ़ना, परंतु जल्दबाजी में वे ये बताना
भूल गए कि पहलवान पल्ले पड़ जाए तो फिर क्या करना!
**हे पहलवानजी आप जरा पांच मिनट यहीं ठहरना,**
**मैं अभी उनकी आत्मकथा पूरी पढ़कर आता हूं**
ठीक पंद्रह मिनट बाद जब हम अपने घर से बाहर निकले
तो हमारे बाएं हाथ में मूंछ और दाएं हाथ में रिवॉल्वर था,
देखते ही पहलवान हकलाने लगे..ये...क्या..तुम...तो गांधी
के भक्त हो! हमने कहा- हूं नहीं, था! पूरी रिवॉल्वर गोलियों
से भर ली है, अब बोलो बेटा पहलवान, पहलवान छाप बीड़ी
**या बीड़ी छाप पहलवान? पहलवान बोले-**
**हैं...हैं...हैं... जैसा आप ठीक समझें श्रीमान!**
- कविता 'युद्धं शरणं गच्छामि' के चुनिंदा अंश-

• माइंड ट्विस्टर

## रोटी-पापड़ बेलना

पिछले हफ्ते हमने पूछा था- **पापड़ बेलना ही क्यों कहते हैं-रोटी-पूरी बेलना क्यों नहीं**

- पूर्वजों को पता था कि पूरी और रोटी बेलना बीते जमाने की बात हो जाएगी और जेन-ज़ी को पकौड़े व झालमुड़ी बेचने के साथ-साथ जंतर-मंतर पर पापड़ भी बेलने होंगे। - **जयबीर सिंह, गुरुग्राम, हरियाणा**
- पापड़ बेलकर सफलता हासिल करने वाला कोई भी तुर्रम खां शादी के बाद जिंदगी भर रोटी-पूरी ही बेलता है। - **नरेंद्र माखीजा, बिलासपुर**
- रोटी या पूरी बेलने से भूख मिटती है जबकि पापड़ बेलने से धैर्य की परीक्षा होती है। - **सोनी कुमारी, बिहार**
- रोटी-पूड़ी रोज के काम, बेलने में बहुत ही आसान, पापड़ में है घमासान, लेले दोनो कंधे की जान। -**प्रतिभा शाह**
- क्योंकि पापड़ एक ही काफी है,रोटी-पूरी ज्यादा लगेंगी और घी तेल का खर्च एक्स्ट्रा, इसलिए पापड़ बेलना ही ठीक है। - **सतीशचन्द्र सोलंकी थांदला।**
- जब इज्जत बचाने के लाले पड़े हों, तो पापड़ तो बेलने ही पड़ेंगे, तब भला रोटी-पूरी को पूछता ही कौन है? - **विनोद कुमार चौबे, रांची, झारखण्ड**

**अगला सवाल**

**मक्खी मारना ही क्यों कहते हैं, मच्छर मारना क्यों नहीं** पाठक humour@dbcorp.in पर फनी जवाब भेजें।

• वीकली कॉमेन्ट्री

# सड़कें तो सुधरने से रहीं, इसलिए सीधे बादलों का रूट पकड़ लो

पंकज प्रसून
व्यंग्यकार और कवि



**प्रस्तुत हैं इस हफ्ते के मुख्य समाचार...**

**1. हवा में उड़ेगी बसः नितिन गडकरी।**
गड्ढों से तंग भारतीयों के लिए गडकरी जी का ये बेहतरीन बायपास प्लान है। वैसे हवा में उड़ने का मजा जनता सालों से जमीन पर ही ले रही है, जब हर गड्ढा गाड़ी को सीधे आसमान की तरफ उछाल देता है! अच्छा है, जब जमीन की सड़कें सुधरने से रहीं, तो सीधे बादलों का रूट पकड़ लो। बस डर है कि लोग ऊपर से ही गुटखे की पीक मारकर आसमान को भी लाल न कर दें!

**2. उप्र की एक यूनिवर्सिटी गिराने का आदेश।**
इस सरकारी हथौड़े के नीचे सिर्फ दीवारें नहीं, बल्कि हजारों गरीब छात्रों के सपने कुचले जाएंगे। गुनहगार को सजा देने का यह कैसा नायाब इंसाफ है, जहां सजा बच्चों की किताबों को मिल रही है! न्याय का ऐसा खेल सिर्फ हमारे यहां ही मुमकिन है।

**3. भारत में पहली बार दौड़ी हाइड्रोजन ट्रेन।**
रेलवे ने सीधे 'गो ग्रीन' मोड ऑन करके नो-फिल्टर फ्लेक्स मार दिया है! अब ट्रेन धुएं के बजाय सिर्फ पानी और भाप छोड़ेगी- इको-फ्रेंडली वाइब्स ओनली। ये उन बिना टिकट वाले 'लेजेंड्स' के लिए भी तगड़ा हैक है, जो टीटीई के पकड़ते ही बोलेंगे- 'ब्रो, हम ट्रैवल नहीं कर रहे, बस फ्री का स्टीम बाथ ले रहे हैं!'

**4. चीन में बना अकेलापन मिटाने वाला रोबोट**
इंसानों से धोखा खाए कुंवारों के लिए चीन ने यह नया इलेक्ट्रॉनिक जीवनसाथी उतारा है! बस संभलकर रहिएगा, क्योंकि यह 'मेड इन चाइना' है, पता चला आप दिल का इजहार कर रहे हैं और माशूका शॉर्ट-सर्किट होकर धुआं छोड़ गई!

• सैंसिबल मीम्स

सौरभ जैन




गिरीश कुमार






फिटनेस • सही डाइट, पर्याप्त नींद और स्मार्ट ट्रेनिंग... टॉप फुटबॉलर्स का फिटनेस फॉर्मूला

# रोनाल्डो का स्लीप फॉर्मूला, मेसी की डाइट अच्छी सेहत के लिए फुटबॉलर्स की 6 आदतें

भास्कर रिसर्च | क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी जैसे खिलाड़ी दुनिया के सबसे फिट एथलीट्स में गिने जाते हैं। मैदान पर पूरे मैच के दौरान फिट, तेज और फोकस्ड बने रहने के पीछे उनकी मजबूत लाइफस्टाइल होती है। उनके रूटीन से जुड़ी ये 6 आदतें आप भी अपनी जिंदगी में अपना सकते हैं।



**ज्यादातर खिलाड़ी मैच से पहले परफॉर्मेंस विजुअलाइजेशन करते हैं...**

### 1. रिकवरी के लिए नींद जरूरी
- रोनाल्डो (पुर्तगाल) के स्लीप कोच निक लिटिल हेल्स के अनुसार, रोनाल्डो रात में एक साथ 8 घंटे सोने के बजाय दिन भर में 90-90 मिनट के छोटे स्लीप साइकिल्स लेते हैं। इससे उनके शरीर को लगातार ऊर्जा और रिकवरी मिलती है।
- **सीखः** हर किसी को रोनाल्डो की तरह स्लीप साइकिल अपनाने की जरूरत नहीं है, लेकिन नींद को फिटनेस का हिस्सा जरूर मानना चाहिए।

### 2. प्रोसेस्ड फूड से सख्त दूरी
- अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी के न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. जूलियानो पोसर बताते हैं, 'मेसी प्रोसेस्ड फूड और एडेड शुगर को सीमित रखते हैं और डाइट में सब्जियां, फल, साबुत अनाज, नट्स और पर्याप्त पानी लेते हैं।'
- **सीखः** रिफाइंड शुगर और पैकेज्ड फूड आपके पेट के अच्छे बैक्टीरिया गट माइक्रोबायोम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनसे दूरी आपको फिट रखेगी।

### 3. न्यूट्रीशन की टाइमिंग
- जर्नल ऑफ द इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन के अनुसार, वर्कआउट के बाद का समय मांसपेशियों की रिकवरी के लिए सबसे जरूरी होता है। इसलिए कई फुटबॉलर्स मैच के तुरंत बाद प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट लेते हैं।
- **सीखः** जिम या रनिंग के 30 मिनट के भीतर प्रोटीन और अच्छे कार्बोहाइड्रेट लें।

### 4. कंपाउंड मूवमेंट्स फोकस
- किलियन एमबापे (फ्रांस) अपनी ट्रेनिंग में स्क्वैट, डेडलिफ्ट और बल्गेरियन स्प्लिट स्क्वैट जैसी कंपाउंड एक्सरसाइज करते हैं। इनसे एक साथ कई मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। ये एक्सरसाइज ताकत, स्पीड व संतुलन बढ़ाने में मदद करती हैं।
- **सीखः** वर्कआउट में पूरे शरीर को काम में लेने वाली एक्सरसाइज शामिल करें।

### 5. मेंटल विजुअलाइजेशन
- दिमाग शांत रखने के लिए खिलाड़ी मैच से पहले अपनी परफॉर्मेंस विजुअलाइज करते हैं। एमिलियानो मार्टिनेज (अर्जेंटीना)कई बड़े मैचों से पहले खुद को सफल होते हुए कल्पना करते हैं।
- **सीखः** काम पर जानें या वर्कआउट से पहले 2 मिनट शांत बैठकर अपना लक्ष्य विजुअलाइज करें, आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### 6. रिकवरी और फ्लेक्सिबिलिटी
- फुटबॉलर्स इंजरी से बचने के लिए मैच से पहले डायनेमिक स्ट्रेचिंग- जैसे लेग स्विंग, हाई नीज, लंजेस और बाद स्टैटिक स्ट्रेचिंग करते हैं। यह मांसपेशियों की जकड़न कम करने और रिकवरी में मदद करती है।
- **सीखः** मांसपेशियों में खिंचाव से बचने के लिए कसरत से पहले वॉर्म-अप करें।

**दैनिक भास्कर हेल्थ पॉडकास्ट**
इस खबर को आप पॉडकास्ट के जरिए भी सुन सकते हैं। इस QR को स्कैन करें और इस खबर को आम बातचीत के अंदाज में सुनें।

• एक अच्छी आदत

## हाइकिंग स्ट्रेस व वजन घटाने में मददगार...



**गैजेट्स** और स्क्रीन से भरी जिंदगी में पहाड़ों और कच्चे रास्तों पर चलना शरीर और दिमाग दोनों के लिए फायदेमंद है। हाइकिंग से ज्यादा कैलोरी बर्न होती है और पैर व पेट की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। शोध बताते हैं कि प्रकृति के बीच 90 मिनट बिताने से ओवरथिंकिंग घटती है व डिप्रेशन का खतरा भी कम हो सकता है।

### इस आदत की शुरुआत कैसे करें?

- **शुरुआती ट्रेनिंगः** घर के पास अगर पहाड़ियां है, तो वहां चलने की प्रैक्टिस करें, लिफ्ट की जगह सीढ़ियां इस्तेमाल करें और उठक-बैठक, लंजेस जैसी एक्सरसाइज करें।
- **सही रास्ता चुनेंः** शुरुआत में ऐसे रास्ते चुनें जहां चढ़ाई बहुत कम हो। इसके लिए 'AllTrails' जैसे ऐप्स की मदद ली जा सकती है।
- **सही जूते और गियरः** सबसे जरूरी चीज है आपके जूते। वे आरामदायक और अच्छी ग्रिप वाले होने चाहिए। धूप, बारिश का सामान और पानी हमेशा साथ रखें।
- **सुरक्षा का ध्यान रखेंः** शुरुआत में ग्रुप या दोस्तों के साथ जाएं और निकलने से पहले किसी को अपने रास्ते की जानकारी जरूर दें।

• मानसून गाइड

## इन दिनों आंखों व स्किन को ऐसे रखें सुरक्षित

डॉ. अभिषेक होशिंग
सीनियर कंसल्टेंट, ऑप्थैल्मोलॉजी, अपोलो

डॉ. गुंजन वर्मा,
कंसल्टेंट-डर्मेटोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल




**मानसून** में हवा में नमी का स्तर 70 से 90% तक पहुंच जाता है। बढ़ी हुई नमी, पसीने, गीले कपड़े और आसपास पानी जमा रहने से बैक्टीरिया, वायरस व फंगस ज्यादा पनपते हैं। इसका असर त्वचा और आंखों पर ज्यादा पड़ता है, जिससे फंगल इन्फेक्शन और मुहांसे बढ़ जाते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन, अमेरिका की रिसर्च के मुताबिक इस मौसम में आई इन्फेक्शन के मामले 2.5 तक गुना बढ़ सकते हैं।

### आई इन्फेक्शन

**• ये समस्याएं सबसे आम**
मानसून में आंख आना यानी कंजंक्टिवाइटिस के मामले बढ़ जाते हैं। इसमें आंखें लाल, पानी आना, खुजली और जलन जैसी समस्याएं होती हैं। इसके अलावा कॉर्नियल इन्फेक्शन, एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस और पलकों के संक्रमण का खतरा भी बढ़ता है।

**• इन लक्षणों पर ध्यान दें**
अगर आंखों में लालपन के साथ दर्द, धुंधला दिखना, रोशनी से परेशानी, आंख की काली पुतली पर सफेद धब्बा, चोट के बाद सूजन या लगातार डिस्चार्ज हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बिना सलाह के ड्रॉप इस्तेमाल करने से संक्रमण बढ़ सकता है।

### संक्रमण से बचाव के आसान तरीके



हाथों को नियमित धोएं और गंदे हाथों से आंखें न छुएं। तौलिया, रुमाल, आई मेकअप या कॉन्टैक्ट लेंस जैसी पर्सनल चीजें शेयर न करें। लंबे समय तक स्क्रीन पर काम करते हैं, तो बीच-बीच में पलकें झपकाते रहें और आंखों को आराम दें। पर्याप्त पानी पिएं और संतुलित आहार लें, इससे आंखों की नमी और सेहत बनी रहती है।

### स्किन इन्फेकशन

**• ये संक्रमण बढ़ते हैं...**
इन दिनों दाद, जॉक इच यानी जांघों के बीच खुजली व जलन, एथलीट्स फुट और नाखूनों के फंगल संक्रमण आम हो जाते हैं। बैक्टीरियल इंफेक्शन में नाक-मुंह के पास लाल घाव या छाले यानी इम्पेटिगो और फोड़े-फुंसियां जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**• ये सावधानियां बरतें**
सूती व ढीले कपड़े पहनें और पसीना आने पर कपड़े बदलें। तौलिया, कपड़े और कंघी जैसी निजी चीजें साझा न करें। बारिश में भीगने के बाद शरीर और पैरों को अच्छी तरह सुखाएं। मुंहासों से बचने के लिए चेहरे को हल्के क्लींजर से साफ करें।

स्लीप हेल्थ • ध्यान न लगना और लगातार चिड़चिड़ापन सिर्फ तनाव से नहीं, नींद पूरी न होने के कारण भी हो सकता है

# नींद की कमी होने पर आपका शरीर देता है ये चार संकेत

TIME
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**नींद** की कमी का असर सिर्फ सुस्ती या दिन में नींद आने तक सीमित नहीं है। रोजाना 7-8 घंटे की नींद न मिलने पर मूड, याददाश्त, फैसले लेने की क्षमता और भूख भी प्रभावित होने लगती है। लंबे समय तक इसे नजरअंदाज करने पर दिल की बीमारी, कमजोर इम्यूनिटी और डिप्रेशन का खतरा बढ़ सकता है।

**नींद पूरी न होने पर दिमाग निगेटिव चीजों पर 60% ज्यादा तेजी से रिएक्ट करता है...**

**1. ज्यादा इमोशनल होनाः** हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के स्लीप एक्सपर्ट डॉ. बेनाविडेस के मुताबिक कम नींद से निगेटिव चीजों पर रिएक्शन 60% तेज हो जाता है, और दिमाग का इमोशन कंट्रोल करने वाला हिस्सा काम करना बंद कर देता है।

**2. वो कबूल लेना, जो आपने किया ही नहींः** नींद की कमी होने से किसी ऐसी बात को कबूलने की संभवना 4 गुना बढ़ जाती है, जो आपने किया न हो। थकान इंसान को बिना सोचे-समझे किसी भी बात पर हां कहने के लिए मजबूर कर सकती है।

**3. ध्यान न लगा पाना और भटकावः** नींद की कमी ADHD जैसे लक्षण पैदा कर देती है। न्यूयॉर्क की स्लीप एक्सपर्ट डॉ. एलिस होगलैंड बताती है कि नींद पूरी न होने से ध्यान केंद्रित करने, बर्ताव और खुद पर काबू रखने की क्षमता कम होती है।

**4. हार्मोन्स की गड़बड़ीः** डॉ. डेविड बेनाविडेस कहते हैं कि नींद की कमी से भूख बढ़ाने वाला हार्मोन 'घ्रेलिन' बढ़ जाता है और पेट भरने का संकेत देने वाला 'लेप्टिन' घट जाता है। जिससे जंक फूड की क्रेविंग बढ़ती है।



## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** आषाढ़, शुक्ल पक्ष पंचमी, शनिवार रात्रि 03:43 तक रहेगी, विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1448, मुस्लिम माह सफर, तारीख 3, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 18 जुलाई।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र सायं 06:00 तक, इसके बाद उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र रहेगा। वरियान योग रात्रि 08:46 तक, इसके बाद परिघ योग रहेगा। बव करण सायं 04:13 तक, इसके बाद बालव करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-सिंह, मंगल-वृष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-सिंह, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** प्रातः 09:00 से 10:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : पूर्व दिशा :** यदि जरूरी हो तो लौंग खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** गुरु अस्त पश्चिम में प्रातः 10:25, स्कंध पंचमी, द्वारकाधीश पाटोत्सव कांकरोली राजस्थान, श्री बल्लभाचार्य बैकुंठवास, हेरा पंचमी उड़ीसा।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 07:29 से 09:10 तक शुभ का, दोपहर 12:33 से 02:14 तक चर का, दोपहर 02:14 से सायं 05:37 तक लाभ और अमृत का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज वरियान योग में खेत अथवा भूमि का दान करना शुभ फलदायी होता है। आज शनिवार को तिल दान करने, गाय को गुड़ खिलाने, हनुमान मंदिर में तिल के तेल का या चमेली के तेल का दीपक जलाने से शनि जनित कष्ट दूर होते हैं।

### आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:37 | पूर्वाफाल्गुनी | 2 | रजत | सिंह | टा |
| 06:12 | पूर्वाफाल्गुनी | 3 | रजत | सिंह | टी |
| 12:05 | पूर्वाफाल्गुनी | 4 | रजत | सिंह | टू |
| 18:00 | उत्तराफाल्गुनी | 1 | रजत | सिंह | टे |
| 23:59 | उत्तराफाल्गुनी | 2 | रजत | कन्या | टो |

## राशिफल: कन्या वाले धार्मिक कार्यों पर करेंगे खर्च, मकर वालों के सरकारी मामले सुलझेंगे

**मेष** – **शुभ अंक 7, शुभ रंग नारंगी :** रचनात्मक लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। दिखावे के चक्कर में कर्ज लेना पड़ सकता है। राजकीय मामले सुलझने से राहत मिलेगी। नौकरी तलाश रहे लोगों को सफलता मिल सकती है।

**वृष** – **शुभ अंक 4, शुभ रंग जामुनी :** समय पर मदद नहीं मिलने से नुकसान संभव है। करीबी लोगों के कारण विवाद हो सकता है। अचानक आए खर्चे परेशान कर सकते हैं। पुराने या उलझे विवाद सुलझने की संभावना बनेगी।

**मिथुन** – **शुभ अंक 9, शुभ रंग भूरा :** जल्दबाजी में बड़ा नुकसान हो सकता है। साझेदारी के काम में बड़ा लाभ मिलेगा। विरोधियों की गतिविधियां परेशान कर सकती हैं। सफलता के लिए योजना बदलनी पड़ सकती है।

**कर्क** – **शुभ अंक 3, शुभ रंग बादामी :** अधूरी योजनाओं को पूरा करने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में संपर्कों का लाभ मिलेगा। व्यर्थ के विवादों से परेशानी बढ़ सकती है। करियर के लिए भटकना पड़ सकता है। धैर्य रखें।

**सिंह** – **शुभ अंक 8, शुभ रंग गुलाबी :** प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बनेगी। मनपसंद काम मिलने से उत्साहित रहेंगे। सफलता के लिए कार्ययोजना में बदलाव करना पड़ेगा। लक्जरी सामानों पर खर्च की योजना बनेगी।

**कन्या** – **शुभ अंक 2, शुभ रंग स्लेटी :** धीमे चल रहे कामों में तेजी आएगी। मतभेद कम होने से कार्यस्थल पर राहत मिलेगी। कड़वी बातों से परिजन नाराज हो सकते हैं। धार्मिक कार्यों पर खर्च की योजना बनेगी। विवेक से काम लें।

**तुला** – **शुभ अंक 7, शुभ रंग नीला :** जोखिम भरे कामों में समय व धन बर्बाद होगा। विरोधियों को हराने के लिए रणनीति जरूरी है। बिजनेस में दूसरों पर भरोसा नुकसान देगा। सामाजिक जीवन में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**वृश्चिक** – **शुभ अंक 1, शुभ रंग आसमानी :** दौड़धूप के बाद भी काम बनना मुश्किल है। उच्च शिक्षा की बाधाएं दूर हो सकती हैं। न चाहते हुए भी समझौता करना पड़ सकता है। लेन-देन के मामले सुलझने के आसार हैं।

**धनु** – **शुभ अंक 6, शुभ रंग हरा :** मनचाही सफलता के लिए प्रयास तेज करने होंगे। दूसरों के मामलों में दखल से बचें, टकराव संभव है। जिद में आकर अपना नुकसान कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मकर** – **शुभ अंक 3, शुभ रंग पीला :** परिचितों के सहयोग से मुश्किलें कम होंगी। युवाओं को नौकरी के लिए भटकना पड़ सकता है। वैवाहिक चर्चाओं में सफल होने के आसार हैं। सरकारी मामले सुलझने की उम्मीद है।

**कुंभ** – **शुभ अंक 5, शुभ रंग लाल :** भाग्योदय के नए अवसर मिलेंगे। जल्दबाजी में गलती हो सकती है। मान-सम्मान बढ़ने के आसार हैं। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। अधिकारी आपके प्रस्ताव की अनदेखी कर सकते हैं।

**मीन** – **शुभ अंक 8, शुभ रंग काला :** नई जिम्मेदारी से काम का बोझ बढ़ेगा। लाभ के लिए कार्ययोजना बदलनी पड़ सकती है। कुछ लोग बिना बात उलझाने की कोशिश करेंगे। यात्रा से अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं।

## मैनेजमेंट फंडा



**एन. रघुरामन**
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# चीजों को फेंकने से पहले खुद से पूछें कि वे क्या कहानी संजोए हैं

जुलाई 1969 में जब इंसान ने पहली बार चांद पर कदम रखा तो पूरी दुनिया ने हैरत के साथ यह पल देखा था। नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन चांद की सतह पर उतरे। लेकिन इतिहास जहां इस मूनवॉक को सेलिब्रेट करता है, वहीं बहुत कम लोग इसके बाद आए जीवन-मरण के एक संकट के बारे में जानते हैं। जब दोनों अंतरिक्ष यात्री लूनर मॉड्यूल में लौटे और कुछ देर सोने की सोच रहे थे तो एल्ड्रिन ने कुछ ऐसा देखा, जिसने दोनों की नींद उड़ा दी। केबिन के फर्श पर एक छोटा-सा काला सर्किट-ब्रेकर स्विच पड़ा था।

दोनों में से किसी को नहीं पता था कि वह किसकी गलती से टूटा। वही छोटा-सा स्विच इंजन को नियंत्रित करता था, जो लूनर मॉड्यूल को चांद से उड़ा सकता था। उसके बिना पृथ्वी पर नहीं लौट सकते थे। इसमें समय गंवाने के बजाय कि गलती किससे हुई, उन्होंने तुरंत ह्यूस्टन स्थित मिशन कंट्रोल को सूचना दी और मदद मांगी। इस बेहद तनाव भरी रात में सोना नामुमकिन था। दोनों लगातार समाधान ढूंढ रहे थे।

अगली सुबह मिशन कंट्रोल ने दो-टूक कह दिया कि वे मदद नहीं कर सकते। तब एल्ड्रिन ने लूनर मॉड्यूल में ऐसी किसी चीज की तलाश शुरू की, जो टूटे सर्किट-ब्रेकर के पीछे लगे पॉइंटर की सही जगह पर लग सके, और इलेक्ट्रिक करंट पास हो सके। चूंकि यह एक इलेक्ट्रिक सर्किट था, इसलिए उन्होंने उंगली या धातु की नोक वाली कोई चीज इस्तेमाल करने की जुर्रत नहीं की। तभी एल्ड्रिन को एक फेल्ट-टिप पेन याद आया, जिसे उन्होंने अपने 'पर्सनल प्रेफरेंस किट' में रखा था। हर अंतरिक्ष यात्री निजी वस्तुओं का यह छोटा-सा कलेक्शन ले जा सकता था। उन्होंने बहुत सावधानी से पेन की प्लास्टिक की नोक को उस सर्किट-ब्रेकर के टूटे स्विच के पीछे पॉइंटर पर दबाया। बाद में अपनी ऑटोबायोग्राफी में एल्ड्रिन ने लिखा, 'मैंने बेहद सावधानी से पेन को इंजन-आर्म सर्किट-ब्रेकर पर दबाया। धीरे-धीरे हाथ का दबाव कम किया और पेन की नोक हटाई। आखिरकार पेन ने काम कर दिया।' सर्किट-ब्रेकर अपनी जगह पर रुक गया था। इंजन चालू हो गया। अपोलो-11 उड़ान भर कर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर ले आया।

मैं आज 1969 की इस घटना को क्यों याद कर रहा हूं? क्योंकि इसी सप्ताह न्यूयॉर्क में उस पेन की नीलामी 8.50 लाख डॉलर यानी 8.18 करोड़ रुपए से अधिक कीमत पर हुई। वह पेन उसकी स्याही के कारण कीमती नहीं था। वह इसलिए अनमोल बन गया क्योंकि एक बेहद महत्वपूर्ण क्षण में उसने वह कर दिखाया, जिसकी उससे उम्मीद नहीं थी।

इस सप्ताह जब मैं अपना पुराना सूटकेस साफ कर रहा था तो मुझे यह कहानी याद आई। फीके पड़ चुके कागजों और भूली-बिसरी चीजों के नीचे दर्जनों साधारण वस्तुएं मिलीं, जिनमें से प्रत्येक की अपनी असाधारण यादें थीं। उनमें से कोई भी नीलामी में बड़ी कीमत नहीं पा सकती, लेकिन हर चीज मुझे किसी व्यक्ति, संघर्ष, सेलिब्रेशन या जीवन के टर्निंग पॉइंट की याद दिला रही थी। मुझे महसूस हुआ कि हर परिवार की अपनी एक 'फेल्ट-टिप पेन' स्टोरी होती है।

वह ग्रैंडफादर की पुरानी छड़ी हो सकती है, जिसकी मदद से उन्होंने गिरती सेहत के बावजूद रोजमर्रा की चहलकदमी जारी रखी। परिवार के पहले इंजीनियर की नोटबुक हो सकती है। सिलाई मशीन हो सकती है, जिसकी सहायता से तीन पीढ़ियां पढ़ पाईं। जंग लगा टूलबॉक्स हो सकता है, जिसने किसी की आजीविका बनाई। या कोई प्रेशर कुकर, जिसने तंगी के वर्षों में परिवार का पेट भरा। इन चीजों की बाजार-कीमत भले ही बहुत कम हो, लेकिन भावनात्मक मूल्य अनमोल होता है। ये दृढ़ता, त्याग, सूझबूझ और उम्मीद की मौन गवाह होती हैं।

हमारे बच्चे शायद हमारे घर, निवेश और ज्वेलरी विरासत में पाएंगे, लेकिन परिवार की पहचान बनाने वाली चीजें अक्सर यही साधारण वस्तुएं होती हैं। इनकी असली कीमत उनकी निर्माण सामग्री से नहीं, बल्कि उन कहानियों से होती है जिन्हें वे सहेजकर रखती हैं। ये साधारण-सी यादगार चीजें भावी पीढ़ियों को याद दिला सकती हैं कि सामान्य टूल्स, असाधारण समझ और हार न मानने के जज्बे से भी बड़ी चुनौतियों पर जीत हासिल की जा सकती है।

**फंडा यह है कि** डी-क्लटरिंग के नाम पर साधारण चीजों को फेंकने से पहले ठहरकर खुद से पूछें कि 'यह चीज कौन-सी कहानी संजोए है?' हो सकता है कि आपके हाथ में कोई ऐसी पारिवारिक धरोहर हो, जिसकी असाधारण कीमत उसका बाजार मूल्य नहीं, बल्कि उससे मिलने वाली प्रेरणा हो।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।


भा.कृ.अनु.प.-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, काछवा रोड, जरीफा फार्म, करनाल-132001 (हरियाणा)

चल-साक्षात्कार (Walk-in-interview)

03 SRF, 01 JRF, 02 Young Professional-II and 01 Young Professional-I के पद अनुबंध के आधार पर इस संस्थान में भरे जाने हैं। इस पद की शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, आयु व अन्य अनुबंध एवं शर्तों संबंधी जानकारी भा.कृ.अ.प. केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल की वेबसाइट www.cssri.res.in पद पर उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने आवेदन सभी मूल दस्तावेजों सहित साक्षात्कार हेतु वेबसाइट पर दी गई दिनांक के अनुसार प्रातः 09:00 बजे पहुँचकर सहायक प्रशासनिक अधिकारी (स्थापना – I अनुभाग), केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल के पास जमा करने होंगे।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी, 0184–2209492


## सैटरडे क्लिक

# 22% ज्यादा बारिश से दूधसागर फिर उफान पर, सामने से गुजरती ट्रेन में बैठे हों तो भीग जाते हैं...




दूधसागर जलप्रपात भारत के सबसे ऊंचे और भव्य झरनों में से एक है। ऑनलाइन बुकिंग कर यहां जाया जा सकता है।



भरत कृष्णमूर्ति, फोटो जर्नलिस्ट

भास्कर न्यूज | पणजी

बीचों के लिए मशहूर गोवा पर मानसून मेहरबान है। दक्षिण गोवा में 22% अधिक बारिश हुई है। इसके चलते गोवा-कर्नाटक सीमा पर भगवान महावीर अभयारण्य स्थित विश्वविख्यात दूधसागर जलप्रपात पूरी रफ्तार से बहने लगा है। इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण झरने का पानी दूध की तरह सफेद दिखता है। इसीलिए इसे दूधसागर जलप्रपात कहते हैं। इन दिनों झरने से गिरती पानी की बूंदें ऐसा नजारा बना रही हैं, मानो बादल नीचे उतर आए हों। तेज बहाव के दौरान पानी की फुहारें इतनी दूर तक पहुंचती हैं कि यहां से गुजरने वाली ट्रेन के यात्री भी भीग जाते हैं।

बारिश में जलप्रवाह कई गुना बढ़ जाता है। सबसे भव्य रूप इसी मौसम में दिखाई देता है। हालांकि सुरक्षा कारणों से आवाजाही सीमित रहती है। जलप्रपात तक 22 किमी के ट्रैक से पहुंचा जा सकता है। 22 अक्टूबर से जीप सेवा शुरू होगी।

## मोबाइल गिरवी रख शराब पी गई पत्नी, पति ने मार डाला

रायगढ़ | छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में झाड़ियों के बीच प्लास्टिक की बोरी से ढके मिले महिला राजकुमारी चौहान के शव के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी मोहब्बत चौहान ने बताया कि पत्नी ने उसका की-पैड मोबाइल किसी के यहां गिरवी रख दिया था और उससे मिले पैसे शराब पीने में खर्च कर दिए। इसी बात पर विवाद हुआ और उसने लकड़ी के चौड़े पट्टे से पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर के कई हिस्सों और बाई कनपटी पर किसी ठोस वस्तु से गंभीर चोट की पुष्टि हुई।

## 9 साल नहीं मिली दुल्हन, अब मैरिज ब्यूरो देगा मुआवजा

कन्नूर | केरल के कन्नूर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक मैरिज ब्यूरो को नौ वर्षों तक ग्राहक को उपयुक्त रिश्ता न दिलाने पर रजिस्ट्रेशन फीस लौटाने और मुआवजा देने का आदेश दिया है। नर्सिंग कॉलेज के एक प्रोफेसर ने 2016 में ब्यूरो में रजिस्ट्रेशन कराया था। उनका आरोप था कि ब्यूरो हर बार अगली बार बेहतर रिश्ता मिलेगा कहकर टालता रहा, लेकिन नौ साल में कोई उपयुक्त प्रस्ताव नहीं दिया। आयोग ने इसे सेवा में कमी माना और ब्यूरो को 3 हजार रुपए रजिस्ट्रेशन फीस लौटाने और 5 हजार मुआवजा देने का आदेश दिया है।

## बिजनेस प्लस

### एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने जयपुर के चैनल पार्टनर को भेंट की टाटा पंच



जयपुर | एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रा. लि. ने अपने राष्ट्रीय ट्रेड लॉयल्टी प्रोग्राम 'एंकर उत्सव 1.0' के तहत जयपुर के अपने चैनल पार्टनर मैसर्स राहुल एंड कंपनी को ग्रैंड प्राइज के रूप में टाटा पंच कार प्रदान की।

देशभर में आयोजित इस ट्रेड स्कीम में 1,600 से अधिक चैनल पार्टनर्स ने विभिन्न आकर्षक पुरस्कार जीते। इनमें जयपुर की मैसर्स राहुल एंड कंपनी ने ग्रैंड प्राइज के रूप में टाटा पंच जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की।

इस अवसर पर श्री असित रॉय, वाइस प्रेसिडेंट - सेल्स, एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्रा. लि. ने कहा, "एंकर उत्सव हमारे व्यापारिक सहयोगियों के विश्वास, सहयोग और उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान करने का माध्यम है। हम मैसर्स राहुल एंड कंपनी को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और देशभर के अपने सभी चैनल पार्टनर्स का निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हैं।"

एंकर कंज्यूमर प्रोडक्ट्स अपने ट्रेड पार्टनर्स के साथ मजबूत और दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर ऐसे प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित करता रहता है।

### नीट यूजी 2026 • एलन दिल्ली का दबदबा

## एलन दिल्ली के क्लासरूम स्टूडेंट पंशुल बंसल एआईआर-2 के साथ दिल्ली-एनसीआर टॉपर



नई दिल्ली | 'नीट यूजी 2026' के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। एलन दिल्ली के दो साल के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट पंशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक-2 (AIR-2) का खिताब अपने नाम किया है। वे दिल्ली-एनसीआर के टॉपर भी बने हैं।

एलन के वाइस प्रेसिडेंट पंकज अग्रवाल ने बताया कि इस साल टॉप-100 में एलन दिल्ली के 4 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने जगह बनाई है। इनमें पंशुल (AIR-2) के अलावा तेजस वरुण रेड्डी (AIR-49), कुशाग्र मित्तल (AIR-65) और आदित्य बनर्जी (AIR-96) शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर पर एलन के छात्रों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। टॉप-10 में एलन के 5 छात्र शामिल हैं, जिनमें क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया (AIR-4), गौरव सिंह (AIR-9) और ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के आर्यन दुबे (AIR-7) प्रमुख हैं।

## पेज एक के शेष

### नीटः सफल होने वाले आधे छात्र...

सामान्य वर्ग के बहुत से छात्र अब ईडब्ल्यूएस में आवेदन कर रहे हैं। इंजीनियरिंग, लॉ और मैनेजमेंट जैसे दूसरे करियर विकल्पों के चलते भी सामान्य वर्ग के आवेदकों की वृद्धि धीमी रही।

**भाषाः अंग्रेजी का दबदबा... हिंदी माध्यम वाले 92% बढ़े; तमिल और बांग्ला का दायरा बढ़ा**

- अंग्रेजी पसंदीदा माध्यम है। 2026 में 18.08 लाख ने अंग्रेजी में परीक्षा दी, जो 2019 से 50% अधिक है। लेकिन, 2025 से 0.76% कम है।
- हिंदी माध्यम वाले 2019 में 1.80 लाख थे। 2026 में 3.45 लाख हो गए। यानी करीब 92% की वृद्धि हुई।
- क्षेत्रीय भाषाओं में सबसे तेज वृद्धि तमिल और बांग्ला में हुई। तमिल माध्यम के परीक्षार्थी 1,017 से 29,845 (2834% वृद्धि) और बांग्ला के 4,750 से 38,577 (712% वृद्धि) हो गए।
- गुजराती और असमिया माध्यम वाले छात्र 2025 के मुकाबले घटे हैं। मराठी और ओडिया में 2019 की तुलना में बड़ी गिरावट है। हालांकि, 2025 की तुलना में मामूली वृद्धि है।

**री नीट में सबसे बड़ी गैरहाजिरीः** री नीट में 2.79 लाख छात्र गैरहाजिर रहे। ये गैर हाजिरी का सबसे बड़ा आंकड़ा है। 3 मई को हुई मूल परीक्षा पेपर लीक के आरोपों के चलते 12 मई को रद्द कर दी थी।

### पीएम-सीएम को हटाने वाले...

अब रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले और चर्चा की जाएगी। बिल में प्रावधान है कि गंभीर आपराधिक मामले में कोई पीएम-सीएम लगातार 30 दिन न्यायिक हिरासत में रहता है और इस्तीफा नहीं देता, तो 31वें दिन उसका पद स्वतः समाप्त हो जाएगा। लेकिन जेपीसी की चाहती है कि ऐसे व्यक्ति को पद से स्थायी रूप से हटाने के बजाय मुकदमे का फैसला आने तक केवल निलंबित किया जाए। यदि वह बरी हो जाए या तय समय तक अभियोजन आगे नहीं बढ़े तो उसे स्वतः पद पर बहाल कर दिया जाए। समिति ने यह भी सुझाया है कि 5 साल या उससे अधिक सजा वाले अपराधों को ही 'गंभीर अपराध' माना जाए और ऐसे मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो। यदि सरकार इन सिफारिशों को स्वीकार करती है तो गृह मंत्रालय संशोधित विधेयक कैबिनेट की मंजूरी के बाद संसद में पेश करेगा। चूंकि इसके लिए संविधान संशोधन होगा, इसलिए दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत जरूरी होगा।

### पूर्वाग्रह हटा कर देखिए...

हम अपनी गलतफहमियों, अज्ञानता, बेवकूफियों को सोशल मीडिया पोस्ट पर ले आए- बिना ये सोचे कि हम जानकारी की कमी के कारण कितने लोगों को दुःख पहुंचा रहे हैं।

पूर्वाग्रह से ग्रस्त एक नाराज समाज ढो रहे हैं हम। जो किताबों में नहीं मिला, उस भारत को इंटरनेट पर या यात्राओं में या बातों में फिर से ढूंढिए। अपने बच्चों का भारत से परिचय कराइए। किसी और राज्य का खाना खाइए, संगीत सुनिए, वहां की फिल्म देखिए, किताब पढ़िए। एक बेहतर इंसान, संवेदनशील इंसान बन जाएंगे आप।

## यूपी के स्कूलों में स्वास्थ्य शिक्षा अनिवार्यः यूनेस्को चेयर व तरंग हेल्थ अलायंस ने की सराहना



भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

यूनेस्को चेयर ऑन ग्लोबल हेल्थ एंड एजुकेशन के भारत प्रतिनिधि और तरंग हेल्थ अलायंस के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राहुल मेहरा ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 'माय हेल्थ वर्ल्ड' और 'ईट राइट इंडिया' जैसी स्वास्थ्य शिक्षा सामग्री शामिल करने के फैसले का स्वागत किया है। इस दूरदर्शी निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताते हुए उन्होंने इसे "स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम" बताया।

डॉ. मेहरा ने कहा कि तरंग अलायंस लंबे समय से स्वास्थ्य शिक्षा को मुख्यधारा के विषयों की तरह अनिवार्य करने की वकालत कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ और जयपुर के स्कूलों में उनके कार्यक्रमों ने बच्चों के स्वास्थ्य और व्यवहार में सकारात्मक सुधार दिखाए हैं।

## ग्रुप-डी कर्मियों को फिर मौकाः पोर्टल 18 से 24 तक खुला रहेगा

चंडीगढ़ | हरियाणा सरकार ने कॉमन कैडर के ग्रुप-डी कर्मचारियों को विभाग एवं पद विकल्प (वन-टाइम ऑप्शन) भरने के लिए एक और अवसर दिया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार ऑनलाइन पोर्टल का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। अब पोर्टल 18 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक खुला रहेगा। यह सुविधा उन कॉमन कैडर ग्रुप-डी कर्मचारियों के लिए है, जिनकी भर्ती विज्ञापन संख्या 04/2018 के तहत हुई थी। सभी सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों व उपायुक्तों को निर्देश हैं कि वे सूचना संबंधित कर्मचारियों तक पहुंचाएं। 25 जून, 1 जुलाई व 7 जुलाई 2026 के पत्रों का हवाला देकर बताया कि पोर्टल के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। अब 18 से 24 जुलाई के बीच वन-टाइम ऑप्शन के माध्यम से कॉमन कैडर के ग्रुप-डी कर्मचारी अपनी सेवा से संबंधित विकल्प ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।


भास्कर CLASSIFIED

एनाउंसमेंट ANNOUNCEMENTS

नाम परिवर्तन

I, Abhinit Kumar S/o Om Prakash Singh R/o Swaroop Nagar, Delhi, changed my name from Abhineet Kumar to Abhinit Kumar.

आवश्यकता APPOINTMENT

अन्य

जिलास्तरीय कंपनी भर्ती पद- फॉरेस्ट गार्ड,क्लर्क, वनपाल, चपरासी, हेतु 10वी+12वी पास लड़के लड़कियां, उम्र (18-42) सैलरी- 26500/-42500/- आवेदन हेतु -मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, व्हाट्सएप/ कॉल 8858998963

प्रॉपर्टी PROPERTY

भास्कर CLASSIFIED
बेचना / लीज़ पर देना है?
जैसे -
ऑफिस
शोरूम
शॉप
आज ही दैनिक भास्कर में दें
प्रॉपर्टी का विज्ञापन
SHOP
COMMERCIAL SPACE
BhaskarAd.com
बनाए क्लासिफाइड एड बुकिंग आसान
9772019222
बुकिंग के लिए स्कैन करें

जमीन

Premium land on highway at Village Lath, near Canal. Excellent commercial potential, water security, and investment value. 9911195348.

ज्योतिष ASTROLOGY

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

ज्योतिष

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी ग्रहकलेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9286387958



MAHAGENCO
Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.

**TENDER NOTICE : CPA – 17 – 2026**

Digitally signed tenders under Two Bid System are invited for the following:

| RFx No: | Description of Tender | Tender Sale Period Up to |
|---|---|---|
| 3000070656 | Procurement of 1400mm and 1000mm width FR grade Nylon Conveyor Belts for Coal Pipe Conveyor System at CHP-II 500MW unit of Khaperkheda TPS. | Up to 12.00 Hrs of 05/08/2026 |

Contact Details: Office of Chief Engineer (CPA), Tel No.: 022 – 6985 3617 / 3618

For further details, please visit website: *https://eprocurement.mahagenco.in/*

Chief Engineer (CPA)



**OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY**

Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain-456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

**Tender Notice**

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| No. | Tender number & date of issue | Name of work | Work duration | Cost of Tender | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/26/117 Date13/07/2026 2026_DTCP_521144_1 | Expression of Interest for Term Loan Facility of Approx. Rs. 645 Crores for Integrated Temple Ecosystem Development Project by Ujjain Development Authority | 180 DAYS | 2000/- | 28/07/2026 |

Note: Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(SHUBHAM SONI)
Executive Engineer, UDA, Ujjain



**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | RC26-46550409 | यूनाइनसुलेटेड कैडमियम कॉपर केटेनरी वायर | 400.00 एम टी | 10.08.2026 |
| 02 | 09272300 | कट ऑफ एंगल कॉक विथ वेंट | 21813 नग | 10.08.2026 |
| 03 | 06265015 | एम.एस. एंगल 200X200X25 एम एम | 200000 कि.ग्रा. | 14.08.2026 |
| 04 | 06265016 | एम.एस. एंगल 130X130X16 एम एम | 100000 कि.ग्रा. | 14.08.2026 |
| 05 | 19260751A | ई-70 विजिलेंस यूनिट फॉर 3-फेज लोकोमोटिव | 08 नग | 17.08.2026 |
| 06 | 02260079 | ब्रुशलेस डी सी रेलवे कैरिज फैन | 6911 नग | 17.08.2026 |
| 07 | 77265080 | कॉम्बिनेशन फिश प्लेट 1 मीटर लोंग | 419 सेट | 21.08.2026 |
| 08 | 02260068 | हरमेटिकल सील्ड कंप्रेसर स्क्रॉल टाइप, 3 | 778 नग | 24.08.2026 |
| 09 | 02262427 | डीजल लोकोमोटिव स्टार्टर लीड एसिड बैटरी | 140 नग | 31.08.2026 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाईट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं.: 28/2026-2027 दिनांक 17.07.2026 — 2473/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रिजल्ट • जियो, ऑयल-टू-केमिकल्स बिजनेस का प्रदर्शन सबसे मजबूत

# रिलायंस की आय 25% बढ़ी, पर मुनाफा 22% घटा... कारण अन्य आय 71% कम

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

मार्केट कैप के लिहाज से देश की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की आय बढ़ने के बावजूद अप्रैल-जून में मुनाफा 22 फीसदी घट गया। बीती तिमाही कंपनी का शुद्ध मुनाफा 20,946 करोड़ रुपए रहा, जबकि एक साल पहले 26,994 करोड़ रुपए था। इससे पहले वाली तिमाही में एक निवेश भुनाने से हुई एकमुश्त कमाई बीती तिमाही में न दोहराना इसकी वजह रही।

बहरहाल जून तिमाही में रिलायंस की आय (ऑपरेशन) 25.4 फीसदी बढ़कर 3.12 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई। लेकिन अन्य आय 70.6 फीसदी घटकर 4,447 करोड़ रुपए रह गई, क्योंकि पिछले साल इसमें लिस्टेड निवेश की बिक्री से मिले 8,924 करोड़ रुपए शामिल थे। बीती तिमाही वित्तीय लागत भी 18.5 फीसदी बढ़कर 8,337 करोड़ रुपए हो गई। इससे टैक्स पूर्व मुनाफा 17.5 फीसदी घट गया। हालांकि कंसॉलिडेटेड एबिटा (सारे खर्च निकालने से पहले) 9.9 फीसदी बढ़कर 51,403 करोड़ रुपए रहा, जो कंपनी के मूल बिजनेस की मजबूती दिखाता है। शुक्रवार को बीएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.48 फीसदी चढ़कर 1,329 रुपए पर बंद हुआ।

**रिलायंसः अप्रैल-जून तिमाही का रिजल्ट (कंसॉलिडेटेड) एक नजर में**

| मापदंड | Q1 FY27 | Q1 FY26 | अंतर |
|---|---|---|---|
| ऑपरेटिंग रेवेन्यू | 3,11,850 | 2,48,660 | 25.4% |
| टैक्स पूर्व लाभ | 30,630 | 37,146 | 17.5% |
| ऑपरेटिंग मार्जिन | 9.5% | 10.6% | 1.1pp |
| टैक्स बाद लाभ/घाटा | 20,946 | 26,994 | 22.4 |

(आंकड़े करोड़ रुपए में, pp = पर्सेंटेज पॉइंट) स्रोत: कंपनी फाइलिंग

**3.12** लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची तिमाही कमाई

**17.51** लाख करोड़ रिलायंस का मार्केट कैप 30 जून, 2026 तक की स्थिति के मुताबिक है। देश की सबसे मूल्यवान कंपनी।

### भास्कर नॉलेज • अप्रैल-जून तिमाही में आय बढ़ी इसके बावजूद रिलायंस का मुनाफा क्यों घटा?

मुनाफे में गिरावट की मुख्य वजह ऑपरेशनल कमजोरी नहीं, बल्कि पिछले साल का 'बेस इफेक्ट' है। साल भर पहले की जून तिमाही में कंपनी को एशियन पेंट्स में हिस्सेदारी की बिक्री से ₹8,924 करोड़ की एकमुश्त कमाई हुई थी, जो इस बार नहीं दोहराई गई। इसी वजह से अन्य आय 70.6% घट गई। साथ ही फाइनेंस कॉस्ट और डेप्रिसिएशन खर्च में भी बढ़ोतरी हुई। इसने टैक्स-पूर्व मुनाफे पर दबाव डाला, जबकि असल कारोबार (एबिटा) में सालाना आधार पर करीब 10% बढ़ोतरी हुई।

### कौन सा बिजनेस मुनाफे में, कौन सा दबाव में है?

रिलायंस के 4 प्रमुख बिजनेस में से डिजिटल सर्विसेज (जियो) और ऑयल-टू-केमिकल्स (ओ2सी), दोनों ने मजबूत प्रदर्शन किया। जियो ने ₹21,255 करोड़ का एबिटा दिया, जो पूरे ग्रुप में सबसे बड़ा योगदान है। सालाना आधार पर यह 16.1% बढ़ा। ओ2सी बिजनेस से आय 30.4% और एबिटा 17.2% बढ़ा।

**रिटेल बिजनेस की बिक्री तो बढ़ी, पर मुनाफा घटा**

| बिजनेस | आय | एबिटा |
|---|---|---|
| ओ2सी | 30.4% | 17.2% |
| डिजिटल | 11.8% | 16.1% |
| रिटेल | 7.4% | 1.1% |
| ऑयल-गैस | 3.2% | स्थिर |

स्रोत: कंपनी फाइलिंग

### प्रमोटर ने कंपनी में शेयर होल्डिंग बढ़ाई, 50.5%

अप्रैल-जून तिमाही के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमोटर ग्रुप (जैसे मुकेश अंबानी और उनका परिवार) ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। ताजा शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, प्रमोटर होल्डिंग अब 0.48 फीसदी बढ़कर 50.48% हो गई है। नतीजों के ऐलान से पहले ही यह खबर आने के बाद शेयर में तेजी देखी गई।

### जियो का आईपीओ ग्रुप के लिए माइलस्टोन होगा

'न्यू एनर्जी प्रोजेक्ट्स' के चरणबद्ध कमीशनिंग और जियो प्लेटफॉर्म्स के आगामी आईपीओ से कंपनी अगले चरण की ग्रोथ देखेगी। जियो का आईपीओ महत्वपूर्ण माइलस्टोन होगा। यह निवेशकों को भारत की डिजिटल ग्रोथ स्टोरी में हिस्सा लेने का मौका देगा।



– मुकेश डी. अंबानी, चेयरमैन, रिलायंस इंडस्ट्रीज

दिक्कत • मेमोरी चिप के दाम 4 गुना, स्मार्टफोन 15% महंगे, अप्रैल-जून में बिक्री 10% कम

# देश में चाइनीज स्मार्टफोन की बाजार हिस्सेदारी 6 साल में सबसे कम, ₹15,000 से सस्ते फोन की बिक्री 45% घटी

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश के स्मार्टफोन बाजार में अप्रैल-जून तिमाही में एक खास ट्रेंड देखा गया। चाइनीज ब्रांड्स की बाजार हिस्सेदारी घटकर छह साल के निचले स्तर (18% तक) पर आ गई। दूसरी तरफ सैमसंग, नथिंग और गूगल पिक्सल जैसी कंपनियों ने बिक्री में तेज ग्रोथ दिखाई।



रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के मुताबिक, जून तिमाही के दौरान स्मार्टफोन की कुल बिक्री सालाना आधार पर 10% घटी, जो बीते छह साल में जून-तिमाही की सबसे तेज गिरावट है। सबसे ज्यादा असर ₹15,000 से सस्ते फोन पड़ा, जिनकी बिक्री 45% घट गई। गिरावट की बड़ी वजह मेमोरी चिप (डेटा स्टोर करने वाला पुर्जा) की कीमतों में उछाल रही, जिसके चलते ज्यादातर कंपनियों ने फोन के दाम करीब 15% तक बढ़ा दिए।

### ट्रेंड • देश के टॉप-5 ब्रांड्स में सिर्फ सैमसंग की बिक्री 2% बढ़ी, नए ब्रांड नथिंग की 105%, गूगल पिक्सल की 68%

ओपो, वीवो, शाओमी, रियलमी, वनप्लस, आईक्यू और पोको जैसे चाइनीज ब्रांड्स का बड़ा कारोबार सस्ते फोन पर टिका है। यही वजह रही कि दाम बढ़ने से इनकी बाजार हिस्सेदारी 2020 के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गई। बिक्री के लिहाज से टॉप-5 ब्रांड्स में सैमसंग इकलौती कंपनी रही, जिसकी बिक्री 2 फीसदी बढ़ी। गैलेक्सी ए और एस सीरीज की मजबूत मांग देखी गई। नथिंग सबसे तेज बढ़ने वाला ब्रांड रहा। इसकी बिक्री में 105 फीसदी उछाल आया। प्रीमियम सेगमेंट में गूगल पिक्सल ने आक्रामक मार्केटिंग और स्थिर कीमतों के दम पर 68 फीसदी ग्रोथ दिखाई।

### आउटलुक • पूरे साल में 13% घट सकती है बिक्री

सितंबर, 2025 से अब तक स्मार्टफोन में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप की कीमतें करीब 4 गुना बढ़ चुकी हैं। इसी वजह से अप्रैल-जून में स्मार्टफोन के औसत दाम करीब 15% बढ़ गए। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि आगामी महीनों में इनके दाम 5 गुना तक बढ़ जाएंगे। इसे देखते हुए काउंटरपॉइंट का अंदाजा है कि इस साल स्मार्टफोन की कुल बिक्री 13% घट सकती है।

## सात विदेशी कंपनियां भारत में लगाएंगी ₹9 लाख करोड़

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

दुनिया के बड़े बिजनेस लीडर्स भारत को तरक्की का नया जरिया मान रहे हैं। इसी भरोसे के कारण सात विदेशी कंपनियां भारत में ₹9.2 लाख करोड़ निवेश करने जा रही हैं। गूगल भारत में एआई इन्फ्रा पर ₹1.44 लाख करोड़ लगाएगी। अमेजन 2030 तक निवेश बढ़ाकर ₹4.62 लाख करोड़ करेगी। ऑस्ट्रेलिया की एयरट्रंक 2030 तक 5 गीगावाट डेटा सेंटर क्षमता के लिए ₹2.89 लाख करोड़ निवेश करेगी। सेंट-गोबेन पांच साल में ₹11 हजार करोड़ और एबीबी औद्योगिक विकास के लिए ₹722 करोड़ लगाएगी। कनाडा पेंशन बोर्ड कंट्रोलस डेटासेंटर्स के साथ ₹7,000 करोड़ निवेश करेगा। उद्योग संगठन एसोचैम के अनुसार भारत-ब्रिटेन समझौते से 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना होकर ₹11.55 लाख करोड़ हो जाएगा। दूसरी तरफ, रिजर्व बैंक ने वास्तविक जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.9% से घटाकर 6.6% कर दिया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा के मुताबिक महंगी ऊर्जा से आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होंगी।

एनवीडिया के शेयर 3.5% गिरे और...

## एपल फिर बन गई दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी

एजेंसी | न्यूयॉर्क

एपल इंक एनवीडिया को पछाड़कर फिर दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। एनवीडिया के शेयर 3.5% गिरने से एपल शीर्ष पर पहुंची। एपल की मार्केट वैल्यू जहां 4.88 लाख करोड़ डॉलर (₹470 लाख करोड़) हो गई। वहीं एनवीडिया की वैल्यू घटकर 4.86 लाख करोड़ डॉलर (₹468 लाख करोड़) रह गई। ट्रेडिंग दौरान एनवीडिया के शेयर 4.5% गिरकर 198.09 डॉलर के स्तर तक छुआ। निवेशक अब एपल के इकोसिस्टम और हार्डवेयर से एआई की टिकाऊ कमाई पर भरोसा जता रहे हैं। एचएसबीसी ने एपल को 'बाय' रेटिंग दी है। जून से अब तक कंपनी का शेयर 20% से ज्यादा चढ़ा है। एपल सितंबर में पहला फोल्डेबल आईफोन लॉन्च करेगी। कंपनी स्प्लायर्स को 1 करोड़ फोन बनाने को कहा है, जबकि पहले अनुमान 70-80 लाख था। सितंबर में टिम कुक की जगह जॉन टर्नस नए सीईओ बनेंगे।

**शेयर बाजार में नई रैली**

नजर रखें • आगे बैंकों की कमाई तय करेगी बाजार की चाल

# नतीजों से बाजार में जोश, सेंसेक्स 964 अंक उछला

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी लौटी। सेंसेक्स 964 अंक उछलकर 78,151 पर और निफ्टी 261 अंक चढ़कर 24,334 पर बंद हुआ। आईटी-बैंकिंग शेयरों के साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 4% तक उछाल ने तेजी को सपोर्ट किया। अप्रैल-जून तिमाही के लिए अब आए कंपनियों के उम्मीद से बेहतर नतीजे इसकी वजह रहे।

9 जुलाई से शुरू कॉरपोरेट रिजल्ट्स के सीजन में अब तक निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.75% और प्राइवेट बैंक इंडेक्स 2.12% चढ़ चुके हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के नतीजे आने से पहले हुई खरीदारी ने बाजार को सहारा दिया। हालांकि मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स कमजोर रहे।



बाजार विश्लेषकों का कहना है कि अगले हफ्ते एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के नतीजे बाजार की दिशा तय करेंगे। इस बीच ईरान और इसके आसपास के देशों में तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का जोखिम बना रहेगा।

**तेजी क्यों... कंपनियों के बेहतर नतीजों से उत्साह, रिलायंस ने भी बढ़ाई उम्मीद**

तेजी की अगुआई आईटी, प्राइवेट बैंकों के शेयरों ने की। टीसीएस, टेक महिंद्रा जैसी आईटी कंपनियों के उम्मीद से बेहतर नतीजों से उत्साह बढ़ा। कोटक महिंद्रा जैसे बड़े प्राइवेट बैंकों के शेयर 3.4% तक चढ़े। इनके नतीजे कुछ ही दिनों में आने हैं। रिलायंस के शेयर में भी 2.6% तेजी रही।

**सेंसेक्स के टॉप गेनर**

| शेयर | उछाल |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 3.9% |
| कोटक महिंद्रा बैंक | 3.4% |
| टीसीएस | 3.0% |
| रिलायंस इंडस्ट्रीज | 2.6% |
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 2.2% |

**सेंसेक्स के टॉप लूजर**

| शेयर | गिरावट |
|---|---|
| सन फार्मा | 1.0% |
| ट्रेंट | 0.7% |
| भारती एयरटेल | 0.6% |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 0.5% |
| इंडिगो | 0.4% |

**58% शेयरों में गिरावट**

| | |
|---|---|
| कुल ट्रेडिंग | 4,412 |
| तेजी | 1,635 |
| गिरावट | 2,588 |
| स्थिर | 189 |

आगे क्या...मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के सिद्धार्थ खेमका के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के मजबूत नतीजों के दम पर अगले हफ्ते बाजार में तेजी बने रह सकती है। आगे बैंकों के नतीजों और मैनेजमेंट की कमेंट्री पर निवेशकों की नजर रहेगी।

**रियल्टी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज के शेयरों का रुझान मजबूत**

**बढ़त वाले सेक्टर:** रियल्टी (+1.38%), ऑटो (+1.24%), फाइनेंशियल सर्विसेज (+1.14%), ऑयल एंड गैस (+0.99%) और एफएमसीजी (+0.70%) सेक्टरों के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त रही।

**गिरावट वाले सेक्टर:** फार्मा और हेल्थकेयर सेक्टरों के शेयर बिकवाली के दबाव में रहे। इसके चलते निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.4% और निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स 1.28% टूट गए। मेटल इंडेक्स में भी 0.47% गिरावट देखी गई।

**उम्मीद:** रिजर्व बैंक की विदेशी करेंसी में डिपॉजिट स्कीम 'एफसीएनआर (बी)' से आने वाला संभावित विदेशी निवेश आगे रुपए और बैंकिंग सेक्टर के लिए सहारा बन सकता है। इस उम्मीद में बैंकिंग शेयर चढ़े।

**बिजनेस ब्रीफ**

### म्यूचुअल फंडः नॉमिनी के लिए क्लेम अब आसान

**मुंबई** | म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री के संगठन एम्फी ने मृत निवेशक के यूनिट्स/प्रोसीड्स क्लेम करने की प्रक्रिया और सरल बना दिया है। अब एड्रेस मिसमैच होने पर लेटेस्ट डॉक्यूमेंट्स के आधार पर एसेट मैनेजमेंट कंपनियां (एएमसी) फैसला कर सकेंगी। नाम और सिग्नेचर मिसमैच के लिए सेबी का फ्रेमवर्क का अपनाया जाएगा। ये बदलाव फौरन लागू हो गए हैं।

### एंड्रॉयड में नए एआई फीचर्स देंगे स्मार्ट अनुभव

**न्यूयॉर्क** | गूगल अपने एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म में नए एआई फीचर्स ला रही है। ये अपडेट्स यूजर्स को ज्यादा स्मार्ट और पर्सनल अनुभव देंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एआई टूल्स फोन के रोजमर्रा के काम आसान बनाएंगे। गूगल का फोकस यूजर प्राइवेसी और बेहतर परफॉर्मेंस पर है। यह कदम एपल और अन्य प्रतिद्वंद्वियों के साथ एआई की रेस में आगे रहने के लिए उठाया गया है।

### 'सीईओ इम्पर्सनेशन फ्रॉड' को लेकर चेतावनी जारी

**मुंबई** | सेबी ने कंपनियों को 'सीईओ इम्पर्सनेशन स्कैम' से सावधान रहने की चेतावनी दी है। जालसाज सीईओ बनकर निवेशकों या कर्मचारियों से पैसे मांग रहे हैं। समाधान के लिए नियामक ने कंपनियों को मजबूत वेरिफिकेशन प्रक्रिया अपनाने और कर्मचारियों को जागरूक करने की सलाह दी है। हाल के मामलों में ऐसे फ्रॉड बढ़े हैं। सेबी का मानना है कि सतर्कता से ऐसे घोटाले रोके जा सकते हैं।

### ब्रिटिश एयरवेज भारत में टैक्स राहत नहीं पा सकती

**नई दिल्ली** | इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने ब्रिटिश एयरवेज के पक्ष में फैसला नहीं दिया। कोर्ट ने कहा कि कंपनी भारत में ग्राउंड हैंडलिंग इनकम पर टैक्स ट्रीटी (समझौता) राहत का दावा नहीं कर सकती। यह फैसला विदेशी एयरलाइंस के भारत में टैक्स देनदारियां स्पष्ट करता है। इस फैसले से भारत में विदेशी कंपनियों की टैक्स प्लानिंग प्रभावित हो सकती है।

### एसपी ग्रुप 21,500 करोड़ की पूंजी जुटाने में सफल

**मुंबई** | सापूरजी पालोनजी (एसपी) ग्रुप ₹21,500 करोड़ का फंड (बॉन्ड्स) जुटाने में सफल रहा है। यह लंबे समय से लंबित था। कंपनी अब अपने वित्तीय बोझ को कम करने और ऑपरेशंस मजबूत करने में सक्षम होगी। यह रकम मौजूदा कर्ज को मैनेज करने और नए प्रोजेक्ट्स के लिए इस्तेमाल की जाएगी। बाजार विशेषज्ञों ने इसे ग्रुप के लिए सकारात्मक कदम बताया है।

ब्रेन ड्रेन • ज्यादा सैलरी, एडवांस्ड AI प्रोजेक्ट के चलते देश छोड़ रहे टैलेंट

# देश के टॉप एआई प्रोफेशनल अमेरिका जा रहे, वहीं स्टार्टअप भी शुरू कर रहे

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश का बेहतरीन एआई टैलेंट देश में काम करने के बजाय अमेरिका जाना पसंद कर रहा है। जो जा चुके, उनकी घर वापसी भी कम हो गई है। फोर्ब्स इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका में ज्यादा सैलरी और एडवांस्ड एआई प्रोजेक्ट्स पर काम करने के बड़े मौके युवा प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहे हैं। सिलिकॉन वैली की बैठकों में भारतीय रिसर्चर साफ कह रहे हैं कि उनके पास भारत लौटने की कोई ठोस वजह नहीं है। इसका असर ये हुआ कि कई भारतीय फाउंडर्स अपने नए एआई स्टार्टअप भारत के बजाय अमेरिका में ही शुरू कर रहे हैं। नतीजतन भारत एआई की वैश्विक रेस में लगातार पिछड़ता नजर आ रहा है। कुछ विशेषज्ञ भारत को एंटरप्राइज एआई टैलेंट का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा केंद्र जरूर मानते हैं, लेकिन इसके बावजूद टॉप टैलेंट का बाहर जाना लगातार जारी है।



### हायरिंग • एआई जॉब 16% बढ़े, पर कुल भर्ती 3% घटी

भारतीय आईटी कंपनियां लंबे समय बाद भर्ती बढ़ा रही हैं। दिक्कत यह है कि ज्यादातर नई भर्ती एआई एक्सपर्ट्स के लिए है। नौकरी जॉबस्पीक की जून, 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक एआई जॉब्स 16 फीसदी बढ़े हैं, जबकि कुल भर्ती 3 फीसदी घटी है। कंपनियां चुनिंदा भर्ती और कर्मचारियों की रीस्किलिंग पर जोर दे रही हैं।

### शॉर्टेज • 2027 तक 6 लाख एआई पेशेवरों की किल्लत

नैसकॉम के मुताबिक 2027 तक भारत में 6 लाख से ज्यादा एआई प्रोफेशनल्स की कमी हो सकती है। शुरुआती करियर वाले 90% से ज्यादा टेक प्रोफेशनल्स एआई टूल्स का इस्तेमाल तो करते हैं, लेकिन इनमें से केवल 23% में ही स्वतंत्र रूप से एआई सिस्टम बनाने और उसे लागू करने की तकनीकी गहराई है। फाइंडेबिलिटी साइंसेज के सीईओ आनंद माहुरकर के अनुसार ग्रेजुएट्स को मशीन लर्निंग या पायथन कोडिंग तो आती है, लेकिन व्यावहारिक अनुभव नहीं होता। किताबी ज्ञान और कंपनियों के वास्तविक काम के बीच बड़ा अंतर होता है।

डॉलर के मुकाबले 96.30 पर आया

## क्रूड 13% महंगा, रुपए में 9 हफ्तों की बड़ी गिरावट

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

कच्चे तेल यानी क्रूड की कीमत में 13% उछाल से रुपया डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को 9 हफ्तों की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। एक अमेरिकी डॉलर की कीमत ₹96.30 हो गई। इस हफ्ते रुपया 90 पैसे कमजोर हुआ। 10 जुलाई को एक डॉलर की कीमत ₹95.38 थी। अमेरिका-ईरान जंग से होर्मुज जलमार्ग में पेट्रोलियम की सप्लाई बाधित होने से यह गिरावट आई। अमेरिका की छह रातों की बमबारी के बाद ईरान ने सीरिया सहित कई अमेरिकी ठिकानों पर हमले किए। इससे ब्रेंट क्रूड का दाम 2% बढ़कर 85.7 डॉलर प्रति बैरल पर हो गया। आरबीआई की तरफ से सरकारी बैंकों की डॉलर बिक्री ने रुपए की चार दिनों की गिरावट थामी। आयातकों की भारी मांग के बीच निर्यातकों ने कदम पीछे खींचे। आयातक हर गिरावट पर डॉलर खरीद रहे हैं। वैश्विक स्तर पर चिप कंपनियों में भारी बिकवाली से विदेशी बाजार टूटे।

नई सुपरकार • फेरारी ने भारत में उतारी 'अमल्फी स्पाइडर', 

## खुली छत वाली इस सुपरकार की कीमत ₹4.60 करोड़





**320 किमी तक की रफ्तार**

**इंजनः** दमदार वी8 टर्बो 640 हॉर्सपावर की बेजोड़ ताकत।

**रफ्तारः** 3.3 सेकंड में 100 किमी। टॉप स्पीडः 320 किमी।

**खास रोसो ट्रामोंटो रंगः** सूर्यास्त जैसा लाल रंग देगा सबसे अलग लुक।

**फोल्डिंग रूफः** 60 किमी की रफ्तार पर 13.5 सेकंड में खुलेगी छत।

**फोल्डिंग रूफः** केबिन रहेगा साउंड प्रूफ।

**मुंबई** | मशहूर सुपरकार कंपनी फेरारी ने भारतीय बाजार में अपनी नई कन्वर्टिबल कार 'अमल्फी स्पाइडर' शुक्रवार को लॉन्च कर दी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 4.60 करोड़ रुपए है। यह फेरारी की 'अमल्फी' कूपे का ही कन्वर्टिबल यानी खुली छत वाला वर्जन है। कूपे मॉडल की तुलना में इसकी कीमत करीब 52 लाख रुपए अधिक है। कंपनी ने मार्च 2026 में इस कार का ग्लोबल डेब्यू किया था। चार महीने बाद अब भारतीय बाजार में उतारा गया है।

प्रतिस्पर्धा आयोग ने कंपनियों के खिलाफ शिकायतें खारिज कीं

# 4,500 कंपनियों को कानूनी राहत

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने रिलायंस जियो समेत 4,500 से अधिक कंपनियों को बड़ी राहत दी है। आयोग ने इनके खिलाफ प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार की शिकायतें खारिज कर दीं। सीसीआई ने अपने आदेश में ज्यादातर आरोपों को सामान्य और काल्पनिक बताया। शिकायतकर्ता ने टेलीकॉम, लॉजिस्टिक्स, सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम), एनर्जी, एफएमसीजी और हेल्थकेयर क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा कानून की धारा 3 और 4 के उल्लंघन का आरोप लगाया था। ये धाराएं प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौते और बाजार में मजबूत स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ी हैं। शिकायत में महानिदेशक से मामले की विस्तृत जांच कराने की भी मांग की गई थी। हालांकि, सीसीआई ने पाया कि मिलीभगत साबित करने के लिए माल ढुलाई का कोई इनवॉइस या अन्य दस्तावेजी सबूत पेश नहीं किया गया। टेलीकॉम सेक्टर पर आयोग ने कहा कि बाजार में टैरिफ प्लान या रिचार्ज की कीमतों में महज समानता होना किसी गुप्त समझौते का संकेत नहीं है। जीईएम खरीद मामले में भी बोली में हेरफेर का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला। बुनियादी तथ्यों और साक्ष्यों के अभाव में सीसीआई ने मामला बंद कर दिया।

**बिजनेस एंकर**

साइबर ठगी का नया तरीका, कबाड़ से शुरू हो रहा फर्जी कैशबैक, रिवॉर्ड का खेल

# एक स्टीकर, कई राज... कूड़े में फेंके गए पार्सल बॉक्स के लेबल से ठग चुरा रहे पहचान, पता, शॉपिंग डिटेल, फिर बना रहे शिकार

भास्कर न्यूज | मुंबई

आपने जो पार्सल अभी-अभी खोला उसका डिब्बा कूड़े में फेंक दिया। लेकिन क्या पता वो डिब्बा आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता बन जाए। यह अजीब जरूर है, लेकिन साइबर एक्सपर्ट्स की मानें तो अमेजन और फ्लिपकार्ट के पार्सल पर चिपका वो छोटी-सा स्टीकर, जिसे हम कभी गौर से देखते भी नहीं, जालसाजों के लिए सोने की खान बन गया है।

जरा सोचिए, हर बार जब आप ऑनलाइन ऑर्डर करते हैं, डिलीवरी बॉक्स पर लगी चिट्ठी में क्या-क्या छपा होता है। इसमें आपका नाम, फोन नंबर, पूरा पता, ईमेल आईडी, और कई बार तो यह भी होता है कि आपने क्या खरीदा। पैकेट खुलते ही यह जानकारी बेकार लगती है, इसलिए लोग बिना सोचे-समझे बॉक्स को कूड़ेदान में डाल देते हैं। यहीं से शुरू होती है असली कहानी।

ठग कूड़े के ढेर या कबाड़ी के पास से पार्सल डिब्बे उठाते हैं और उन पर छपी जानकारियां नोट कर लेते हैं। इसके बाद वे खुद को अमेजन, फ्लिपकार्ट या किसी डिलीवरी कंपनी का प्रतिनिधि बताकर फोन करते हैं। चूंकि उनके पास आपका नाम, पता और हाल में की गई खरीदारी की जानकारी होती है, लिहाजा बातचीत सही लगती है और भरोसा बनते देर नहीं लगती। इसके बाद कैशबैक, लॉयल्टी रिवॉर्ड या अगली खरीदारी पर छूट का लालच देकर एक फीडबैक सर्वे भरने को कहा जाता है। एसएमएस, वाट्सएप या ई-मेल पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करते ही खेल शुरू हो जाता है। यह लिंक किसी फर्जी वेबसाइट पर ले जाता है, जहां बैंक डिटेल्स, कार्ड नंबर या ओटीपी मांगा जाता है। कई बार तो फोन में एक ऐसा मैलिशियस सॉफ्टवेयर इंस्टॉल हो जाता है, जो पासवर्ड और बैंकिंग डिटेल्स चुराकर सीधे अकाउंट से पैसे उड़ा ले जाता है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा फ्रॉड शुरू होता है एक ऐसी जगह से, जिसे हम कचरा समझकर भूल जाते हैं। लेकिन ऑनलाइन शॉपिंग जितनी बढ़ रही है, ठगों के तरीके भी उतने ही नए और शातिर होते जा रहे हैं। लेकिन एक छोटी-सी आदत- डिब्बा फेंकने से पहले लेबल मिटाना आपको इस नए तरह के फ्रॉड का अगला शिकार बनने से बचा सकती है।

**...तो ऐसी धोखाधड़ी से बचाव का तरीका क्या है?**

जवाब उतना ही आसान है, जितनी यह समस्या मुश्किल लगती है। बॉक्स फेंकने से पहले शिपिंग लेबल फाड़ें, काटें या खुरच दें, ताकि उस पर लिखी जानकारी कोई पढ़ न सके। आइडेंटिटी प्रोटेक्शन रोलर स्टैंप से भी संवेदनशील जानकारी छिपाई जा सकती है। साथ ही, अगर कोई कॉल पर खुद को ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी का प्रतिनिधि बताकर एप इंस्टॉल करने, अनजान लिंक पर क्लिक करने या ओटीपी-बैंक डिटेल्स शेयर करने के लिए कहे, तो सतर्क हो जाएं। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां अमूमन ऐसी मांग नहीं करतीं। किसी भी ऑफर या कैशबैक मैसेज की सच्चाई जानने के लिए कंपनी की ऑफिशियल एप पर जांच करें।

निजीकरण के विरोध में भूख हड़ताल का ऐलान

## विनिवेश से IDBI विदेशी कंट्रोल वाला पहला सरकारी बैंक बनेगा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

आईडीबीआई बैंक के निजीकरण के विरोध में 'यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एंप्लाईज' ने 27 जुलाई को देशव्यापी भूख हड़ताल का ऐलान किया है। सरकार अगस्त के अंत तक बैंक के रणनीतिक विनिवेश की प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी में है।

फोरम का कहना है कि 6 साल में बैंक लगातार मुनाफे में है। ऐसे में निजीकरण का फैसला कर्मचारियों की नौकरी और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा को खतरे में डाल सकता है। अगर प्रस्तावित रणनीतिक बिक्री पूरी होती है, तो आईडीबीआई बैंक विदेशी स्वामित्व में जाने वाला पहला सरकारी बैंक बन जाएगा। फोरम ने सभी राजनीतिक दलों, सांसदों और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों से हस्तक्षेप की अपील की है।

**2,193 ब्रांच, 3.5 लाख करोड़ डिपॉजिट, 2 करोड़ ग्राहक**

आईडीबीआई बैंक 2,193 ब्रांच के जरिए दो करोड़ से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं देता है। कुल जमा राशि ₹3.47 लाख करोड़ है। इसमें ₹1.55 लाख करोड़ कम लागत वाली जमा शामिल है। बैंक के पास 21 से अधिक प्रमुख स्थानों पर ₹30,000 करोड़ से ज्यादा मूल्य की रियल एस्टेट संपत्ति है।



**भास्कर एनालिसिस** कल फुटबॉल वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला, 60 साल बाद आमने-सामने होंगे अर्जेंटीना-स्पेन

# मैदान पर पहली बार भिड़ेंगे मेसी और यमाल

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

फुटबॉल के सबसे बड़े महाकुंभ का अंतिम और सबसे रोमांचक मुकाबला रविवार, 19 जुलाई को न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेला जाएगा। वर्ल्ड कप फाइनल में दुनिया की नंबर एक टीम और डिफेंडिंग चैम्पियन अर्जेंटीना का सामना नंबर दो रैंकिंग वाली स्पेन से होगा। यह मुकाबला सिर्फ दो महाद्वीपों (यूरोप और दक्षिण अमेरिका) की भिड़ंत नहीं है, बल्कि दो पीढ़ियों का भी आमना-सामना है। 39 साल के दिग्गज लियोनेल मेसी अपने करियर के आखिरी सबसे बड़े मंच पर होंगे, जबकि उनके सामने स्पेन के 19 वर्षीय चमत्कारिक खिलाड़ी लामिने यमाल होंगे, जिन्हें बार्सिलोना में मेसी का असली उत्तराधिकारी माना जा रहा है। दोनों पहली बार किसी मैच में आमने-सामने होंगे।

वहीं, स्पेन और अर्जेंटीना की फुटबॉल टीमों के बीच बहुत ज्यादा मुकाबले नहीं हुए हैं। अब तक स्पेन और अर्जेंटीना 14 बार आमने-सामने आए हैं और रिकॉर्ड बिल्कुल बराबरी का है। दोनों ने 6-6 मैच जीते हैं और 2 मैच ड्रॉ रहे हैं। वर्ल्ड कप के इतिहास में दोनों टीमों की भिड़ंत केवल एक बार हुई है। 1966 के वर्ल्ड कप में इंग्लैंड में खेले गए ग्रुप स्टेज मैच में अर्जेंटीना ने स्पेन को 2-1 से हराया था। वहीं, अपने दो दशक लंबे करियर में मेसी ने स्पेन के खिलाफ केवल तीन मैच खेले हैं। आखिरी बार दोनों का सामना 2018 वर्ल्ड कप से पहले एक फ्रेंडली मैच में हुआ था, जिसमें मेसी नहीं खेले थे और स्पेन ने अर्जेंटीना को 6-1 से करारी शिकस्त दी थी।

इस फाइनल में खेलने वाली दोनों टीमों के 52 में से 24 खिलाड़ी (स्पेन के 18 और अर्जेंटीना के 6) स्पेनिश लीग ''ला लीगा'' में खेलते हैं, इसलिए दोनों खेमे एक-दूसरे की कमजोरियों और ताकतों से भली-भांति परिचित हैं। आइए इस खिताबी मुकाबले के हर उस पहलू और आंकड़े को समझते हैं, जो इस मैच की दिशा तय करेंगे।

## वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाली टीमों में स्पेन से बेहतर डिफेंस किसी का नहीं रहा

स्पेन ने पहले मैच में केप वर्डे के खिलाफ 0-0 ड्रॉ के बाद सऊदी अरब को 4-0, उरुग्वे को 1-0, ऑस्ट्रिया को 3-0, पुर्तगाल को 1-0, बेल्जियम को 2-1 और सेमीफाइनल में फ्रांस को 2-0 से हराया। स्पेनिश टीम इस वर्ल्ड कप की सबसे बेहतरीन डिफेंसिव टीम साबित हुई है, जिसने 7 मैचों में सिर्फ 1 गोल खाया है। स्पेन के खिलाफ प्रति मैच 'एक्सपेक्टेड गोल्स' (xG) सिर्फ 0.3 रहा है, जो वर्ल्ड कप इतिहास में किसी भी फाइनलिस्ट का सबसे कम है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में विपक्षी टीमों को सिर्फ 10 शॉट ऑन टारगेट लेने दिए हैं। वहीं, बैलेन डी ओर खिताब के विजेता मिडफील्डर रोड्री ने हर मैच में दबाव के बावजूद 47 सफल पास किए हैं और फाइनल थर्ड (मैदान के आक्रामक हिस्से) में औसतन 2 टैकल जीतकर स्पेन के दबदबे को टूर्नामेंट में बनाए रखा है।




*अगर मेसी रविवार को शुरुआती एकादश में शामिल होते हैं तो वह 39 साल 25 दिन की उम्र में वर्ल्ड कप फाइनल खेलने वाले सबसे उम्रदराज आउटफील्ड खिलाड़ी बन जाएंगे। वहीं, 19 साल 6 दिन की उम्र में यमाल फाइनल खेलने वाले तीसरे सबसे युवा बनेंगे।*

### अर्जेंटीना का सफर

### लेट गोल थ्रिलर खेल रही टीम, 19 में से 12 गोल 75वें मिनट के बाद आए

अर्जेंटीना का फाइनल तक का सफर किसी थ्रिलर फिल्म जैसा रहा है। ग्रुप स्टेज में अल्जीरिया को 3-0 से हराने के बाद नॉकआउट में टीम कई बार बाहर होने की कगार पर पहुंची, लेकिन हर बार जिंदा बच निकली। अंतिम-32 में केप वर्डे ने उन्हें एक्स्ट्रा टाइम तक खींचा, तो अंतिम-16 में मिस्र के खिलाफ 0-2 से पिछड़ने के बाद टीम ने 3-2 की रोमांचक वापसी की। इसके बाद स्विट्जरलैंड और फिर सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी पलों में लौतारो मार्टिनेज के गोल ने उन्हें खिताबी मुकाबले में पहुंचाया। अर्जेंटीना ने इस टूर्नामेंट में कुल 19 गोल दागे हैं, जिनमें से 12 गोल मैच के 75वें मिनट के बाद आए हैं। अर्जेंटीना का पासिंग एक्यूरेसी रेट 90.5% है, जो स्पेन (89.8%) से भी बेहतर है।

### मेसी के उत्तराधिकारी कहे जाते हैं यमाल... उन्हीं की एकेडमी, वही प्लेइंग स्टाइल और जर्सी नंबर

**यमाल को मेसी का उत्तराधिकारी कहा जाता है। इसकी कई वजहें हैं:**

- मेसी की तरह ही यमाल भी एफसी बार्सिलोना की मशहूर यूथ अकादमी 'ला मासिया' की खोज हैं। दोनों ने इसी क्लब से अपने पेशेवर करियर की शुरुआत की।
- दोनों खिलाड़ियों के खेलने का तरीका हैरान कर देने की हद तक मिलता-जुलता है। दोनों मुख्य रूप से बाएं पैर से खेलते हैं, राइट विंग पर खेलना पसंद करते हैं, और अंदर की तरफ कट करके गोल करने या पास देने में माहिर हैं। यमाल की शानदार ड्रिब्लिंग, विजन और बॉल कंट्रोल लोगों को युवा मेसी की याद दिलाते हैं।
- दोनों ने एफसी बार्सिलोना और अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए शुरुआती दौर में 19 नंबर की जर्सी पहनी। बाद में दोनों ने 10 नंबर की जर्सी पहननी शुरू कर दी।

### रिकॉर्ड कॉर्नर

**2010** के बाद पहला देश बन सकता है स्पेन, जो यूरोपीय चैम्पियन बनने के बाद वर्ल्ड कप जीते। तब भी स्पेन ने ऐसा किया था।

**04** मेजर खिताब (महाद्वीपीय और वर्ल्ड कप) लगातार जीतने वाला पहला देश बन सकता है अर्जेंटीना। वर्ल्ड कप खिताब बचाने वाला तीसरा देश बनने का भी मौका है।

**13** मैचों से लगातार 2+ गोल दाग रहा अर्जेंटीना। यह सबसे लंबी कड़ी। इससे पहले साल 1930 से 1954 के बीच उरुग्वे लगातार 11 बार ऐसा करने में कामयाब हुआ था।

### मेसी मैजिक

### 64% समय मैदान पर बिना दौड़े भी खतरनाक

अर्जेंटीना का प्रदर्शन काफी हद तक 'मेसी शो' रहा है। 39 साल की उम्र में मेसी ने अपनी ऊर्जा बचाने का एक अनोखा तरीका खोज लिया है। पूरे टूर्नामेंट में सभी आउटफील्ड खिलाड़ियों के बीच, मेसी ने अपना सर्वाधिक 64% समय मैदान पर केवल चलते (वॉक करते) हुए बिताया है। लेकिन यही उनकी सबसे बड़ी चाल है; वे चुपचाप खतरनाक जगहों पर पहुंच जाते हैं और विरोधी टीम को चकमा दे देते हैं। मेसी 8 गोल और 4 असिस्ट के साथ अपनी टीम के 19 में से 12 गोलों में सीधे तौर पर शामिल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में मेसी ने 10 टेक-ऑन (खिलाड़ियों को ड्रिबल करके पीछे छोड़ना) पूरे किए, जो टूर्नामेंट के 101 मैचों में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है।

### नतीजे के फैक्टर

### अर्जेंटीना का मिडफील्ड गेम, स्पेन का हाई प्रेस

यह मुकाबला स्पेन के आक्रामक हाई-प्रेस और अर्जेंटीना के मिडफील्ड कंट्रोल के बीच होगा। स्पेन फाइनल थर्ड में अर्जेंटीना से दोगुना (प्रति मैच लगभग 5.8 बार) गेंद छीनता है। अर्जेंटीना को स्पेन के इस दम घोंटने वाले दबाव से बचना होगा। यमाल स्पेन के राइट विंग पर खतरनाक साबित हो रहे हैं, जिनसे निपटना अर्जेंटीना के लेफ्ट-बैक निकोलस टैगलियाफिको के लिए सबसे बड़ी चुनौती होगी। हालांकि, स्पेन की टीम गेंद छीनने के बाद काउंटर-अटैक में ज्यादा तेजी नहीं दिखाती। यह आंकड़ा 1.9 डायरेक्ट अटैक प्रति 90 मिनट है, जो अर्जेंटीना के लिए थोड़ी राहत की बात हो सकती है।

देर रात 2:30 बजे से फ्रांस-इंग्लैंड भिड़ेंगे

# तीसरे स्थान के मैच में आज दांव पर रहेगा गोल्डन बूट

भास्कर न्यूज़ | मियामी

रविवार को होने वाले बड़े फाइनल से पहले शनिवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में 'ब्रॉन्ज मेडल' यानी तीसरे स्थान के लिए फ्रांस और इंग्लैंड के बीच एक दिलचस्प जंग देखने को मिलेगी। मैच का सीधा प्रसारण भारतीय समयानुसार देर रात 2:30 बजे से जी नेटवर्क पर होगा। दोनों ही टीमें सेमीफाइनल मुकाबले में हारकर आ रही हैं और फाइनल की रेस से बाहर होने का दर्द दोनों खेमों में है, लेकिन इस मैच में कई बड़े रिकॉर्ड और व्यक्तिगत सम्मान दांव पर लगे हैं। यह मैच फ्रांस के दिग्गज कोच डिडिएर डेसचैम्प्स के लिए विदाई मैच भी होगा, जो 14 साल तक टीम को संभालने के बाद अपना पद छोड़ रहे हैं। वहीं इंग्लैंड के कोच थॉमस टुशेल इस मैच को जीतकर अपनी खोई हुई लय वापस पाना चाहेंगे। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 34 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें 11 इंग्लैंड जीता, जबकि 6 मैच फ्रांस के नाम रहे। 17 मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं।



### मेसी के साथ 8 गोल पर टाई चल रहे हैं एम्बापे

इस मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण गोल्डन बूट की रेस है। फ्रांस के स्टार फॉरवर्ड और कप्तान किलियन एम्बापे 8 गोल के साथ मेसी की बराबरी पर हैं। मेसी 4 असिस्ट के साथ फिलहाल टाई-ब्रेकर में आगे हैं, जबकि एम्बापे के पास 3 असिस्ट हैं। ऐसे में एम्बापे इस मैच में गोल दागकर बढ़त बनाना चाहेंगे। इंग्लैंड के हैरी केन और जूड बेलिंघम भी 6-6 गोल के साथ इस रेस में ज्यादा पीछे नहीं हैं। इसके अलावा एम्बापे के वर्ल्ड कप इतिहास में अब तक कुल 20 गोल हो चुके हैं और वह मेसी (21 गोल) के सर्वकालिक रिकॉर्ड से एक गोल पीछे हैं।

### इंग्लैंड लगातार दूसरा सेमीफाइनल बढ़त के बाद भी हारा; सबसे घातक फ्रांस भी फाइनल में नहीं



इस पूरे टूर्नामेंट में फ्रांस का आक्रमण सबसे घातक रहा है। फ्रांस ने इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 50 शॉट्स ऑन टारगेट (लक्ष्य पर शॉट) लगाए हैं। हालांकि, स्पेन के खिलाफ सेमीफाइनल में टीम को 0-2 से करारी हार झेलनी पड़ी थी। दूसरी तरफ, इंग्लैंड वर्ल्ड कप इतिहास में इकलौती ऐसी टीम बन गई है जो दो अलग-अलग सेमीफाइनल मैचों में पहला गोल करने के बाद भी हार गई और फाइनल में जगह नहीं बना सकी। इससे पहले 2018 में क्रोएशिया के खिलाफ और अब 2026 में अर्जेंटीना के खिलाफ इंग्लैंड ने पहले बढ़त बनाई, लेकिन अंत में मुकाबला गंवा दिया। अर्जेंटीना के खिलाफ इंग्लैंड 85वें मिनट तक एंथनी गॉर्डन के गोल की बदौलत 1-0 से आगे था, लेकिन आखिरी पलों में मैच गंवा दिया।

**बैडमिंटन** • अंतिम-8 में सिंधु की प्रतिद्वंदी ने नाम वापस लिया

# जापान ओपन के अंतिम-4 में पहुंचीं सिंधु, अब सामने ओलिंपिक चैम्पियन

### इस साल तीसरा वर्ल्ड टूर सेमीफाइनल खेलेंगी सिंधु

भास्कर न्यूज़ | टोक्यो

भारत की स्टार शटलर और वर्तमान में दुनिया की नंबर 10 खिलाड़ी पीवी सिंधु जापान ओपन 2026 के महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। क्वार्टर फाइनल मैच में उनकी प्रतिद्वंद्वी, जापान की पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन नोजोमी ओकुहारा (वर्ल्ड नंबर 11) ने नाम वापस ले लिया, जिससे सिंधु को सीधे वॉकओवर मिल गया। दिलचस्प बात यह है कि ओकुहारा भी प्री-क्वार्टर से टॉप सीड एन से-यंग के हटने के बाद बिना खेले यहां पहुंची थीं।

अब सेमीफाइनल में दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट सिंधु का सामना दुनिया की नंबर 4 और टोक्यो 2020 की गोल्ड मेडलिस्ट चीन की चेन युफेई से होगा। आंकड़ों के लिहाज से यह मुकाबला सिंधु के लिए एक बड़ी चुनौती होने वाला है।

दोनों के बीच अब तक 14 मुकाबले हुए हैं, जिसमें चेन युफेई 8-6 की बढ़त के साथ आगे हैं। सिंधु चीनी शटलर युफेई के खिलाफ पिछले 4 मैचों से लगातार हार रही हैं। सिंधु ने उन्हें आखिरी बार 2019 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैम्पियनशिप में हराया था।

चीनी शटलर शानदार फॉर्म में भी है। युफेई इस सीजन अपने सभी 9 बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट्स में कम से कम सेमीफाइनल तक जरूर पहुंची हैं और जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का खिताब भी जीता था।

यह इस साल सिंधु का मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया ओपन के बाद तीसरा बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सेमीफाइनल है। उन्हें इस सीजन के पहले फाइनल और खिताब की तलाश है। उनका आखिरी वर्ल्ड टूर खिताब 2024 का सैयद मोदी इंटरनेशनल था। इसी टूर्नामेंट में सिंधु वर्ल्ड नंबर 5 हान यूई को हरा चुकी हैं।



### टूर्नामेंट में बचीं एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं सिंधु

जापान ओपन में सिंधु भारत की एकमात्र उम्मीद बची हैं। मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन और आयुष शेट्टी पहले राउंड में ही हार गए। वहीं, सात्विक-चिराग की स्टार डबल्स जोड़ी को चोट के कारण रिटायर होना पड़ा। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो का सफर भी प्री-क्वार्टर में समाप्त हो गया। अब सभी की निगाहें पीवी सिंधु पर टिकी हैं।

**अमेरिकी लीग** • लगातार दूसरा प्लेऑफ 7 रन से हारकर एलिमिनेट हुए यूनिकॉर्न्स

# स्मिथ की कप्तानी वाली वॉशिंगटन फाइनल में

भास्कर न्यूज़ | ओकलैंड

अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) के दूसरे क्वालिफायर में वॉशिंगटन फ्रीडम ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 7 रन से हराकर लगातार तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली। ग्रुप स्टेज में शीर्ष पर रहने वाली यूनिकॉर्न्स लगातार दो क्वालिफायर हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। 239 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान मैट शॉर्ट ने 56 गेंदों में 11 चौके और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 121 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई खास साथ नहीं मिला। यूनिकॉर्न्स 20 ओवर में 231/6 ही बना सकी और 7 रन से मैच हार गई। पिछला प्लेऑफ भी 7 रन से हारकर ही टीम इस नॉकआउट स्थिति में पहुंची थी।



सभी सात बैटर्स के दहाई में स्कोर से फ्रीडम 238/6

इससे पूर्व, फ्रीडम ने 238/6 का विशाल स्कोर बनाया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले एंड्रीज गॉस ने 73 रन की शानदार पारी खेली। टीम के लिए बल्लेबाजी करने उतरे सभी सात बैटर्स ने दहाई का आंकड़ा पार किया, जिसमें कप्तान स्मिथ (43) भी शामिल रहे।

## रोहित के संन्यास की खबरें अफवाह, लॉर्ड्स में अंतिम मैच नहीं: बीसीसीआई

भास्कर न्यूज़ | दुबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर चल रही सभी अटकलों को सिरे से खारिज कर दिया। बोर्ड ने स्पष्ट किया कि रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे मैच के बाद भी रोहित भारत के लिए खेलना जारी रखेंगे। दरअसल, चर्चा थी कि रविवार को लॉर्ड्स में होने वाला मुकाबला रोहित का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच हो सकता है। लेकिन, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने इन दावों को पूरी तरह से नकार दिया है। सैकिया ने कहा, 'मीडिया में रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही हैं। मैं पूरी दृढ़ता के साथ यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है कि रोहित रविवार को लॉर्ड्स में अपना आखिरी मैच खेलने वाले हैं।'

## फिक्सिंग: श्रीलंका में गिरफ्तार हुए भारत के अंडर-19 चैम्पियन मनजोत

भास्कर न्यूज़ | कोलंबो

लंका प्रीमियर लीग शुरू होने से चंद घंटे पहले श्रीलंका पुलिस ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर और 'जाफना किंग्स' टीम के सह-मालिक मनजोत कालरा को गिरफ्तार कर लिया। उन पर मैच फिक्सिंग के लिए खिलाड़ियों को रिश्वत देने का गंभीर आरोप है। जांच यूनिट के अनुसार, कालरा को कोलंबो के एक होटल से तब अरेस्ट किया गया, जब वह एक खिलाड़ी को कथित तौर पर 95 लाख रुपए देने वाले थे। जिस खिलाड़ी को रिश्वत की पेशकश की गई थी, उसने 10 दिन पहले ही पुलिस को सतर्क कर दिया था। कालरा ने दो अन्य खिलाड़ियों से भी संपर्क किया था। हालांकि, श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने साफ किया है कि टूर्नामेंट अपने तय समय पर ही खेला जाएगा। मनजोत ने 2018 में भारत के साथ अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता था और फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### फुटबॉल: 47 करोड़ में नीलाम हुई पेले की वर्ल्ड कप फाइनल की जर्सी

**स्टॉकहोम** | ब्राजील के महान फुटबॉल खिलाड़ी पेले की वर्ल्ड कप जर्सी नीलामी में करीब 47 करोड़ रुपए में बिकी है। उन्होंने यह जर्सी 1958 फीफा वर्ल्ड कप फाइनल मुकाबले में स्वीडन पर 5-2 की जीत के दौरान पहनी थी। उस खिताबी मुकाबले में 17 वर्षीय पेले ने दो गोल दागे थे। यह पेले से जुड़ी किसी भी यादगार वस्तु की अब तक की सबसे महंगी बिक्री है।

### क्रिकेट: एंडी फ्लावर ने इंग्लिश टीम का टेस्ट कोच बनने से किया इनकार

**लंदन** | दिग्गज कोच एंडी फ्लावर ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम का अगला टेस्ट हेड कोच बनने की रेस से खुद को अलग कर लिया है। ईसीबी के प्रबंध निदेशक रॉब की से बातचीत के बावजूद उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। फ्लावर फिलहाल आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और द हंड्रेड टूर्नामेंट में लंदन स्पिरिट के मुख्य कोच बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपनी मौजूदा भूमिकाओं से काफी खुश हैं।

### इंग्लैंड दौरा: सुंदर हैमस्ट्रिंग इंजरी से बाहर होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी

**लॉर्ड्स** | भारतीय ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम वनडे से बाहर हो गए हैं। दूसरे वनडे में रन लेने के दौरान उन्हें चोट लगी थी, जिससे वे फील्डिंग के लिए भी मैदान पर नहीं उतर सके। मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया लगातार फिटनेस से जूझ रही है। इससे पहले टी20 सीरीज में हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती को भी हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई थी।

**स्मृति शेष** दो दशकों तक खेले दिग्गज कैरेबियाई ने 89 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

# वेस्ट इंडीज के महान ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का निधन; 6 बॉल पर 6 छक्के वाले पहले खिलाड़ी, पेस और स्पिन दोनों गेंदबाजी करते थे

भास्कर न्यूज़ | सेंट माइकल

क्रिकेट इतिहास के महानतम ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का 89 वर्ष की उम्र में शुक्रवार को निधन हो गया। 1954 से 1974 के बीच 93 टेस्ट खेलने वाले इस कैरेबियन खिलाड़ी ने बल्ले से 8032 रन बनाए और गेंद से 235 विकेट हासिल किए। सोबर्स ने महज 16 साल की उम्र में फर्स्ट क्लास डेब्यू किया और एक साल बाद ही वेस्टइंडीज की टीम में पहुंच गए। उनके इंटरनेशनल क्रिकेट में चुने जाने की कहानी भी जबरदस्त है। साल 1954 में वह अपने दोस्तों संग क्रिकेट खेलने में मग्न थे, तभी उन्हें नेशनल टीम की चिट्ठी मिली। टीम के स्पिनर एल्फ वैलेंटाइन बीमार थे और सोबर्स को रातों-रात त्रिनिदाद बुला लिया गया। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

साल 1936 में कैरेबियन आइलैंड बारबाडोस में जन्मे सोबर्स का बचपन बेहद गरीबी में बीता था। 1952-53 में भारत के खिलाफ जब उन्हें पहली बार बारबाडोस की टीम में चुना गया, तब उनके पास सफेद क्रिकेट ड्रेस और किट तक खरीदने के पैसे नहीं थे। तब बारबाडोस क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें किट और ड्रेस उपलब्ध कराई थी। लेकिन यही लड़का आगे चलकर टेस्ट में 8 हजार रन और 200+ विकेट



1936-2026

हासिल करने वाला पहला खिलाड़ी बना। सोबर्स की प्रतिभा का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह लेफ्ट आर्म मीडियम पेस, ऑर्थोडॉक्स स्पिन और चाइनामैन तीनों तरीकों से गेंदबाजी कर लेते थे। उन्होंने 1968-69 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में लगातार 22 ओवर गेंदबाजी की थी, वह भी तब जब 8 गेंदों का एक ओवर होता था। सोबर्स प्रोफेशनल क्रिकेट में छह गेंदों पर छह छक्के लगाने वाले पहले खिलाड़ी थे, उन्होंने 1968 में काउंटी चैम्पियनशिप के दौरान नॉटिंघमशायर के लिए खेलते हुए यह कारनामा किया था। उन्होंने 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ 365 रन की पारी खेली, जो आज भी टेस्ट इतिहास में पहले शतक के रूप में खेली गई सबसे बड़ी पारी है। 1973 के लॉर्ड्स टेस्ट से पहले वे पूरी रात दोस्तों के साथ पार्टी करते रहे और एक मिनट भी बिना सोए सीधे मैदान पर उतर गए। लेकिन नाबाद 150 रन ठोककर उन्होंने सबको हैरान कर दिया। बाद में उन्होंने खुद माना कि वह उनके करियर की सबसे अजीब पारियों में से एक थी।

हालांकि, क्रिकेट के इस जीनियस को गोल्फ और घुड़दौड़ का शौक भी था। वे खुद को बेझिझक 'उत्साही जुआरी' कहते थे। जुए की यही लत उन पर भारी पड़ी और उनकी जेब खाली हो गई। आर्थिक हालात इतने बिगड़ गए कि बारबाडोस में उनके सम्मान में जुटाई गई एक लाख पाउंड की बड़ी राशि उन्हें सीधे देने के बजाय एक ट्रस्ट में रखनी पड़ी, ताकि पूरी रकम खर्च न हो जाए। मैदान पर दुनिया के हर गेंदबाज की बखिया उधेड़ने वाला यह महान खिलाड़ी जुए की लत के सामने अपनी दौलत हार गया।

**वनडे** • छह विकेट की जीत से कीवी सीरीज में 2-1 से आगे

# 19 रन में 6 विकेट खोकर हारा विंडीज

भास्कर न्यूज़ | गयाना

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराकर पांच वनडे की सीरीज 2-1 की बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स के आगे कैरेबियाई बल्लेबाजी 140 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज का एक समय स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 121 रन था, लेकिन इसके बाद टीम ने सिर्फ 19 रन के भीतर अपने आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल हैमस्ट्रिंग के कारण रिटायर्ड हर्ट हुए थे। कीसी कार्टी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 48 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जेडेन लेनोक्स लगातार दूसरे मैच में स्टार रहे। पिछले मैच में 5 विकेट लेने वाले लेनोक्स ने इस बार अपने 10 ओवर के स्पेल में 52 रन देकर 4 विकेट झटके।



जवाब में 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत भी डगमगाई। वेस्टइंडीज के 19 वर्षीय युवा गेंदबाज विटेल लॉविस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 39 रन देकर 3 विकेट लिए और कीवी टीम का स्कोर 77 रन पर 3 विकेट कर दिया। हालांकि, टॉम लैथम (नाबाद 31) और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट के बीच पांचवें विकेट के लिए हुई 52 रनों की अटूट साझेदारी ने न्यूजीलैंड को जीत की मंजिल तक पहुंचा दिया। अब वेस्टइंडीज को सीरीज जीतने के लिए बारबाडोस में होने वाले बाकी दोनों मैच जीतने होंगे।



# चीन में मौसम का डबल अटैकः कहीं बाढ़ तो कहीं चल रही हीटवेव; बीच पर उमड़ रहे लोग

**बीजिंग** | चीन के कई हिस्सों में जहां भयंकर बारिश और बाढ़ है, वहीं झिंजियांग, शंघाई, चोंगकिंग और राजधानी बीजिंग भीषण 'हीट वेव'(लू) की चपेट में हैं। तापमान 40 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अत्यधिक निर्माण, वनों की कटाई और जलवायु परिवर्तन के कारण चीन बाकी दुनिया की तुलना में ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है।

**बचने के अनोखे उपाय...**

- लोग भारी संख्या में बीच पर उमड़ रहे हैं। चोंगकिंग प्रशासन ने मजदूरों की सुरक्षा के लिए बाहरी निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है।
- लोगों को गर्मी से बचाने के लिए यहां 44 अंडरग्राउंड एयर डिफेंस फैसिलिटी (बंकरों) को 'कूलिंग शेल्टर' में तब्दील कर दिया गया है।
- राजधानी बीजिंग में सबवे ट्रेनों में 'डुअल-टेम्परेचर सिस्टम' शुरू किया गया है, जिससे यात्री अपनी पसंद के अनुसार ज्यादा या कम ठंडे डिब्बे का चुनाव कर सकते हैं।

**बिजली की रिकॉर्ड खपतः** एसी के इस्तेमाल के चलते चीन में बिजली की खपत 4.09 बिलियन किलो वाट के ऐतिहासिक रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। चीन के मौसम विभाग ने कई शहरों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। इससे पहले 2023 में झिंजियांग में पारा 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था।

**खाड़ी में तनाव** • ईरान पर छठी रात एयरस्ट्राइक, 38 की मौत, 400 घायल

# अमेरिकी हमले में ढहा चाबहार पोर्ट का टावर; ईरान का कतर-कुवैत पर निशाना

भास्कर न्यूज | तेहरान/वॉशिंगटन/दुबई

अमेरिका ने ईरान पर अपने हवाई हमले और तेज कर दिए हैं। लगातार छठी रात जारी अमेरिकी हमलों में शुक्रवार को ईरान के होर्मोजगान प्रांत के पुलों, बिजली ढांचे और चाबहार बंदरगाह का एक सर्विलांस टावर तबाह कर दिया गया। वहीं, ईरान ने जवाबी कार्रवाई में कतर, कुवैत, बहरीन और इराक के कुछ इलाकों पर मिसाइल हमले किए। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अमेरिकी हमलों में शुक्रवार सुबह तक 38 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 400 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

- ईरान के ऊर्जा मंत्रालय ने पहली बार माना कि अमेरिकी हमलों में बिजली ढांचे को नुकसान पहुंचा है। सरकार ने दक्षिणी प्रांतों के लोगों से बिजली बचाने की अपील की है।
- इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका जंग में बड़ी बढ़त हासिल कर रहा है। इसके नतीजे जल्द दिखेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज पर ईरान की पकड़ कमजोर करने के लिए अमेरिका उसके बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है।

## अब नागरिक ठिकाने भी आए निशाने पर



**चाबहार में भारत का निवेशः** अमेरिकी हमले में ओमान की खाड़ी स्थित चाबहार पोर्ट का टावर ढह गया। ईरानी मीडिया के अनुसार यह व्यावसायिक यातायात की निगरानी करता था। बता दें कि चाबहार को भारत के सहयोग से रणनीतिक बढ़त के लिए विकसित किया गया है।



**बंदरगाह का संपर्क तोड़ने की रणनीतिः** अमेरिका ने ईरान के सबसे बड़े बंदरगाह बंदर अब्बास को मध्य ईरान और तेहरान से जोड़ने वाले प्रमुख सड़क और रेल मार्गों को निशाना बनाया। इसके लिए होर्मोजगान प्रांत के बंदर खमीर क्षेत्र के पुलों पर हमले किए गए।

### ईरान का मध्यस्थ देशों, जल संयंत्रों पर निशाना

ईरान ने जवाबी हमलों में युद्धविराम की कोशिशों में जुटे प्रमुख मध्यस्थ देश कतर को निशाना बनाया।

- ईरान ने कुवैत के बिजली और समुद्री जल को पीने योग्य बनाने वाले संयंत्र पर हमला किया। कुवैत के लगभग 90% पीने के पानी की आपूर्ति इसी व्यवस्था पर निर्भर है।
- उत्तरी इराक के कुर्द क्षेत्र में भी हमले हुए। ईरानी कुर्द विद्रोही संगठन कोमाला को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम नौ की मौत हुई।
- होर्मुज से गुजर रहे एक टैंकर पर हमला हुआ। इसमें जहाज को मामूली नुकसान पहुंचा।

### भास्कर इनसाइट — जंग का दायरा बढ़ा, अब असर पूरी खाड़ी पर

विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका ईरान के बुनियादी ढांचे पर हमले कर रहा है। जवाब में ईरान अमेरिकी सहयोगी देशों को निशाना बनाकर संघर्ष का दायरा बढ़ा रहा है। यदि यह सिलसिला जारी रहा, तो खाड़ी क्षेत्र में तेल आपूर्ति, समुद्री व्यापार और वैश्विक ऊर्जा बाजार पर बड़ा असर पड़ सकता है, साथ ही युद्ध में और देशों के सीधे शामिल होने का खतरा भी बढ़ेगा। हॉर्मुज में तनाव से तेल आपूर्ति और शिपिंग लागत पर दबाव बढ़ने लगा है।

**साइबर आतंकवाद** • 'इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत' के निशाने पर भारतीय युवा भी

# अब 100% वर्चुअल आतंक; न ट्रेनिंग कैंप, न खुफिया मीटिंग, एआई एंकर के जरिए चला रहे ग्लोबल नेटवर्क

भास्कर न्यूज | मॉस्को

सुरक्षा एजेंसियों की हालिया जांच रिपोर्टों में साइबर आतंकवाद का खौफनाक चेहरा सामने आया है। आतंकी संगठन आईएसकेपी (इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत) भारतीय युवाओं, विशेषकर केरल को निशाना बनाने के लिए मलयालम जैसी स्थानीय भाषा में अपनी प्रोपेगैंडा मैगजीन और डिजिटल सामग्री का इस्तेमाल कर रहा है।

मॉस्को में 2024 में आतंकी हमले 150 लोगों की मौत हुई थी। अब इसे लेकर जांच में खुलासा हुआ है कि इसके लिए आतंकियों की मुलाकात तक नहीं हुई थी। सुरक्षा विश्लेषणों में यह साफ हुआ है कि आतंकवाद अब 100% वर्चुअल हो चुका है, जहां न कोई ट्रेनिंग कैंप है न कोई सीक्रेट मीटिंग, बल्कि सिर्फ कोडिंग और स्क्रीन के पीछे छिपे आकाओं की एन्क्रिप्टेड चैट से हमले किए जा रहे हैं। 'मोनेरो' जैसी अनट्रेसेबल क्रिप्टो करेंसी से आतंकियों का ग्लोबल नेटवर्क चलाए जाने की बात सामने आई है। खुलासा हुआ है कि आतंकियों ने एआई न्यूज एंकर बना लिए हैं, जो हमला करते ही स्थानीय भाषा में बुलेटिन जारी करते हैं।

### गुजरातः वीडियो से 5 युवाओं का ब्रेन वॉश; 8 बार धमाके का ट्रायल

**अहमदाबाद** | गुजरात एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद मॉड्यूल के खुलासे के बाद दावा किया है कि गिरफ्तार पांच युवा जिहादी सामग्री और वीडियो से प्रभावित होकर आतंकी गतिविधियों की तैयारी कर रहे थे। आरोपी आईईडी बनाने की तकनीक सीख रहे थे। आरोपियों ने 2023 से फरवरी 2026 के बीच आठ बार विस्फोटक का ट्रायल किए।

**ब्रिटेन** • कहा-दक्षिणपंथ का मुकाबला करूंगा

# बर्नहैम लेबर पार्टी के नए नेता, 20 को लेंगे पीएम पद की शपथ

भास्कर न्यूज | लंदन



ब्रिटेन की सत्तारूढ़ लेबर पार्टी ने शुक्रवार को ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर एंडी बर्नहैम को पार्टी का नया नेता चुने जाने की घोषणा की। बर्नहैम को पार्टी के 379 सांसदों का समर्थन मिला। बर्नहैम प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के बाद देश के 59वें प्रधानमंत्री बनेंगे। स्टारमर ने पिछले महीने पद छोड़ने का फैसला किया था और 20 जुलाई को पद छोड़ेंगे। उसी दिन बर्नहैम को किंग चार्ल्स प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाएंगे।

बर्नहैम ने भाषण में लेबर पार्टी में एकता, राजनीति की भाषा बदलने, पूरे ब्रिटेन के सभी क्षेत्रों का समान प्रतिनिधित्व वादा किया। उन्होंने कहा कि वे दक्षिणपंथी दलों और उनकी विभाजनकारी राजनीति का वैचारिक व राजनीतिक मुकाबला करेंगे।

## माइंड गेम # 511

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | | | 9 | | 8 |
| | 8 | | | 3 | | | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| | | 1 | 3 | | | | 5 | |
| 5 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | | | 3 |
| | | 4 | | | | | | 9 |
| 9 | 1 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 5 | | | | | | |
| 6 | | | | 2 | | | | 4 |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है। हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 510 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 5 | 7 | 3 | 4 | 2 |
| 5 | 4 | 7 | 9 | 3 | 2 | 1 | 8 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 3 | 8 | 9 | 4 | 7 | 5 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 2 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 3 | 8 |
| 6 | 9 | 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 |

## न्यूज विंडो

### मुंबईः अमेरिकी राजनयिक यूरी फेडकिव ने काउंसल जनरल का पदभार संभाला



**मुंबई** | अमेरिकी राजनयिक यूरी आर. फेडकिव ने मुंबई में अमेरिका के नए काउंसल जनरल (महावाणिज्य दूत) का पद संभाल लिया है। इससे पहले वे स्विट्जरलैंड के बर्न में राजनीतिक-आर्थिक मामलों के काउंसलर और डिप्टी चीफ ऑफ मिशन रह चुके हैं। वे चीन, यूक्रेन, पोलैंड, इराक, स्लोवेनिया, पाकिस्तान व जापान में सेवाएं दे चुके हैं।

### जम्मू-कश्मीरः बंदूक छीनने की कोशिश में युवक की मौत; तीन जवान घायल

**श्रीनगर** | जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के भद्रवाह में गुरुवार देर रात फायरिंग की घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के 3 जवान घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर घात लगाए बैठे एसओजी दल ने एक युवक आरिफ हुसैन को रोका। तभी उसने एक जवान की सर्विस राइफल छीनने की कोशिश की।

### अमेरिकाः एफबीआई ने गैंगस्टर नितीश कौशल को वर्मोंट से गिरफ्तार किया



**वॉशिंगटन** | अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने भारत के गैंगस्टर नितीश कौशल को वर्मोंट से गिरफ्तार किया है। एफबीआई ने कुछ दिन पहले ही उसे मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया था। नितीश पर हत्या, अपहरण, मादक पदार्थों, हथियारों की तस्करी, मनी लॉन्ड्रिंग और मानव तस्करी जैसे मामलों में शामिल होने के आरोप हैं।

### बिना फाटक वाले क्रॉसिंग पर वैन की ट्रेन से टक्कर, 2 छात्रों समेत 5 की मौत

**कोलकाता** | पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार सुबह बिना फाटक वाले रेलवे क्रॉसिंग पर पैसेंजर ट्रेन से स्कूल वैन की टक्कर हो गई। इसमें दो छात्रों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसा अजीमगंज-कटवा रेलखंड पर हुआ। हादसे में एक साइकिल सवार भी ट्रेन की चपेट में आया। हादसे के बाद गेटमैन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

विदेश मंत्रालय की सफाई

### बुलेट ट्रेन पर पूर्व जापानी मंत्री के आरोप खारिज

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारत ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में देरी पर जापान के पूर्व मंत्री हिदेकी माकिहारा के आरोपों को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'यह एक व्यक्ति की निजी राय है, जो तथ्यों से काफी अलग है।'

जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता और पूर्व न्याय मंत्री माकिहारा ने प्रोजेक्ट में देरी के लिए भारतीय पक्ष को 100% जिम्मेदार बताया है। उनका आरोप है कि भारतीय पक्ष बैठकों में किए गए वादे पूरे नहीं करता।

**थाली भेंट घोटाला** • साक्ष्य जुटा रही एसआईटी की कार्रवाई

# बद्रीनाथः सीसीटीवी में नकदी, आभूषण जेब में रखते दिखे अधिकारी, गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | चमोली

बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे में वित्तीय अनियमितता के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए बीकेटीसी के स्थायी कर्मचारी एवं तत्कालीन मंदिर अधिकारी और थाली भेंट गणना प्रभारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया है। वे 30 जून को रिटायर हुए थे।

एसआईटी इलेक्ट्रॉनिक, दस्तावेजी और मौखिक साक्ष्य जुटा रही है। सीसीटीवी जांच में चौहान कई बार 500 रु. के नोटों की गड्डियां, दान सामग्री और आभूषण अपनी जेब में रखते हुए दिखाई दिए थे। ये दूसरी गिरफ्तारी है।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी सुप्रीम कोर्ट में देगी रिपोर्ट

**लखनऊ** | अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही एसआईटी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अंतरिम रिपोर्ट सौंप सकती है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी जांच पूरी करने के लिए यूपी सरकार से और समय मांग सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में जांच की स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन 13 जून को किया गया था। इसकी शुरुआती 9 पेज की रिपोर्ट के बाद एफआईआर दर्ज हुई, आठ की गिरफ्तारी हुई।

देहरादून में 'छात्रों की गूंज'

### पेपर लीक में पूरा शिक्षा तंत्र शामिलः राहुल गांधी

भास्कर न्यूज | देहरादून



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पेपर लीक के लिए ऊपर से नीचे तक पूरा शिक्षा तंत्र जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि अब तक 7.5 करोड़ छात्र इससे प्रभावित हो चुके हैं, लेकिन दोषियों को सजा नहीं मिली। 'छात्रों की गूंज' रैली में राहुल ने कहा कि शिक्षा संस्थानों और एनटीए जैसे निकायों पर किसी राजनीतिक संगठन का नियंत्रण नहीं होना चाहिए।

**भास्कर खास** बाल कथाओं में धनी लोगों को खलनायक दिखाने के बढ़ते चलन पर सवाल उठ रहे

# बाल साहित्य में रईसों को चतुर, लालची और भ्रष्ट दिखाने का ट्रेंड; विशेषज्ञों ने चेताया, इससे बच्चों में धन से नफरत बढ़ने का खतरा

भास्कर न्यूज | लंदन

अब बच्चों की किताबों की काल्पनिक दुनिया बदल रही है। आज की बाल कहानियों में अमीर किरदारों को खलनायक के रूप दिखाने का ट्रेंड बढ़ा है। बाल साहित्य में रईस किरदारों को बेहद चालाक, लालची और नैतिक रूप से भ्रष्ट के रूप में पेश किया जा रहा है। परोपकारी और बड़े दिल वाले अमीरों की कहानियां किताबों से गायब हो चुकी हैं।

लेखकों और बाल मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, आजकल बाल कथाओं में अमीर पात्र लालची बिल्डर, बेईमान कारोबारी या स्वार्थी उद्योगपति के रूप में दिखाए जाते हैं। उदाहरण के तौर पर लूसी स्ट्रेंज के नए उपन्यास 'मर्डर ऑन मिडसमर नाइट' में धनी कारोबारी की हत्या पर किसी पात्र को अफसोस नहीं होता। वहीं नताशा फैरेंट की 'द रेस्क्यू ऑफ रावेनवुड' में अमीर प्रॉपर्टी डेवलपर को पर्यावरण नष्ट करने वाला खलनायक बताया गया है। कैथरीन रनडेल की 'द गुड थीव्स' में एक बड़े उद्योगपति को धोखेबाज के रूप में दिखाया गया है। इसके उलट, 20वीं सदी के साहित्य में रईस पात्र हमेशा बुरे नहीं होते थे।

चार्ल्स डिकेंस के 'ओलिवर ट्विस्ट' के मिस्टर ब्राउनलो दयालु, उदार और अनाथ बच्चे की मदद करने वाले व्यक्ति थे। एनिड ब्लाइटन, आर्थर रैनसम और एलिजाबेथ गाउज की कथाओं में भी रईसों को नायक रूप में दिखाया गया। सवाल है कि क्या बाल कहानियां समाज की बदलती सोच दिखा रही हैं या फिर नया पूर्वाग्रह गढ़ रही हैं? कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी की बाल शिक्षा विशेषज्ञ प्रो. मारिया निकोलाजेवा कहती हैं कि कहानियां बच्चों की नैतिक सोच को आकार देती हैं, इसलिए किसी एक वर्ग को लगातार नायक या खलनायक दिखाना उनकी सोच पर असर डाल सकता है। यूनेस्को और यूनिसेफ का कहना है कि बाल साहित्य में अलग-अलग सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के पात्रों का संतुलन होना चाहिए। अगर किसी एक वर्ग को लगातार खलनायक दिखाया जाए, तो बच्चों में गलत धारणाएं बन सकती हैं।

### आर्थिक असमानता का असर बाल कथाओं पर भी



बाल साहित्य विशेषज्ञ प्रो. मारिया निकोलाजेवा कहती हैं कि बाल कथाएं हमेशा अपने समय के सामाजिक मूल्यों का प्रतिबिंब रही हैं। आज आर्थिक असमानता, जलवायु संकट और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दे चर्चा के केंद्र में हैं, इसलिए इनका असर बाल कथाओं पर भी दिखाई दे रहा है। वहीं, बाल साहित्य विशेषज्ञ रोवेना पेन्सन कहती हैं, 'हम अनजाने में बच्चों को यह सिखा रहे हैं कि पैसा कमाना या अमीर होना एक नैतिक बुराई है। इससे बच्चों के अवचेतन मन में सफलता और धन-समृद्धि को लेकर नफरत या हीन भावना पैदा हो सकती है।'

## क्रॉसवर्ड # 1301



**बायें से दायें**

1. पांडु पुत्र (3)। 4. यमराज की बहन, सूर्यसुता (3)। 8. चुगताई का 'उ' हटे तो चंगेज खां के दूसरे पुत्र (4)। 10. देविय जागरण (4)। 12. "सिमर-रिखब" से रब हटे तो देशज बोली में चिड़िया (4) 13. चित्त, जी, दिल (2)। 14. सूत, डोरा (2)। 15. आप 112 नम्बर से क्या बुला सकते हैं (4)। 17. वीरांगना "----" मारवाड़ (राज.) की दूसरी मीराबाई (4)। 20. क्रंदन, शोक, रोना (3)। 22. जयशंकर प्रसाद का उपन्यास, म्यांमार (बर्मा) की नदी (4)। 24. बचपन, लड़कपन उर्दू में (4)। 26. गुस्से से बेकाबू होना (4)। 29. साजिंदा, वाद्यकार (3)। 30. सिख महिला (5)। 31. वक्ररेखा का विलोम (3,2)। 32. दरदरा आटा (2)।

**ऊपर से नीचे**

1. 'फाइव स्टार' हिंदी में (2,3)। 2. डांवाडोल होना/लड़खड़ाना (5)। 3. वात और अरि का योग, रेंड-शतमूली (3)। 5. दोषी, मुलजिम (4)। 6. सर्प (2)। 7. औलाद, बाल-बच्चे (3)। 9. गन्ना (2)। 11. अयोध्या मंदिर में विराजे श्रीराम (2,2)। 16. कवयित्री का विलोम (2)। 18. साइकिल (5)। 19. ईरान के लोग (3)। 21. मां की नानी (4)। 23. बटेर चकोर जैसा पक्षी (3)। 24. बकवास में है राजस्थान का जिप्सम समृद्ध गाँव (3)। 25. मां अंग्रेजी में (3)। 27. पिछले प्रश्न के उत्तर के बीच आ की मात्रा लगाओ तो आक (3)। 28. करक चतुर्थी का पात्र (3)। 30. मित्र, दोस्त (2)।

**क्रॉसवर्ड 1300**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ते | 2 र | 3 ह | ता | 4 ली | ■ | 5 अ | 6 म | 7 न |
| 8 ह | जा | र | ■ | 9 ल | ह | सु | नि | या |
| 10 रा | ई | का | 11 बा | ग | ■ | 12 री | त | ■ |
| न | ■ | 13 रा | ज | र | 14 थ | ■ | ■ | 15 इं |
| ■ | 16 मे | ■ | ब | ■ | 17 म | 18 स | क | त |
| 19 ब | ह | 20 र | हा | 21 ल | ■ | च | ■ | का |
| गा | ■ | 22 वि | दु | र | ■ | 23 मु | 24 नी | म |
| 25 व | 26 सा | ■ | 27 र | ज | 28 ता | च | ल | ■ |
| 29 त | ज | ना | ■ | 30 ना | गा | ■ | 31 म | द |

# पृथ्वी जैसे ग्रह पर वायुमंडल, पानी भी संभाव

भास्कर न्यूज | न्यूयॉर्क

वैज्ञानिकों ने हमारे सौर मंडल से 49 प्रकाश वर्ष दूर स्थित एलएचएस 1140बी नाम के चट्टानी ग्रह के चारों ओर पहली बार वायुमंडल होने की पुष्टि की है। शोधकर्ताओं ने चिली के मैगेलन क्ले टेलीस्कोप से ग्रह का अध्ययन किया और पाया कि उसके ऊपरी वायुमंडल से हीलियम गैस अंतरिक्ष में निकल रही है। इससे यह साबित हुआ कि ग्रह के चारों ओर वास्तव में वायुमंडल मौजूद है। रिपोर्ट के मुताबिक इस ग्रह पर तापमान तरल पानी के लिए अनुकूल हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी जैसा आकार, चट्टानी सतह, रहने योग्य तापमान और वायुमंडल—ये चारों गुण एक साथ मिलने वाले ग्रह अभी बेहद दुर्लभ हैं। यह अपेक्षाकृत शांत लाल बौने तारे की परिक्रमा करता है, जिससे इसका वायुमंडल लंबे समय तक सुरक्षित रह सकता है।

**क्यों खास है यह खोज?**

- पहली बार रहने योग्य क्षेत्र में स्थित चट्टानी ग्रह पर वायुमंडल की पुष्टि हुई।
- ग्रह पर तरल पानी मौजूद होने की संभावना मजबूत हुई।
- पृथ्वी के बाहर जीवन की खोज के लिए सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदवारों में शामिल हो गया।
- भविष्य में जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से इसके वायुमंडल में पानी, मीथेन व अन्य जीवन-सूचक गैसों की खोज की जाएगी।

# महाराष्ट्रः भगवान विठ्ठल को आधा किलो सोने की पादुका भेंट, कीमत करीब 57 लाख



**पंढरपुर** | महाराष्ट्र के पंढरपुर में एक श्रद्धालु ने भगवान विठ्ठल की मूर्ति के लिए 446 ग्राम वजनी सोने की पादुकाएं दान की हैं। दानदाता ने अपनी पहचान गोपनीय रखने का अनुरोध किया है। इन स्वर्ण पादुकाओं की अनुमानित कीमत 56 लाख 59 हजार रुपए है।




# ब्रेन इम्प्लांट के बाद लकवाग्रस्त व्यक्ति के हाथ काम करने लगे

**वॉशिंगटन** | रीढ़ की हड्डी में चोट के बाद लकवाग्रस्त हो चुके 48 वर्षीय कीथ थॉमस ने वह कर दिखाया, जो पहले असंभव माना जाता था। नई ब्रेन इम्प्लांट तकनीक की मदद से उन्होंने अपने हाथों से खाना खाया, कप उठाकर पानी पिया और स्पर्श का एहसास भी महसूस किया। शोधकर्ताओं ने इसे दुनिया की पहली 'डबल न्यूरल बायपास' तकनीक बताया है। इसमें मस्तिष्क में लगाए गए सूक्ष्म इलेक्ट्रोड दिमाग से निकलने वाले संकेतों को पढ़ते हैं। मशीन लर्निंग इन संकेतों को हाथों की मांसपेशियों तक पहुंचाती है, जबकि हाथों में लगे सेंसर स्पर्श की जानकारी वापस मस्तिष्क तक भेजते हैं। यानी पहली बार हाथ केवल हिल ही नहीं रहे, बल्कि महसूस भी कर रहे हैं। यह तकनीक रीढ़ की चोट से लकवाग्रस्त दुनियाभर के लाखों मरीजों के लिए नई उम्मीद बन सकती है।



# मौसम का गलत अनुमान बढ़ा रहा है तनाव और बेचैनीः स्टडी

**भास्कर न्यूज | सोल** गलत मौसम का पूर्वानुमान सिर्फ प्लान नहीं बिगाड़ता, यह लोगों की भावनाओं और मानसिक स्थिति पर भी सीधा असर डालता है। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि पूर्वानुमान में गलती होने पर लोग अलग-अलग तरह के तनाव से गुजरते हैं। जिन इलाकों में बारिश का अनुमान जरूरत से ज्यादा लगाया गया, वहां रहने वालों में घबराहट, बेचैनी और थकान जैसी समस्याएं ज्यादा दिखीं। वहीं, जहां बारिश का अनुमान कम लगाया गया, वहां के लोग असमंजस, शर्मिंदगी और उदासी में ज्यादा नजर आए।

**43 हजार ऑनलाइन पोस्ट का विश्लेषण किया गयाः** यह अध्ययन पोहांग यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने 2023 में 'टाइफून खानून' के दौरान किया। शोधकर्ताओं ने 613 मौसम केंद्रों के बारिश के आंकड़ों और एआई की मदद से उस समय की 43 हजार से ज्यादा ऑनलाइन पोस्ट का विश्लेषण किया।




हरियाणा राज्य में
जिला नागरिक अस्पतालों में
**वीटा मिल्क पार्लर**
आवंटन हेतु पुनः आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं

हरियाणा सरकार | Vita

ताकि अधिक से अधिक पात्र एवं योग्य अभ्यर्थियों को आवेदन करने का अवसर प्राप्त हो सके। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इन वीटा मिल्क पार्लरों हेतु आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत आवेदन वैध एवं प्रभावी माने जाएंगे तथा चयन प्रक्रिया में विचारार्थ सम्मिलित किए जाएंगे।

- पार्लर क्षेत्र लगभग 650 वर्ग फुट
- वीटा मिल्क पार्लर 24x7 संचालित रहेगा
- हाई-टेक अत्याधुनिक आउटलेट
- विविध उत्पाद वीटा दूध उत्पाद, कॉफी एवं वीटा कड़ाई मिल्क, हर-हित स्टोर FMCG उत्पाद उपलब्ध




**निर्धारित स्थान**

| क्र. सं. | जिला नागरिक अस्पताल का स्थान | संबंधित दुग्ध संघ | संपर्क व्यक्ति एवं मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1. | जिला नागरिक अस्पताल, नारनौल | दुग्ध संघ रोहतक | श्री पवन कुमार 9729355001 |
| 2. | जिला नागरिक अस्पताल, झज्जर | | |
| 3. | जिला नागरिक अस्पताल, चरखी दादरी | | |
| 4. | जिला नागरिक अस्पताल, सोनीपत | | |
| 5. | जिला नागरिक अस्पताल, रेवाड़ी | | |
| 6. | जिला नागरिक अस्पताल, गुरुग्राम | दुग्ध संघ बल्लभगढ़ | श्री विमल 9968604703 |
| 7. | जिला नागरिक अस्पताल, फरीदाबाद | | |
| 8. | जिला नागरिक अस्पताल, नूंह | | |
| 9. | जिला नागरिक अस्पताल, पंचकूला | दुग्ध संघ अम्बाला | श्री नरेश कुमार 9729875057 |
| 10. | जिला नागरिक अस्पताल, यमुनानगर | | |
| 11. | जिला नागरिक अस्पताल, करनाल | दुग्ध संघ कुरुक्षेत्र | श्री देवेंद्र त्यागी 9896887742 |
| 12. | जिला नागरिक अस्पताल, हांसी | दुग्ध संघ जींद | श्री विरेंद्र 7015211448 |

**आवेदन व शुल्क**

- आवेदन फॉर्म शुल्क ₹500/- (संबंधित सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के कार्यालय में खरीदना होगा।)
- सिक्योरिटी राशि ₹1,00,000/- संबंधित सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के पक्ष में जमा करनी होगी।

स्वयं सहायता समूह (महिला) एवं MMAPUY के तहत आने वाले आवेदकों के लिए सिक्योरिटी राशि शुल्क माफ है।

- प्रार्थी निर्धारित आवेदन-पत्र को दिनांक 1.8.2026 सायं 4:00 बजे तक संबंधित सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।
- अन्य सभी शर्तें वर्तमान वीटा मिल्क बूथ आवंटन नीति के अनुसार होंगी।

आवेदन-पत्र एवं अन्य संबंधित दस्तावेज़ QR कोड स्कैन करके डाउनलोड किए जा सकते हैं।

- सभी श्रेणियों के पात्र उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
- वीटा मिल्क बूथ आवंटन नीति के अंतर्गत विभिन्न वर्गों को दी जाने वाली रियायतें वीटा मिल्क पार्लर आवंटन में भी लागू रहेंगी।

**मुख्य विशेषताएं**

- मिल्क पार्लर की फैब्रिकेशन संबंधित दुग्ध संघ द्वारा की जाएगी।
- उच्च गुणवत्ता की कैफे कॉफी मशीन, वीटा कढ़ाई दूध उपकरण एवं अन्य आधुनिक उपकरण आवंटी द्वारा अपने खर्च पर लगाने होंगे।
- पार्लर का संचालन व प्रबंधन आवंटी द्वारा कुशलतापूर्वक किया जाएगा।




हरियाणा डेयरी विकास सहकारी प्रसंघ लिमिटेड ( HDDCF), पंचकूला




प्रकाशक भारत भूषण एवं मुद्रक पृथ्वीश दास द्वारा मालिक मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड के लिए, 105, INS बिल्डिंग,रफी मार्ग,नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित| संपादकः रजनीश सरकैक, RNI No. DELHIN/2007/22001, 0755-4730000, bhaskar@dbcorp.in

# DailyEpaper.in

One Place. Endless Reading.

INDIA'S MOST TRUSTED
DIGITAL READING PLATFORM
Newspapers . Magazines . Editorials

15K+ Happy Users in Paid Plan | 7 Million+ Readers on Websites | 100% Safe Secure & Ad-Free

# CHOOSE YOUR PERFECT PLAN

All Newspapers. All Magazines. All Editorials. One Subscription.

## 1 ALL HINDI PASS

Perfect For
Hindi Readers, State Govt Aspirants & General Readers

INCLUDES
- 24+ All Hindi Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

24+ HINDI NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹149~~ | ₹79 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ | ₹279 |
| 1 YEAR | ~~₹799~~ | ₹419 |

CLICK HERE

## 2 ALL ENGLISH PASS

Perfect For
UPSC, SSC, Bank, MBA, Professionals & English Readers

INCLUDES
- 25+ All English Newspapers
- Daily Editorial
- Full Edition -Single Edition (All Major Cities)
- Easy to Read & Download

25+ ENGLISH NEWSPAPERS

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹169~~ | ₹89 |
| 6 MONTHS | ~~₹599~~ | ₹289 |
| 1 YEAR | ~~₹899~~ | ₹429 |

CLICK HERE

## 3 PREMIUM NEWSPAPER PASS

Perfect For
UPSC, IAS, Professionals & Editorial Readers

INCLUDES
- The Hindu
- The Indian Express
- Business Line
- The News Indian Express
- Daily Editorial

3-DAY TRIAL
₹19 ~~₹49~~

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹129~~ | ₹69 |
| 6 MONTHS | ~~₹499~~ | ₹269 |
| 1 YEAR | ~~₹699~~ | ₹399 |

CLICK HERE

## ⭐ MOST POPULAR ⭐
## 4 ALL IN ONE PASS

Perfect For
UPSC, SSC, Banking, PCS, Judiciary, CUET, Researchers & Journalists

INCLUDES
- All Hindi Newspapers (24+)
- All English Newspapers (25+)
- Daily Editorial
- International Newspapers (Top Global Newspapers)
- Full Edition - Single Edition (All Major Cities)
- 2-Year Backup IN PDF (only in Yearly Plan)

3-DAY TRIAL
₹29 ~~₹69~~

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ | ₹129 |
| 6 MONTHS | ~~₹899~~ | ₹499 |
| 1 YEAR | ~~₹1299~~ | ₹749 |

CLICK HERE

## 5 MAGAZINE PASS

Perfect For
Current Affairs, Knowledge, Business & Exam Preparation

INCLUDES
- 125+ Indian Magazines
- 150+ International Magazines
- Daily Update (New Magazines)
- Easy to Read & Download
- All Categories Covered

125+ INDIAN MAGAZINES
150+ INTERNATIONAL MAGAZINES

| DURATION | PRICE | |
|---|---|---|
| 1 MONTH | ~~₹249~~ | ₹149 |
| 6 MONTHS | ~~₹1199~~ | ₹699 |
| 1 YEAR | ~~₹1799~~ | ₹999 |

CLICK HERE

SINGLE EDITIONS All Papers In One Place | DAILY UPDATES After 6 AM Everyday | EASY TO READ Mobile, Tablet & Desktop | DAILY EDITORIALS Excluded in Every Plan | SECURE & AD-FREE 100% Safe Experience | 24X7 SUPPORT Always Here To Help You

PERFECT FOR ASPIRANTS & PROFESSIONALS
UPSC/IAS · SSC · BANKING · PCS/STATE PCS · JUDICIARY · DEFENCE · RESEARCHERS · STUDENTS

LIMITED TIME OFFER!

Save More with 6 Months & 1 Year Plans!
More Duration, More Savings!

100% Safe Payments
Multiple Payment Options
UPI · Paytm · PhonePe · G Pay · VISA · RuPay

Trusted By Thousands | 7Million+ Reader on Website | Daily Updates | Unmatched Collection | One Subscription | Endless Benefits